✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



ट्रॉफी गौरव यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 82 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 18 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## ग्रामीण सड़कों की देखरेख को हर दस पंचायत पर बहाल होंगे एक अभियंता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण सड़कों की देखरेख के लिए हर 10 पंचायत पर एक कनीय अभियंता (जेई) तैनात होंगे। ग्रामीण सड़कों को और बेहतर बनाए रखने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग ने यह निर्णय लिया है। अभी हर प्रखंड में एक कनीय अभियंता तैनात हैं। पंचायत स्तर पर कनीय अभियंता तैनात करने के लिए सरकार ने और कनीय अभियंता बहाल करने का निर्णय लिया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, राज्य में एक लाख 18 हजार किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कें हैं। इन सड़कों को चलने लायक बनाए रखने के लिए नियमित तौर पर इसकी मरम्मत की जाती है। अब तक सड़कों के निर्माण के बाद पांच साल तक रखरखाव किया जाता था। नई नीति के





तहत अब ग्रामीण सड़कों के निर्माण के बाद सात साल तक देखरेख की जाएगी। विभाग ने इस नीति के आधार पर 25 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों का पुनर्निर्माण शुरू किया है। ये वैसी सड़कें हैं जो निर्माण के साथ ही पांच साल की मरम्मत अवधि को पार कर चुकी है। राज्यभर से ऐसी सड़कों का चयन किया गया है। विभाग आनेवाले वर्षों में भी पांच साल की मरम्मत अवधि से बाहर हो चुकी सड़कों का चयन कर उसका निर्माण करता रहेगा। विभाग का मानना है कि ग्रामीण सड़कों पर निरंतर नजर बनाए रखने के लिए पर्याप्त कनीय अभियंताओं का होना जरूरी है। विभाग में अभी कनीय अभियंता के 1396 पद स्वीकृत हैं। इनमें 842 ही कार्यरत हैं। यानी 554 पद रिक्त हैं। इन खाली पदों को भरने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग ने तकनीकी सेवा आयोग को अपनी अधियाचना बीते दिनों भेज दी है। विभाग ने आयोग से अनुरोध किया है कि इन खाली पदों को अविलंब भर दिया जाए ताकि ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता बेहतर बनाई रखी जा सके। स्थायी बहाली होने तक विभाग ने अस्थायी तौर पर काम कर रहे कनीय अभियंताओं को फिलहाल एक साल के लिए सेवा देने को मंजूर कर दिया है।

## तालाब में डूबने से मां व दो बेटियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** कासमा थाना क्षेत्र के ठेकही गांव में तालाब में डूबने से मां और दो बेटियों की मौत हो गई। मृतका की पहचान ठेकही गांव निवासी अखिलेश यादव की 42 वर्षीया पत्नी अनिता देवी एवं मृतका की दो बेटियों 25 वर्षीया प्रतिमा कुमारी तथा 11 वर्षीया रिंकी कुमारी के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक मां के साथ दोनों बेटियां अपने खेत पर धान की सोहनी करने गई थीं। वहां से वापस घर लौटने के दौरान तालाब किनारे पैर धोते व्यक्त छोटी बेटी रिंकी अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी और गहरे पानी में डूबने लगी जिसे बचाने के लिए मां-बेटी गई। लेकिन ये दोनों भी पानी में डूबने लगी। जब तक बचाव कार्य किया जाता तक तक काफी देर हो चुकी थी और डूबने से तीनों की मौत हो गई। समाजसेवी संजीत कुमार यादव ने बताया कि यह अत्यंत दुखद घटना है। अखिलेश यादव की केवल तीन बेटियां है, जिसमें पत्नी सहित दो बेटियों की आज मौत हो गई। बेटी प्रतिमा कुमारी की शादी कुटीडीह गांव निवासी कपिल यादव से हुई थी। वह बीते दिनों मायका आई हुई थी। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि तालाब में डूबने से मां और दो बेटियों की मौत हुई है। पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों को सौंप मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन की चपेट में आने से बैंक मैनेजर की मौत

**सीवान (नबिटा ब्यूरो)।** सीवान जंक्शन के आंदर ढाला के पास निराला नगर में रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में सहायक ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत संजय कुमार श्रीवास्तव (50) के रूप में की गई है। इस हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है।

### सड़क हादसे में अभियंता की मौत

**बेगूसराय (नबिटा ब्यूरो)।** लाखों थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा और इनियार के बीच एनएच-31 फोरलेन पर तेज रफ्तार कार ट्रक से टक्कर के बाद डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में भूमि सुधार विभाग के इंजीनियर की मौत हो गई। मृतक की पहचान विकास कुमार(36) के तौर पर हुई है। वे रोहतास जिले के गोरारी गांव के रहने वाले थे। वे पिछले पांच साल में मुंगेर में तैनात थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**बिहारशरीफ। (नबिटा ब्यूरो)।** बख्तियारपुर-राजगीर रेल खंड पर एक बुजुर्ग की ट्रेन के झटके से रविवार को मौत हो गई। मामला बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे गुमटी के पास की है। मृतक की पहचान बिहार थाना क्षेत्र के सकुनत कला निवासी स्व. भत्तु महतो के बेटे प्रकाश महतो (75) के रूप में की गई है।

### चार हजार गोलियों के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** बेगूसराय पुलिस ने रविवार को एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पिस्टल की चार हजार गोलियां बरामद हुई है। एसटीएफ आर्म्स सेल की ओर से लोहिया नगर थाना को सूचना मिली थी कि बेगूसराय ओवरब्रिज के रास्ते से कार सवार एक हथियार तस्कर भारी मात्रा में गोली लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही लोहिया नगर थाना की पुलिस, डीआईयू, चीता बल और एसटीएफ ने ओवरब्रिज पर वाहन चेकिंग शुरू किया। इसी क्रम में 20 पैकेट में 4000 राउंड गोली मिली।

### महिला ने दो बच्चों संग तालाब में कूदकर दी जान

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कुमारखंड थाना अंतर्गत रौता गांव में एक महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ तालाब में कूदकर जान दे दी। शनिवार को बच्चों के शव तालाब से बरामद किए गए थे जबकि महिला का शव रविवार सुबह मिला। इस घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया है। जानकारी के मुताबिक मृतका की पहचान रौता वार्ड 11 निवासी राकेश कुमार यादव की पत्नी आशा देवी के रूप में हुई है। उसके साथ दो साल की बेटी कृति कुमारी और एक साल का बेटा रियांशु कुमार भी तालाब में डूबकर मौत के शिकार हो गए।

## संविधान बचाने की लड़ रहे लड़ाई : राहुल गांधी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार में गहन मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा' रविवार को रोहतास जिले के डिहरी औन-सोन स्थित सुअरा हवाई अड्डा से शुरू हुई। इस दौरान यहां आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। पूरे देश में भाजपा संविधान को मिटाने पर तुली है। जहां भी चुनाव होता है, ये जीतते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि ओपिनियन पोल कह रहे थे कि महाराष्ट्र में महागठबंधन चुनाव जीतेगा। लोकसभा में महागठबंधन जीतता है लेकिन चार महीने में उसी क्षेत्र में हम हारते हैं। हर चुनाव में भाजपा ने वोट की चोरी की है। हमने पता लगवाया तो पता चला कि लोकसभा चुनाव के बाद इलेक्शन कमीशन की जादू से एक करोड़ फर्जी वोट आ गए। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग वोट चोरी नहीं करने देंगे। क्योंकि



गरीब-कमजोर लोगों के पास सिर्फ वोट का हक है। आयोग जो कर रहा है वो सबको पता है। इलेक्शन कमीशन को हम यह नहीं करने देंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार अरबपतियों के साथ सरकार चलाती है। आप का पूरा धन 5-6 अरबपतियों को दिया जाता है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह आपके वोट की साधारण चोरी नहीं बल्कि सीधी डकैती है। ये (शेष पृष्ठ 10 पर)

## किसी हाल में नहीं होने देंगे वोटों की चोरी : राहुल

- **वोटर अधिकार यात्रा को लेकर औरंगाबाद में महागठबंधन की रैली**
- **तेजस्वी यादव, दीपांकर भट्टाचार्य और मुकेश साहनी ने साधा भाजपा-निर्वाचन आयोग पर निशाना**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को औरंगाबाद में महागठबंधन की वोट अधिकार रैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम बिहार सहित पूरे देश में वोटों की चोरी किसी हालत में नहीं होने देंगे। जनता की ताकत के बल पर ऐसे हर प्रयास को नाकाम किया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि देश में पहले से ही लोगों को चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी का आभास था। महाराष्ट्र विधानसभा और लोकसभा चुनाव में



नतीजे ठीक उलट आए क्योंकि इस दौरान चुनाव आयोग ने फर्जी तरीके से एक करोड़ से ज्यादा वोटर तैयार कर दिए, जो भाजपा को वोट कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि बेंगलुरु में भी यही साजिश रची गई। उन्होंने लोगों से अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस देखने की अपील करते हुए कहा कि उसमें एक-एक बिंदु पर आयोग की कथित गड़बड़ियों की पोल खोली गई है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग पारदर्शी आंकड़े उपलब्ध कराने में नाकाम रहा। चुनाव आयोग मुझसे एफिडेविट मांगता है, लेकिन अनुराग ठाकुर से मांगने की हिम्मत नहीं करता। राहुल गांधी ने आगे कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान में हर नागरिक को वोट का अधिकार दिया, लेकिन आज यही अधिकार छीना जा रहा है। गरीबों के पास वोट ही (शेष पृष्ठ 10 पर)

## एनडीए के मिशन बिहार का 23 अगस्त से आगाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा का चुनाव होना है। एनडीए का चार महीने बाद चुनाव को लेकर एक बार फिर से संयुक्त अभियान शुरू होने जा रहा है। रविवार को एनडीए के पांचों घटक दल के प्रदेश अध्यक्षों ने जदयू कार्यालय में बैठक की। इस बैठक के बाद संयुक्त रूप से 23 अगस्त से अभियान शुरू करने की घोषणा की। सात चरणों में यह अभियान पूरा होगा। लगभग एक महीने तक चलने वाले इस अभियान में 18 दिनों का कार्यक्रम होगा। आज एनडीए के संयुक्त अभियान के दो चरणों की घोषणा की गई है। इसके लिए 14 टीमें बनाई गई है। पहले चरण में 23 से 25 अगस्त तक कार्यक्रम होगा जिसमें 42 विधानसभा को कवर किया जाएगा। दूसरे चरण का अभियान 28 अगस्त से शुरू होगा और 30 अगस्त तक चलेगा। इसमें भी 14 टीम 42 विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन करेंगे। कुल 6 दिनों में 84 विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन किया जाएगा। सभी प्रमंडल में एनडीए का विधानसभा सम्मेलन होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लगातार लोगों के हित में फैसले लिए हैं। नीतीश कुमार सोशल इंजीनियर हैं। 27 ऐसे विभिन्न क्षेत्रों में फैसले लिए गए हैं जो हर वर्ग को लाभ पहुंचाएगा। युवाओं को अभी हाल ही में प्रतियोगिता परीक्षा के पीटी में मात्र 100 रुपये शुल्क लगेगा और मुख्य परीक्षा में तो वह भी शुल्क माफ हो गया है। शिक्षक नियुक्ति में



डोमिसाइल लागू की गई है। महिलाओं के लिए 35% आरक्षण की घोषणा की गई है, इसमें हंड्रेड परसेंट डोमिसाइल लागू होगा। श्री जायसवाल ने कहा कि बिहार के लोगों को 125 यूनिट फ्री बिजली दी जा रही है। ममता दीदी, आशा दीदी, जीविका दीदी सबके लिए घोषणा की गई है और अभी तो नीतीश कुमार ने अंतिम पत्ता खोला ही नहीं है। विपक्ष पहले से हारा हुआ है। नीतीश कुमार सोशल इंजीनियर है और जब अंतिम पत्ता खोलेंगे तो विपक्ष पूरी तरह से साफ हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 22 अगस्त को बिहार के गयाजी और बेगूसराय दो स्थानों में कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के बाद से यह अभियान शुरू होगा। इससे पहले एनडीए का जिला स्तरीय सम्मेलन चला था, जो 30 मार्च को समाप्त हुआ था। उसके बाद से एनडीए का अब अभियान शुरू होने जा रहा है।

## दीवार फांदकर आश्रय स्थल से पांच बच्चे फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** जिले में आश्रय स्थल की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। रविवार की अहले सुबह जिले के वृहद आश्रय स्थल से पांच बच्चे दीवार फांदकर फरार हो गए। सभी बच्चे बालक यूनिट-वन में रखे गए थे। घटना के बाद आश्रय स्थल प्रशासन ने सहायक थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना लगातार चौथी बार हुई है जब आश्रय स्थल से बच्चे या बच्चियां फरार हुए हों। पिछले कुछ हफ्तों के भीतर ही आश्रय स्थल से कई बच्चे और बच्चियां फरार हो चुके हैं। हाल ही में भागी तीन बालिकाओं की बरामदगी के बाद कई चौंकाने वाले खुलासे हुए थे लेकिन इसके बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई सख्त कदम नहीं उठाया। नतीजा यह रहा कि एक बार फिर से बच्चे वहां से भाग निकले। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार बच्चों का इस तरह फरार होना सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर चूक को उजागर करता है। बच्चों के लगातार भागने की घटनाओं ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी खामी है या फिर बच्चों को अंदर से किसी की मदद मिल रही है? कुछ लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि क्या आश्रय स्थल की जीवन-स्थितियां इतनी खराब हैं कि बच्चे वहां रहना ही नहीं चाहते।

## नीतीश ने हीरो एशिया कप-2025 के शुभंकर का किया अनावरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में आज हीरो एशिया कप 2025 के आधिकारिक शुभंकर 'चांद' और ट्रॉफी का भव्य अनावरण किया। यह प्रतिष्ठित पुरुष हॉकी टूर्नामेंट का 12वां संस्करण बिहार में पहली बार 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर खेल परिसर के अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री ने 1 अणे मार्ग से ट्रॉफी गौरव यात्रा को भी हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में हीरो एशिया कप- 2025 का आयोजन हम सभी के लिए गौरव की बात है। यह न केवल राज्य की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल



आयोजन की क्षमता को प्रदर्शित करेगा बल्कि पर्यटन, कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी बिहार की वैश्विक छवि को और सुदृढ़ करेगा। राजगीर खेल परिसर में विश्वस्तरीय हॉकी स्टेडियम बनाया गया है। राजगीर के इस खेल परिसर में राज्य सरकार ने कई प्रकार के खेलों के प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता आयोजन हेतु विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले देशों के खिलाड़ियों को मैं बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, सामान्य प्रशासन तथा खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंदर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण, खेल विभाग के निदेशक हेन्द्र कुमार, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह सहित खेल विभाग के अन्य वरीय अधिकारी एवं ओलंपिक खिलाड़ी उपस्थित थे। बता दें कि बिहार में पहली बार आयोजित हीरो एशिया कप 2025 टूर्नामेंट में भारत, चीन, जापान, चीनी ताइपे, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, ओमान और बांग्लादेश की टीमें हिस्सा लेंगी। हीरो एशिया कप का विजेता हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा। दक्षिण कोरिया ने अब तक सर्वाधिक 5 खिताब जीते हैं जबकि भारत और पाकिस्तान तीन-तीन बार चैंपियन रह चुके हैं।



# 20 सितम्बर तक चलेगा राज्यव्यापी राजस्व महा–अभियान : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जमीन के कागजों की गड़बड़ियों को समाप्त करने और आज के हिसाब से जमाबंदियों को अपडेट करने के लिए राजस्व महाअभियान 16 अगस्त से 20 सितम्बर तक चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत शनिवार से हो गई है। अभियान के बारे में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह ने बताया कि सरकार का उद्देश्य हर रैयत तक पहुंचकर जमीन के अभिलेखों को दुरुस्त करना है ताकि भविष्य में कोई विवाद न हो। डीएम ने बताया कि इस दौरान राजस्व की टीम घर-घर जाकर रैयतों को जमाबंदी की प्रति और आवेदन प्रपत्र उपलब्ध करा रही है। आवश्यकता होने पर नाम, पिता का नाम, खाता-खेसरा, रकबा, लगान आदि में त्रुटियों का सुधार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार चाहती है कि किसी भी रैयत को अपने कागज के सुधार के लिए दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े। राजस्व विभाग स्वयं आपके दरवाजे तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए तीन स्तर जिला, अनुमंडल और अंचल मुख्यालय स्तर पर मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। पहले दिन सभी अंचलों के लिये नामित जिला स्तरीय पदाधिकारियो को आवंटित अंचल में गए हैं। जमाबंदी पंजी वितरण की शुरूआत के साथ व्यवस्था की मॉनिटरिंग में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान में चार प्रमुख प्रकार की समस्याओं का समाधान होगा। इस दौरान ऑनलाइन जमाबंदी में त्रुटि सुधार (परिमार्जन), उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण (पारिवारिक हिस्सेदारी) और गैर-डिजिटाइज्ड जमाबंदी को ऑनलाइन करने का काम होगा। उन्होंने यह भी बताया कि दो स्तरों पर अभियान चलाने की व्यवस्था की गई है। 16 अगस्त से 15 सितम्बर तक घर-घर जाकर जमाबंदी की प्रति और आवेदन प्रपत्र रैयतों तक पहुंचाए जाएंगे। 19 अगस्त से 20 सितम्बर तक पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगेंगे जहां आवेदन जमा करने और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध होगी। उसके बाद शिविर में आवेदन जमा करते ही उसका पंजीकरण पोर्टल पर होगा और रैयतों को ओटीपी के माध्यम से आवेदन की प्रगति की जानकारी मिलती रहेगी। कहा कि राजस्व महाअभियान से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। अब जमीन के कागजों में सुधार के लिए वर्षों तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सरकार पूरी पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के साथ इस अभियान को सफल बनाने के लिए कटिबद्ध है। डीएम ने जिलावासियों से अपील की है कि वे अपने पंचायत स्तर के माइक्रो प्लान की जानकारी अवश्य लें और शिविरों में भाग लेकर इस अवसर का लाभ उठाएं। इस कार्य में पंचायत जनप्रतिनिधियों के द्वारा सकारात्मक सहयोग के लिए उन्होंने आभार जताया है।

# तीस लीटर देशी शराब के साथ चार कारोबारी धराए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला।** दरिहट पुलिस ने भुसहूला सोन नद तट के समीप से तीस लीटर देसी महुआ शराब के साथ चार धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष कुमारी नेहा सिन्हा ने बताया कि शुक्रवार की रात गुप्त सूचना मिली कि भुसहूला सोन नद तट के समीप कुछ लोगों के द्वारा शराब की तस्करी की जा रही है। वहीं थानाध्यक्ष ने सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर छापामारी की जहां खेत के रास्ते से जा रहे चार तस्करों को शराब के साथ पकड़ लिया। वहीं जांचोपरांत चारों तस्करों से कुल तीस लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि चारों कारोबारी में तीन कारोबारी चैनपुर व एक कारोबारी भुसहूला गांव का रहना वाला है जहां चारों पर मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम 2018 के तहत कांड संख्या 59/25 में दर्ज कर शनिवार को अमरेन्द्र कुमार, बिपीन सिंह, रामचंद्र राम उर्फ चंद्रिका राम तीनों चैनपुर गांव निवासी व मंजू राम भुसहूला गांव निवासी को न्यायालय हिरासत में भेज दिया गया है।

# वोट अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा संविधान बचाने की लड़ाई है

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार में गहन मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा' रविवार को रोहतास जिले के डिहरी ऑन सोन स्थित सुअरा हवाई अड्डा से शुरू हुई। इस दौरान यहां एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। पूरे देश में भाजपा संविधान को मिटाने पर तुली हैं। जहां भी चुनाव होता है, ये जीतते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि ओपिनियन पोल कह रहे थे महाराष्ट्र में महागठबंधन चुनाव जीतेगा। लोकसभा में महागठबंधन जीतता है, लेकिन चार महीने में उसी क्षेत्र में हम हारते हैं। हर चुनाव में भाजपा ने वोट चोरी किया है। हमने पता लगवाया तो पता चला कि लोकसभा चुनाव के बाद इलेक्शन कमिशन के जादू से एक करोड़ फर्जी वोट आ गए। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग वोट चोरी नहीं करने देंगे। क्योंकि गरीब-कमजोर लोगों के पास सिर्फ वोट का हक है। आयोग जो कर रहा है, वो सबको पता है। इलेक्शन कमीशन को हम ये नहीं करने देंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार अरबपतियों के साथ सरकार चलाती है। आप का पूरा धन 5-6 अरबपतियों को दिया जाता है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह आपके वोट की साधारण चोरी नहीं, बल्कि सीधी डकैती है। बिहारियों को चूना लगाना चाहते है ये लोग। लेकिन यह बिहार है जहां चूना खैनी के साथ रगड़ा जाता है। बिहारी गरीब जरूर हैं, लेकिन यहां का बच्चा-बच्चा तीखी मिर्ची वाला काम करता है। हम किसी कीमत पर बेइमानी नहीं होने देंगे। मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह यात्रा बिहार के 25 जिलों में जाएगी और एक सितम्बर को पटना में विशाल रैली के साथ इसका समापन होगा। उन्होंने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जन्मभूमि है। संविधान बचाने व लोकतंत्र बचाने में सभी को सहयोग करना चाहिए। सासाराम बाबू जगजीवन राम और उसके बाद मीरा कुमार की कर्म भूमि रही है। कांग्रेस ने मीरा कुमार को लोकसभा का स्पीकर बनाकर सम्मान देने का काम किया। कांग्रेस सब को सामान अधिकार देती है ' केंद्र सरकार वोट के अधिकार को छीन रही है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने कहा कि चोरों को हटाइये, भाजपा को भगाये हमारी पार्टी को जिताये। किसी भी कीमत पर भाजपा को सत्ता में नहीं आने देना है।

# राहुल-तेजस्वी की 'वोट अधिकार यात्रा' पर भड़के भाजपा के पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा के पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण सिंह ने महागठबंधन की 'वोट अधिकार यात्रा' को लेकर उन्होंने इस यात्रा को लोकतंत्र की आत्मा पर हमला बताया है। कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव 'वोट अधिकार यात्रा' पर डिहरी आए हुए हैं। महागठबंधन की यात्रा से पहले भाजपा के पूर्व विधायक श्री सिंह ने विपक्ष को कटघरे में खड़ा कर उनसे कई तीखे सवाल पूछा है। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक इं. सत्यनारायण सिंह ने महागठबंधन की तथाकथित मतदाता अधिकार यात्रा पर जोरदार हमला बोलते हुए उन्होंने इस यात्रा को मतदाता अधिकार यात्रा कहने के बजाय, राहुल गांधी की फर्जी मतदाता संरक्षण यात्रा करार दिया है। पूर्व विधायक ने कहा कि यह यात्रा मतदाताओं के अधिकारों या लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नहीं है। बल्कि यह डुप्लीकेट वोटर कार्ड, मृत लोगों के वोटर कार्ड और अवैध घुसपैठियों के वोटर कार्ड को संरक्षण देने की एक सोची-समझी साजिश है।

**लोकतंत्र की आत्मा पर विपक्ष का हमला**

उन्होंने इस यात्रा को भारतीय लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा हमला बताया। उन्होंने राहुल गांधी से हमला बोलते हुए कहा कि क्या राहुल गांधी उन लाखों फर्जी मतदाताओं के साथ खड़े हैं जिन्हें चुनाव आयोग ने खुद चिन्हित किया है? या क्या वे उन लाखों मृत लोगों के नाम पर हो रहे मतदान को सही ठहराते हैं?

**घुसपैठियों की वोट बैंक बचाने की साजिश**

पूर्व विधायक श्री सिंह ने आरोप लगाया कि इस यात्रा का असली मकसद बिहार में अवैध रूप से रह रहे उन लोगों के लिए समर्थन जुटाना है जो न तो बिहार के हैं और न ही भारत के। उन्होंने कहा कि ये घुसपैठिए न सिर्फ वोट बैंक का हिस्सा बन रहे हैं, बल्कि बिहार की सामाजिक संरचना और सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर खतरा हैं। उन्होंने राहुल गांधी से सीधे सवाल किया क्या वे घुसपैठियों के वोट बचाना चाहते हैं या देश की सीमाओं की रक्षा करना?

**चुनावी प्रणाली के विरुद्ध विपक्ष की यात्रा**

पूर्व विधायक ने कहा कि महागठबंधन की यह यात्रा लोकतंत्र को मजबूत करने का नहीं, बल्कि उसे फर्जीवाड़े और अवैध तत्वों से दूषित करने का एक षड्यंत्र है। उन्होंने इसे देश के संविधान, चुनावी प्रणाली और जनसंख्या संतुलन के विरुद्ध बताया। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि भाजपा इस प्रकार के किसी भी राष्ट्रविरोधी और संविधान विरोधी एजेंडे को सफल नहीं होने देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार की जनता सब देख रही है और आने वाले चुनावों में ऐसे भ्रम फैलाने वालों को करारा जवाब देगी। उन्होंने अंत में कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत ईमानदार और योग्य मतदाता हैं न कि फर्जी पहचान वाले अवैध घुसपैठिए।

# जदयू कार्यकर्ताओं ने घर-घर बुकलेट एवं स्टीकर लगाकर 2025 फिर से नीतीश कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** कैमूर जिले के भभुआ एवं चैनपुर विधानसभा में जेडयू कार्यकर्ता द्वारा घर-घर बुकलेट एवं स्टीकर लगाने का शुभारंभ किया गया जो 17 अगस्त से 23 अगस्त तक चलेगा। भभुआ विधानसभा के रामपुर प्रखंड में करौंदा, राजा के अकोडी, कुंडारी, सवार भभुआ प्रखंड में बेतरी, सिगटी, डिहरा, वही चैनपुर विधान सभा में अमाव, हाट्टा, नरसिंगपुर इत्यादि गांवों में भ्रमण कर बुकलेट एवं स्टीकर लगाया गया। विधानसभा प्रभारी अशोक पटेल ने कहा कि पूरे जिला में बूथ स्तर तक सघन अभियान चलाकर सभी लोगों को नीतीश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को बुकलेट और स्टीकर के माध्यम से प्रत्येक मतदाताओं तक पहुंचाया जाएगा। न्याय के साथ विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए 2025 में 225 और फिर से नीतीश के लक्ष्य को हासिल करना है। जनता दल की ओर से तैयार बुकलेट में 2005 के बाद बदले बिहार मुख्यमंत्री के 6 संदेशों से शुरूआत की गई जिसमें नीतीश कुमार के विकास के विजन के बारे में बताया गया इसमें राजनीति सेवा के लिए मेवा के लिए नहीं मैं काम करता हूं मेरा काम बोलता है न्याय के साथ विकास यानी हर क्षेत्र और हर तबके का विकास आधे मन से कोई काम बड़ा नहीं होता मैं वोट की नहीं वोटर की चिंता करता हूं और बिहार को मैं उस ऊंचाई तक ले जाना चाहता हूं जहां से जाकर भी कोई नीचे ना ला सके। इसी सब कार्यों का जिक्र किया गया है। वही मौके पर पार्टी समन्यवक धनजी चौधरी, जिला अध्यक्ष अजय कुमार पटेल, भभुआ विधानसभा प्रभारी अशोक पटेल, संतोष चौधरी, लियाकत अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश चंद्रवंशी, कैमूर प्रभारी परशुराम ताती, चैनपुर विधानसभा प्रभारी उत्तम तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# बसपा की बूथों पर बीएलए की नियुक्ति की रफ्तार तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** भभुआ प्रखंड के कुडासन व दतियाव पंचायत में आयोजित हुआ जिसका नेतृत्व बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव -सह- भभुआ जिला परिषद सदस्य विकाश सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं व आमजनों को सम्बोधित करते हुए विकाश सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने कहा कि आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम व बीएलए को बूथों पर नियुक्ति को भभुआ विधानसभा क्षेत्र के लोगों का अपार समर्थन प्राप्त हो रहा है लोग घरों से निकलकर कार्यक्रम में आ रहे हैं तथा निर्वाचन से जुड़ी अपनी समस्याओं को बता रहे हैं तथा हम लोग भी अपने पार्टी बहुजन समाज पार्टी की ओर से समस्याओं को पूरी मुस्तैदी के साथ देख रहे हैं, बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर साहब ने हम सब को एक वोट का अधिकार दिया है और कोई अगर इससे छीनने का प्रयास करेगा तो हम बहुजन समाज पार्टी के लोग यह होने नहीं देंगे। विकाश सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने कहा कि मैं धन्यवाद देना चाहता हूं अपने पार्टी के राज्यसभा सांसद सह पार्टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर मान्यवर ई. रामजी गौतम साहब एवं हमारे पार्टी के केंद्रीय प्रदेश प्रभारी मान्यवर अनिल कुमार का जिन्होंने मुझे इस कार्य के लिए भभुआ विधान सभा क्षेत्र का जिम्मेवारी दिया है। इसी क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें बीएलए-2 के प्रक्रिया सहित आमजनो के मतदाता सूची का गहन जांच कार्यकर्ताओं द्वारा भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में-भभुआ विधानसभा अध्यक्ष पीताम्बर कुमार, ब्रजेश राम योगेंद्र पटेल, जसवंत पटेल राजेश राम जगत पटेल हैदर अली सुलेख तिवारी उमेश राम सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

# रोहतास केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रोहतास केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अंतर्गत बिक्रमगंज अनुमंडल के दिनारा प्रखंड के दिनारा केमिस्ट एंड ड्रगिसट ड्रगिस्ट एसोसिएशन का चुनाव सत्र 2025-28 के लिए ए बी पैलेस दिनारा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर सी डी ए रिटेल सेल के चेयरमैन श्रीराम सिंह श्री राम ड्रग एजेंसी दिनारा के द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में बी सी डी ए सेंट्रल वेस्ट जोन के संयुक्त सचिव कमलेश कुमार सिन्हा, आर सी डी ए के सचिव अशोक कुमार, उपसचिव रविशंकर प्रसाद, सहायक संगठन सचिव अनिल कुमार पांडेय मौजूद थे। सचिव पद पर मो. फारुख अहमद काजी मेडिको, कोषाध्यक्ष पद पर चंदन कुमार केशरी मां विंध्यवासिनी मेडिकल एजेंसी, उपाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार सिंह पंकज मेडिकल एजेंसी, उपसचिव पद पर रंजन कुमार संजय मेडिकल एजेंसी, संगठन सचिव पद पर डॉ राम प्रवेश सिंह उषा मेडिकल एवं मीडिया प्रभारी पद पर राकेश रंजन सिंह श्री शिव शक्ति मेडिकल एजेंसी दिनारा को सर्वसम्मति से दिनारा के सभी केमिस्टों ने मिलकर चुना।

# नदी में डूबने से महिला की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुर्गावती।** दुर्गावती नदी में बहेरा गांव के सामने रविवार की दोपहर बाद भैंस धोने गयी महिला की नदी में डूबने से मौत हो गई। महिला की पैर फिसलने से नदी के गहरे पानी में जाने से डूब गई थी। गहरे पानी में डूबते देख आसपास के लोग चिल्लाते हुए बचाने के लिए नदी में कूद कर ढूंढने लगे । काफी देर के बाद ग्रामीणों को महिला का शव बरामद हुआ । मिली जानकारी के अनुसार बहेरा गांव निवासी संतोष कुमार चौधरी की पत्नी बबीता देबी उम्र 30 वर्ष घर से एक किलोमीटर की दूरी पर दुर्गावती नदी में भैस को धोने के लिए गयी थी। भैंस धोने के क्रम में पैर फिसलने से नदी के गहरे पानी में डूब गयी। आसपास के लोगों द्वारा घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को शव नदी से निकालने में सफलता मिल गयी। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया है ।

# करगहर वार्ड नंबर 2 में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**करगहर (रोहतास)।** भाद्रपद मास की अष्टमी तिथि पर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में करगहर वार्ड नंबर 2 में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बेहद भव्य रूप से आयोजित किया गया। वार्ड में सजी राधे-कृष्ण झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और वातावरण पूरी तरह कृष्णमय हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी विवेक कुमार पांडेय (सोनू पांडे) ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि के रूप में बकसड़ा पंचायत की मुखिया गुलबासो पांडेय उपस्थित रहीं। इस मौके पर भाजपा युवा नेता अनुज सिन्हा, रजनीश कुमार राजा, अभिनंदन शर्मा, रवि शर्मा, गोलू कुमार, रामजी कुमार, अक्षय कुमार, रजनीकांत सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस आयोजन की अध्यक्षता रजनीश कुमार ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन विवेक सोनी ने बखूबी निभाया। झांकी में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, माखनचोरी, रासलीला और राधा-कृष्ण की अलौकिक झलकियों को बड़े ही मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया गया। देर रात तक भजन-कीर्तन और श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा वार्ड भक्तिमय बना रहा। कृष्ण जन्माष्टमी का महत्व धार्मिक मान्यताओं के अनुसार द्वापर युग में भगवान विष्णु ने अधर्म के नाश और धर्म की पुनर्स्थापना के लिए श्रीकृष्ण रूप में अवतार लिया। हर वर्ष उनकी जन्मतिथि को ही जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। उपवास, पूजा-अर्चना, झांकी और मटकी फोड़ जैसे आयोजन इस दिन विशेष महत्व रखते हैं। करगहर वार्ड नंबर 2 की यह भव्य झांकी न केवल आस्था और भक्ति का प्रतीक बनी, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का अद्भुत संदेश भी दे गई।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल में मना स्वतंत्रता दिवस, फहराया तिरंगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** देश की आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए 79वें स्वतंत्रता दिवस पर पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया गया। तदुपरांत स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा रेलवे सुरक्षा बल की पलटन का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा अपने संबोधन में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल की उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने रेलकर्मियों एवं उनके परिवारजनों सहित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दीं। उन्होंने बताया कि एक बार फिर 14 अगस्त को डीडीयू मंडल द्वारा मेल एक्सप्रेस ट्रेनों का शत प्रतिशत समय पालन प्राप्त किया गया। रेल परिचालन में निरंतर उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए संबंधित सभी विभागों व टीमों को नकद पुरस्कार घोषित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि हम एक हैं, एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। चक दे इंडिया, भारत हमारा देश और प्रगति करे। डीडीयू मंडल भारतीय रेल की धड़कन है, हम चलेंगे तो भारतीय रेल सरपट दौड़ेगी। साथ ही मंडल रेल प्रबंधक व महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा द्वारा उपस्थित अन्य के साथ स्वतंत्रता के संदेश के प्रतीक स्वरूप तिरंगे गुब्बारों को खुले आकाश में छोड़ा गया। समारोह के दौरान महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह एवं सदस्याएं, अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार व सभी शाखा अधिकारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी, बड़ी संख्या में रेलकर्मी व आमजन मौजूद रहे। इस अवसर पर मंडल के स्काउट एवं गाइड, मंडल कला समिति, आरपीएफ व स्कूली बच्चों की टीमों द्वारा देश प्रेम से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## रेल अस्पताल को दिए 5 व्हीलचेयर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना तथा महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह द्वारा मंडल रेल अस्पताल में मरीजों से मिलकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गयी। साथ ही अध्यक्षा द्वारा महिला कल्याण संगठन की ओर से इलाजरत मरीजों को उपहार प्रदान किए गए। इसके अलावा संगठन की ओर से अस्पताल को पांच व्हीलचेयर भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की विभिन्न सदस्याएं, अस्पताल के डॉक्टर तथा रेल अधिकारी उपस्थित रहे।

# दरिहट में सरकारी डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन

## नयी शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को सहयोग करेगा पुस्तकालय : एसडीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला।** डिहरी प्रखंड के दरिहट पंचायत भवन पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर डिजिटल लाइब्रेरी का अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार व मुखिया शारदा कुंवर ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि पुस्तकालय विद्या के मंदिर है। यहां बच्चे विद्या अर्जन करने आते हैं। नयी शिक्षा व्यवस्था में डिजिटल लाइब्रेरी बच्चों को काफी सहयोग करेगी। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को इस तरह के लाइब्रेरी काफी उपयोगी साबित होगा। लाइब्रेरी में पुस्तक और कंप्यूटर की व्यवस्था है। बच्चे लाइब्रेरी का उपयोग कर शिक्षित बने और अपने मुकाम को हासिल करे। उन्होंने कहा कि व्यवस्था के तहत लाइब्रेरी में कंप्यूटर, वाई फाई व प्रिंटर मशीन आदि सामानों की व्यवस्था की गई। बीडीओ ने कहा कि 15 अगस्त के मौके पर लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। आज के दिन बच्चों को संकल्प लेना चाहिए कि हम शिक्षित व विकसित बनेंगे। इस क्षेत्र के बच्चे लाइब्रेरी को भरपूर उपयोग करेंगे। कार्यक्रम में रामप्यारी बालिका उच्च विद्यालय दरिहट के छात्रों ने स्वागत गीत गाकर अधिकारीयों का अभिनंदन किया। वहीं मुखिया ने अतिथियों को बुके और शॉल से सम्मानित किया। कार्यक्रम में बुचूल सिंह यादव ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सरपंच प्रीति सिंह, उपसरपंच कृष्णा पासवान, संजीव कुमार सिंह उर्फ गुड्ड, श्रीकांत पाल, मिठू सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, मनोज राम आदि मौजूद थे। विदित हो कि 6,85,600 रुपये की लागत से डिजिटल लाइब्रेरी बनाया गया है। इसमें बीस छात्रों को बैठे की व्यवस्था है। वहीं 10 छात्रों को डिस्कशन के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गयी। वहीं मुखिया प्रतिनिधि संजीव कुमार उर्फ गुड्डू ने बताया कि चार - चार घंटों कि बैच बनाई जाएगी। छात्राओं के अलग बैच बनाई जाएगी जिसकी सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी।

**क्या कहते हैं छात्र**

सब्बु प्रवीण, आसिफ परवेज, अभय पाल , दीपक शर्मा, अभिषेक कुमार, अभिनाश कुमार पंचायत में इस प्रकार का डिजिटल तरीके से लैस लाइब्रेरी खुलने से अभिभावकों के जेब को राहत मिलेगी। समय की भी बचत होगी। पढ़ाई करने में अन्य जगहों से यहां बेहतर सुविधा मिलेगी। अन्य लाईब्रेरी में पढ़ने के 500 से 600 रुपए मासिक शुल्क देने पड़ते थे, लेकिन मुखिया शारदा कुंवर के इस पहल से हम सभी अभिभूत हैं।

वहीं दूसरी ओर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मझिआंव पंचायत के मुखिया अनिल कुमार ने पंचायत से बिहार होमगार्ड की बहाली में शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए 35 युवा एवं युक्तियों अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मैंने खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। सभी बच्चे से आग्रह किया कि रिजल्ट चाहें जो कुछ भी हो लेकिन हिम्मत नहीं हारना चाहिए हैं। इस मौके पर मौजूद लोगों ने भी बच्चों को खूब सराहना एवं उत्साहित किया।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर भजन कीर्तन का आयोजन

## राधे गोविंद मंदिर में सैकड़ों वर्षों से डोल रखने की परंपरा है

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**डिहरी ऑन-सोन।** कृष्ण जन्माष्टमी पर राधे गोविंद मंदिर शिवगंज कुटिया में सैकड़ो वर्षों से डोल रखने की परंपरा है। पालकी वाले ढोल में भगवान श्री कृष्ण का पूरे भक्ति भाव के साथ हर्षोल्लास के मंदिर के महंत मनोहर दास के द्वारा विधिवत पूजन किया जाता है। इस अवसर पर शिवगंज कीर्तन मंडली के द्वारा शाम 6 बजे से लेकर 12 बजे तक भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। महंत मनोहर दास ने बताया कि सैकड़ों वर्षों से पुरानी मंदिर राम जानकी मंदिर है तथा शिव मंदिर को कलकत्ता निवासी श्री बाबू शम्भू नाथ सेन ने 1938 में बनवाया था। उन्होंने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी एक वार्षिक हिन्दू त्यौहार है। भ्रादपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को इस दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था। इसलिए इसे जन्माष्टमी कहते हैं, लोग रात भर जागरण करते हैं। भगवान की पूजा करते हैं और उनकी बाल लीलाओं को याद करते हैं। कीर्तन मंडली में गायक मनोहर बाबा, नन्कू चौधरी, ढोलक पर नरेश तथा ईश्वर वहीं झाल पर गंगा, बालदेव, राम नारायण, बड़े चौधरी, बमडी, सहित कई कलाकार ने ने अपने भजन से भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर विनोद ड्राइवर राकेश दास रवि चौधरी बड़े यादव सुरेश बाबा, शक्ति सिंह सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# औंटा-सिमरिया छह लेन पुल तैयार, 22 अगस्त को पीएम करेंगे उद्घाटन

## बख्तियारपुर से मोकामा के बीच बनी नई 4 लेन सड़क का लोकार्पण भी करेंगे प्रधानमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उत्तर बिहार से दक्षिण बिहार को जोड़ने वाला गंगा नदी पर एक और पुल बनकर तैयार है। मोकामा के औंटा घाट को बेगूसराय के सिमरिया से जोड़ने वाले सिक्स लेन पुल का उद्घाटन आगामी 22 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। औंटा घाट से सिमरिया के बीच गंगा नदी पर बने इस सिक्स लेन पुल की कुल लम्बाई 8.150 किमी है जबकि गंगा नदी पर इस पुल की लम्बाई 1.865 किमी है। इस परियोजना की कुल लागत 1871 करोड़ रुपए है। बख्तियारपुर से मोकामा के बीच बनी नई 4 लेन सड़क का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 अगस्त को किया जाएगा।

**राजेंद्र पुल के समानांतर तैयार हुआ यह नया पुल**

इस नए पुल के बनने से बेगूसराय सहित संपूर्ण क्षेत्र के विकास को एक नई गति मिलेगी। यह विकासशील बिहार के आधुनिक आधारभूत ढांचे का प्रतीक होगा। राजेंद्र पुल के समानांतर बने इस पुल पर फिलहाल एक लेन से वाहनों का आना-जाना जारी है जबकि दूसरे लेन का काम भी अब पूरा हो चुका है। पूरी तरह इस पुल के चालू हो जाने से उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों की दूरी दक्षिण बिहार से काफी कम हो जाएगी जिससे लोगों को राजधानी पटना आने-जाने में बड़ी सहूलियत होगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में बिहार के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की थी जिसके तहत औंटा घाट से सिमरिया के बीच 6 लेन के नए गंगा पुल का निर्माण शामिल था। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2017 में मोकामा में आयोजित एक कार्यक्रम में इस पुल की आधारशिला रखी थी।

**इससे आसान होगी संपर्कता**

इस ब्रिज के बनने से पटना से मोकामा व बेगूसराय होते हुए खगड़िया तक 4 लेन सड़क की संपर्कता सुनिश्चित हो चुकी है जबकि पटना से बख्तियारपुर के बीच 4 लेन सड़क पहले से चालू हो चुका है। बख्तियारपुर से मोकामा के बीच बनी नई 4 लेन सड़क का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 अगस्त को किया जाएगा। इस सड़क की कुल लम्बाई 44.60 किमी है। इसके निर्माण में 1899 करोड़ रुपए खर्च किये गए हैं।

**पूर्व प्रधानमंत्री नेहरु ने किया था राजेन्द्र सेतु का उद्घाटन**

मोकामा-सिमरिया सिक्स लेन पुल चालू होने से बेगूसराय और मोकामा के बीच आवागमन अब काफी आसान हो जाएगा। अभी राजेंद्र पुल पर आवागमन के लिए वन-वे का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस पुल पर भारी वाहनों की एंट्री बंद है। राजेन्द्र सेतु (सड़क-सह-रेल पुल) का शिलान्यास देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद वर्ष 1956 में किया था जबकि इसका उद्घाटन देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु और बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह ने वर्ष 1959 में किया था। पिछले 70 वर्षों में यातायात में हुई भरी वृद्धि के कारण राजेन्द्र सेतु यातायात की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम नहीं रहा।

**जाम की समस्या से मिलेगा निजात**

राजेंद्र पुल पर जाम की समस्या लोग वर्षों से झेलते आ रहे हैं। अब नया सिक्स लेन पुल के चालू होने से इस पर वाहन तेजी से फर्राटा भर सकेंगे। पूर्णिया-भागलपुर समेत अन्य जिलों के लोगों को पटना जाने में अब यहां भारी ट्रैफिक जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह पुल पूर्वोत्तर के राज्यों को भी देश के अन्य राज्यों से जोड़ेगा। पूर्वोत्तर भारत की ओर आने-जाने वाले ट्रकों के आवागमन को व्यापक सहूलियत मिलेगी।

# विहंगम होगा सामूहिक वैश्य देव पूजन का आयोजन : डॉ अजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** आज गायघाट स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सामूहिक वैश्य देव पूजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि बेलवरगंज, पटना सिटी एसडीओ ऑफिस के बगल में स्थित विशाल जलान सेफ प्रांगण में 24 अगस्त रविवार को आयोजित होने वाले वैश्य देव पूजन महाकुंभ की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। पूजन महाकुंभ में विहंगम छटा दिखेगी, सुनहली रोशनी में 25 मूर्तियों का अद्भुत अलौकिक दर्शन होगा। कार्यक्रम में आध्यात्मिक, संस्कृतिक, शैक्षणिक ज्ञान के समावेश से परिपूर्ण कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी। वैश्य विभूषण सम्मान से समाज के 80 व्यक्तित्व को सम्मानित किया जाएगा। वैश्य समाज के कलाकारों द्वारा कई सांस्कृतिक, शिक्षाप्रद तथा मधुर स्वर में भजन, नृत्य प्रस्तुति के साथ-साथ विशेष प्रकार की मनमोहक झांकी की प्रस्तुति की जाएगी। जनमानस के बीच सभी देवी देवताओं का फोटो भी वितरित किया जाएगा। देवी देवता दर्शन, प्रसाद के साथ देवताओं के आशीर्वाद लेने हेतु सभी जनमानस को सादर आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर वैश्य देव गाथा स्मारिका का विमोचन होगा जिसमें स्थापित देवी देवता के बारे में विस्तृत वर्णन होगा।

बैठक में दिलीप कुमार गुप्ता, विकास कुमार मौड़ीवाल, सर्व प्रकाश, लल्लू शर्मा, सरोज जायसवाल, कुमारी वसुधा, कांति केशरी, रघुनाथ सोनेवाल, गौरव अग्रवाल, भावना शर्मा, अरूण कुमार मालाकार, डॉ विकास गुप्ता, राजू कुमार गुप्ता, मनीष कांस्यकार, सुनील कुमार चौरसिया, पप्पू साह, विकास कुमार गुप्ता, अजय साह, मुन्ना जायसवाल, पिंटू लाल कसेरा, नीतू वरनवाल, गोपाल कुमार, मिंटू कुमार, दीपक शर्मा, अंजीत शर्मा, संजय मालाकार सहित वैश्य समाज के 22 उपजातियां के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# फर्जी वोटरों को बचाने निकले हैं कांग्रेस : ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने महागठबंधन की मतदाता अधिकार यात्रा पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने इस यात्रा को लोकतंत्र की मजबूती नहीं, बल्कि फर्जी वोटरों को संरक्षण देने की साजिश बताया। सिन्हा ने आरोप लगाया कि इस यात्रा का असली नाम 'राहुल गांधी की फर्जी मतदाता संरक्षण यात्रा' होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान मृतकों और डुप्लीकेट वोटर कार्डधारकों के नाम पर हो रहे मतदान को वैध ठहराने और अवैध घुसपैठियों को मतदाता सूची में बनाए रखने की सोची-समझी कोशिश है। उन्होंने राहुल गांधी पर सवाल दागते हुए कहा क्या वे उन 7 लाख फर्जी मतदाताओं के साथ खड़े हैं जिन्हें खुद चुनाव आयोग ने चिन्हित किया है? क्या वे उन 22 लाख मृत मतदाताओं के नाम पर हो रहे मतदान को सही मानते हैं? भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि महागठबंधन की यात्रा का मकसद बिहार में अवैध रूप से रह रहे लोगों के लिए समर्थन जुटाना है। ये घुसपैठिए न केवल वोट बैंक का हिस्सा बन रहे हैं, बल्कि राज्य की सामाजिक संरचना और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं- सिन्हा ने कहा। उन्होंने दो टूक कहा कि भाजपा किसी भी राष्ट्रविरोधी और संविधान विरोधी एजेंडे को सफल नहीं होने देगी। साथ ही विश्वास जताया कि बिहार की जनता भ्रम फैलाने वालों को चुनाव में करारा जवाब देगी। सिन्हा ने अंत में कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत ईमानदार और योग्य मतदाता हैं न कि फर्जी पहचान वाले अवैध घुसपैठिए।

# दानापुर मंडल ने हासिल की कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर विनोद कुमार के द्वारा मंडल कार्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने अपने संबोधन में विगत दिनों मंडल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला जिसका विवरण इस प्रकार है- दानापुर मंडल ने चालु वर्ष के दौरान यात्री किराया, माल भाड़ा, अन्य कोचिंग तथा विविध मदों से कुल 856 करोड़ रुपए आय की प्राप्ति की है। माह अप्रैल से जुलाई 2025 के बीच स्क्रैप की बिक्री के द्वारा मंडल को लगभग 24 करोड़ रुपए की आय की प्राप्ति हुई है। सोलर ऊर्जा से इस वित्तीय वर्ष में 40.50 लाख रुपए की बचत हुई है। इस वित्तीय वर्ष में आउटसाइडर वेंडर से 33.11 करोड़ रुपए अर्जित किए गए। ट्रेन रखरखाव का कार्य डीजल इंजन की जगह विद्युत स्त्रोतों से कर कुल 4.40 लाख लीटर डीजल की बचत कर लगभग 5.31 करोड़ रुपए की बचत की गई। किउल से गया तक का दोहरीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। कुलहड़िया एवं बड़हिया स्टेशनों पर दो पैदल ऊपरी पुलों का निर्माण किया गया। किउल-गया सेक्शन के मझवे एवं चातर में दो नये इंटरमीडियेट ब्लॉक हट बनाया गया। फतुहा-इस्लामपुर सेक्शन में समपार फाटक सं. 09 पर एक सड़क ऊपरी पुल का निर्माण किया गया। दानापुर में 2 एवं नवादा में 1 प्लेटफार्म शेड का निर्माण किया गया। वजीरगंज रेलवे स्टेशन पर 150 मीटर लम्बे यार्ड ड्रेन का निर्माण किया गया। दानापुर मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न स्टेशनों, मंडल के प्रशिक्षण केन्द्रों, रनिंग रूम, क्रु-लॉबी आदि स्थलों पर संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नए-नए नियमों की जानकारी भी दी जा रही है। यात्री सुविधा में विस्तार करते हुए इस साल भी एक नमो भारत ट्रेन (जयनगर से पटना), एक वंदे भारत ट्रेन (पाटलिपुत्र से गोरखपुर) एवं एक अमृत भारत ट्रेन (राजेन्द्रनगर से नई दिल्ली) का शुभारंभ किया गया तथा इसका रखरखाव भी दानापुर मंडल द्वारा किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा में कोई खलल न हो इसके लिए पहली बार लाल गाड़ी का परिचालन किया गया। इसके तहत लगभग 29 हजार बिना टिकट यात्री पकड़े गए तथा उनसे जुर्माना वसूला गया। तरेगना इंटरचेंज प्वाईंट्स से पहली बार मालगाड़ियों का इंटरचेंज प्रारंभ किया गया है। इस वर्ष कुल 390 लाख यात्रियों का परिवहन किया गया जो पिछले वर्ष की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक है। मंडल के सभी स्टेशनों एवं रेलवे कॉलोनियों के सौंदर्यीकरण, हरित पर्यावरण एवं शुद्ध और स्वच्छ वातावरण के लिए सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया जिसके तहत अभी तक 1,22,500 पौधे लगाए गए हैं। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बचपन बचाओ आन्दोलन संगठन के सहयोग से मानव तस्करी की रोकथाम के लिए ऑपरेशन आहत के तहत एक विशेष अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत 6 मामलों का उद्भेदन करते हुए 55 बच्चों को मानव तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया एवं इस मामले से जुड़े 11 मानव तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा आपरेशन दूसरा चलाकर धारा 144 के तहत कुल 1568 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लगभग 13 लाख रूपए की वसूली की गई। अतंर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कर्मचारी कल्याण निधि द्वारा 965 महिलाओं को उन्हें सुविधा हेतु 'वाटर बोटल' प्रदान किया गया।

# गणतांत्रिक समाज पार्टी का एलान- बिहार की सभी 243 सीटों पर उतारेगी उम्मीदवार

## पिछड़े, अति-पिछड़े, वंचित वर्ग, महिला और युवाओं को न्याय दिलाने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** गणतांत्रिक समाज पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक वेद नगर स्थित बुद्धा रेसिडेंसी में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की भावी रणनीति, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों तथा जनता से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी राज्य की सभी 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि उनका संकल्प प्रदेश में स्वच्छ राजनीति, विकास, सामाजिक न्याय एवं समान अवसरों की स्थापना करना है। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद ने कहा कि गणतांत्रिक समाज पार्टी अब किसी गठबंधन की मोहताज नहीं है। हम अकेले दम पर चुनाव लड़ेंगे और जनता के समर्थन से बिहार में नई राजनीतिक संस्कृति की शुरूआत करेंगे। जनता परिवर्तन चाहती है और हम वही विकल्प हैं जो उन्हें ईमानदार और पारदर्शी सरकार दे सकते हैं। हमारी प्राथमिकता है कि समाज के शोषित, पिछड़े, अति-पिछड़े और वंचित वर्ग को न्याय दिलाया जाए तथा युवाओं को सम्मानजनक अवसर प्रदान किया जाए। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी की वरिष्ठ नेत्री सुजाता शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना कोई भी समाज सशक्त नहीं हो सकता।

# हड़ताल पर गये विशेष सर्वेक्षण अमीनों के लिए विभाग सख्त

## ▶ लॉगिन अकाउंट निष्क्रिय करने का निर्देश पारित ▶ कठोरतम कार्रवाई कर नौकरी से हटाने का प्रस्ताव विचाराधीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा वर्तमान में पूरे राज्य में राजस्व महा-अभियान चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा इस संदर्भ में हर तरह से तैयारियां की गई हैं। राज्य के सभी पंचायतों में दो-दो शिविर लगाकर लोगों की समस्या का समाधान करने की तैयारी है। हर शिविर में अमीनों को लैपटॉप लेकर रहने का निर्देश विभाग द्वारा दिया गया है। इसी बीच विभाग के संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ विशेष सर्वेक्षण अमीन इस महा-अभियान के दौरान अपनी मांगों के साथ हड़ताल पर चले गये हैं। विभाग अमीन संघ की मांगों से अवगत है तथा 14 अगस्त को अपर मुख्य सचिव द्वारा बिहार राजस्व अमीन संघ के प्रतिनिधियों के साथ इस संदर्भ में बैठक भी की गई है। महा-अभियान के दौरान सभी गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो सके इसके लिये, अपर मुख्य सचिव द्वारा संघ के प्रतिनिधियों से अनुरोध भी किया गया कि राजस्व महा-अभियान एक बहुत बड़ी जन सेवा है तथा इसमें अभियान से जुड़े हर व्यक्ति का सहयोग आवश्यक है। संघ के प्रतिनिधियों द्वारा यह विश्वास दिलाया गया कि इस दौरान कोई भी अमीन हड़ताल पर नहीं जायेंगे तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये अभियान में पूर्ण सहयोग करेंगे। अमीनों की हड़ताल पर विभाग ने कड़ी कार्यवाई करते हुये सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि हड़ताल पर गये अमीनों का लॉगिन अकाउंट तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाये तथा उन्हें हर प्रकार की सरकारी जिम्मेदारी से वंचित किया जाये। साथ ही हड़ताली अमीनों को सरकारी कार्यालयों में भी प्रवेश नहीं दिया जाये। ऐसे विशेष सर्वेक्षण अमीनों की नौकरी निरस्त कर बहाली की प्रक्रिया पुनः कराने के लिये भी विभाग विचार कर रहा है ।

# स्टार्टअप बिहार से बदली तस्वीर, बढ़े रोजगार के अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'स्टार्टअप बिहार' की बदौलत बिहार उद्यमिता का गढ़ बनता जा रहा है। इस परिवर्तन से एक सशक्त उम्मीद बनी है। युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करते हुए यह योजना नवाचार आधारित विकास के लिए नए अवसर उत्पन्न कर रही है। इसका उद्देश्य राज्य के युवाओं की प्रतिभा का उपयोग करते हुए स्टार्टअप के लिए एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर बिहार को स्टार्टअप, निवेशकों और अन्य हितधारकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। बिहार स्टार्टअप नीति के तहत सरकार युवाओं को 10 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान कर रही है। इस नीति के तहत अब तक कुल 1522 कंपनियां पंजीकृत हो चुकी हैं। इसके साथ 46 स्टार्टअप सेल और 22 इंक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं। पिछले वर्ष 2261 एमएसएमई को स्थानीय उद्योगों से जोड़ा गया। उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 1903 जागरूकता शिविर लगाए गए और आउटरीच प्रोग्राम आयोजित किए गए जिसमें 8099 छात्र प्रशिक्षित किए गए और 91 छात्रों को इंटर्नशिप मिली। सिडबी के साथ 150 करोड़ फंड के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किया गया। अब बिहार के युवा राज्य में ही रोजगार पा रहे हैं और हमारा बिहार सच में बदल रहा है। बिहार स्टार्टअप योजना के अंतर्गत उद्यमियों को 10 वर्षों के लिए 10 लाख तक का इंटरेस्ट फ्री सीड फंड प्रदान किया जा रहा है। बिहार स्टार्टअप नीति की शुरूआत वर्ष 2017 में हुई थी जिसका उद्देश्य राज्य में नवाचार और स्टार्टअप गतिविधियों को बढ़ावा देना था। स्टार्टअप बिहार के तहत एक समग्र तंत्र विकसित किया गया है। युवाओं, महिलाओं और पारंपरिक रूप से उपेक्षित समुदायों की भागीदारी में हुई वृद्धि के साथ ही राज्य की सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में परिवर्तन का संकेत देता है।

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने बाकरगंज पटना में खोला अपना नया शोरूम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के अग्रणी और विश्वसनीय डायमंड ज्वेलरी ब्रांड किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने अपने विस्तार को और मजबूत करते हुए बिहार में 9वां, पटना में 5वां और पूरे भारत में 85वां शोरूम बाकरगंज में भव्य रूप से उद्घाटित किया। इस अवसर पर हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में घनश्याम ढोलकिया, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, हरी कृष्णा ग्रुप ने कहा किसना का उद्देश्य हमेशा से रहा है कि हर घर तक विश्वसनीय, सुंदर और किफायती डायमंड ज्वेलरी पहुंचे। बिहार हमारे लिए एक बेहद महत्वपूर्ण बाजार है और इस नए स्टोर के साथ हम अपने ग्राहकों के साथ गहरा और स्थायी जुड़ाव बना रहे हैं। पराग शाह, निदेशक, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने कहा बिहार हमारे लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है और बाकरगंज ज्वेलरी प्रेमियों का सदैव पसंदीदा केंद्र रहा है।

# गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर अखंड संकीर्तन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर राजधानी के विभिन्न मंदिरों में भक्ति और उत्सव का माहौल बना हुआ दिखा। इसी क्रम में गर्दनीबाग स्थित ठाकुरबाड़ी में 24 घंटे के अखंड नाम-जप संकीर्तन का रविवार सुबह 9 बजे समापन हो गया। इस दौरान हरे कृष्णा हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे हरे, हरे रामा हरे रामा, रामा रामा हरे हरे के निरंतर उच्चारण से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। रविवार को सुबह 9 बजे समापन हो गया। साथ ही साथ मंदिर में अवस्थित पंचमुखी हनुमान जी, भगवान शंकर, दुर्गा दरबार, चित्रगुप्त भगवान, मां दक्षिण काली की भी विस्तृत रूप से पूजा की गई। 24 घंटा चलने वाले इस कीर्तन के अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर संकीर्तन में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष एवं ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष डॉ. रणवीर नंदन ने पत्नी के साथ संकल्प पूजन कर की थी। डॉ. नंदन ने कहा कि श्रीकृष्ण केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि युगपुरुष थे। उनके जीवन से संसार को अद्वितीय राजनीतिज्ञ, महान कर्मयोगी और दार्शनिक मिला, जिनका गीता ज्ञान आज भी पूरी मानवता को मार्गदर्शन देता है। मुख्य पुजारी सत्यप्रकाश पांडेय ने वैदिक रीति से पूजन-अर्चन संपन्न कराया। संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति रस में सराबोर हो रहे हैं।

# सफाई कर्मी आयोग में बाल्मीकि समाज के होंगे अध्यक्ष व सदस्य : दिलीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजधानी के के बाबू जगजीवन राम शोध संस्थान सभागार में बाल्मीकि भंगी मेहतर समाज के वीर स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समारोह सह वीर गाथा कार्यक्रम काआयोजन नील सेना संगठन द्वारा रखा गया जिसका उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, नील सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार वाल्मीकि, पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा, विकासशील स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश निषाद, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर के प्रधान जिला महासचिव अमित कुमार ने दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि डा दिलीप जायसवाल ने अपने भाषण में वाल्मीकि भंगी मेहतर समाज को राजनैतिक अधिकार देने का संकल्प लिया साथ ही कहा कि वे स्टांप पेपर पर लिख कर देते हैं कि बिहार में नवगठित सफाई कर्मचारी आयोग में वाल्मीकि भंगी मेहतर समाज का बेटा ही अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और सदस्य बनेगा जब तक वाल्मीकि भंगी मेहतर समाज को राजनैतिक अधिकार नहीं मिल जाएगा तब तक भारतीय जनता पार्टी वाल्मीकि भंगी मेहतर समाज के समस्याओं के लिए लड़ती रहेगी। ठेकेदारी व्यवस्था का भी समुचित समाधान निकाला जाएगा और बाल्मीकि भंगी मेहतर समाज को स्थायी नौकरी और समान काम समान वेतन दिया जाएगा। नील सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार वाल्मीकि ने वाल्मीकि भंगी मेहतर समाज को राजनैतिक हिस्सेदारी देने की बात करते हुए पांच विधानसभा टिकट देने की मांग रखी। साथ ही सफाई कर्मियों को स्वच्छता सैनिक का दर्जा देने की मांग भी रखी, विकासशील स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश निषाद ने भी ठेकेदारी प्रथा खत्म कर स्थायी नौकरी देने की बात रखी।

# वोट का राज यानी छोट की राज, चोरी नहीं होने देंगे जनता का हक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** वोटर अधिकार यात्रा पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव रविवार की शाम बारून होते हुए औरंगाबाद पहुंचे। यह यात्रा 16 दिनों तक चलेगा जो 1,300 किलोमीटर लंबी होगी। यह यात्रा 20 से ज्यादा जिलों से गुजरेगी और 1 सितंबर को पटना में मेगा रैली के साथ समाप्त होगी। रविवार को रमेश चौक पर राहुल गांधी ने जनसभा में कहा ये संविधान को बचाने की लड़ाई है। पूरे देश में बीजेपी-आरएसएस संविधान को मिटाने पर तुले हैं। चुनाव आयोग के सहयोग से भाजपा महाराष्ट्र की तरह बिहार में वोट चोरी करना चाहती है। इनके मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे। गत चुनावों में देखा है भाजपा जहां से स्वीप करती है तो हमरा गठबंधन कही दिखता ही नहीं है। ये सब खेल वोट चोरी का था। श्री गांधी ने कहा कि लाखों डुप्लीकेट वोटर मिले है। 65 लाख लोगों को चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट से नाम काटा। ये जनता की हक और अधिकार को खुलेआम खत्म करना चाहते है। ये जबरजस्ती बोल रहे है, हम जनता का वोट काटेंगे। मैं गारंटी के साथ कह रहा हूं। इनका वोट चोरी के साज़िश के मंसूबों को हम कभी कामयाब नहीं होने देंगे। श्री गांधी ने कहा कि चोरों को सत्ता से हटाए। किसी भी कीमत पर भाजपा को सत्ता में आने नहीं देना है। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव सभी मिलकर बीजेपी को उखाड़कर फेंकिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार की जनता वोटों की चोरी नहीं करने देंगे, क्योंकि गरीब-कमजोर लोगों के पास सिर्फ वोट का हक है।

# बिहारशरीफ में एक करोड़ से अधिक की योजनाओं का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिहारशरीफ।** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र बिहारशरीफ में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजनान्तर्गत 1 करोड़ से अधिक की लागत से विभिन्न विकास योजनाओं का शुभारंभ किया।

शुभारंभ की गई योजनाओं में वार्ड संख्या-16 के अंबेर श्रीस्तल स्थित संगत परिसर में 34.83 लाख की लागत से नागरिक सुविधा केंद्र का निर्माण एवं परिसर का सौंदर्यीकरण शामिल है। इसके अलावा, वार्ड संख्या-35 में भुसट्टा रोड स्थित गौरी मंदिर से पंडित गली होते हुए चौक बाजार तक 38.55 लाख की लागत से पीसीसी सड़क निर्माण तथा वार्ड संख्या-04 में सोहसराय पंचाने नदी पर बने पुल से दक्षिण दिशा में गंदे जल निकासी के लिए 26.96 लाख की लागत से नाला निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इस मौके पर मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे पिछले बीस वर्षों से बेटा और भाई बनाकर सेवा का अवसर दिया है। मैं भरोसा दिलाता हूं कि आगे भी आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोग एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत मायके वालों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के भोकीलापर गांव में शनिवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान 20 वर्षीय पूजा कुमारी पत्नी विकास रविदास के रूप में हुई है। घटना के बाद मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पति समेत छह ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध हिलसा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मृतका के पिता रविंद्र रविदास, निवासी चमरविगहा (इस्लामपुर थाना), ने बताया कि वर्ष 2024 में उन्होंने अपनी बेटी की शादी विकास रविदास से की थी। विवाह के समय नगद राशि और लाखों रुपये मूल्य का सामान उपहारस्वरूप दिया गया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष लगातार दहेज की मांग करता रहा और संपत्ति लिखवाने का दबाव डालता रहा। आरोप है कि इसी विवाद को लेकर ससुरालवालों ने रस्सी से गला दबाकर पूजा की हत्या कर दी। शव पर गले में निशान पाए गए हैं। शनिवार की रात करीब 11 बजे पड़ोसियों से जानकारी मिलने पर मायके पक्ष मौके पर पहुंचा तो पाया कि पूरा ससुराल परिवार घर छोड़कर फरार हो चुका था। सूचना मिलते ही हिलसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि परिजनों के लिखित बयान पर पति समेत छह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# गणेश पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न, बिना लाइसेंस पूजा आयोजन पर रोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** आगामी गणेश पूजा को लेकर रविवार को सोहसराय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी पूजा आयोजकों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस किसी भी प्रकार का पूजा आयोजन नहीं किया जा सकेगा।

थानाध्यक्ष ने कहा कि पूजा पंडालों में डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। साथ ही पंडाल परिसर में मूर्तियों की सुरक्षा के लिए आयोजकों को अपने स्वयंसेवक नियुक्त करने होंगे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि पूजा एवं विसर्जन के समय ऊंची आवाज वाले गाने, पटाखे तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। प्रतिमा विसर्जन का जुलूस प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग से ही निकलेगा। बैठक में यह तय किया गया कि 27 अगस्त को प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी, जबकि 10 सितंबर को सुबह विसर्जन सम्पन्न होगा। विसर्जन के दौरान प्रशासनिक पदाधिकारी और पूजा समिति के सदस्य संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखेंगे।

थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील की कि सभी धर्मों और समुदायों के लोग आपसी भाईचारा बनाए रखें और अफवाहों से दूर रहें।

बैठक में एसआई राम इकबाल यादव, मिथिलेश कुमार, राजेश कुमार ठाकुर, नंदकिशोर सिंह, रहमान खान, राजीव कुमार, शैलेश कुमार, शशि भूषण तांती, रंजीत कुमार रजक, सुनील कुमार, सज्जन कुमार, नवीन कुमार, ताराचंद महतो, विनीत कुमार, अमरेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# मास्टर ट्रेनर डॉक्टर ममता शर्मा बेहतर कार्य के लिए सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** नवादा के +2 आंति उच्च विद्यालय की शिक्षिका डॉ ममता शर्मा को बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में मास्टर ट्रेनर के रूप में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों का राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मास्टर प्रशिक्षक के रूप में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए डॉ ममता शर्मा को सम्मानित किया गया । प्रशिक्षित शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में बेहतर कार्य कर रहे हैं, जो सुरक्षित बिहार के सपने को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सभागार में उपाध्यक्ष एवं सदस्यों की उपस्थिति में डॉक्टर ममता शर्मा को मास्टर ट्रेनर के रूप में सम्मानित किया गया । इनके सम्मानित होने पर कई शिक्षकों ने इन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# लक्ष्मी नारायण मंदिर में धूमधाम से मनी श्रीकृष्णजन्माष्टमी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज प्रखंड के लक्ष्मी नारायण मंदिर में रविवार को धूमधाम से समारोह पूर्वक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया। रोहिणी नक्षत्र में आयोजित होने वाले श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष मेले का आयोजन भी इस दौरान किया गया था। जैसा कि ज्ञात हो यहां झूला महोत्सव भाद्र पक्ष शुरू होने के पश्चात 8 दिनों तक चलता है। वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार शनिवार को दोपहर से 24 घंटे का अखंड संकीर्तन प्रारंभ किया गया जिसका समापन रविवार को हवन आरती के साथ हुआ। यहां इस दिन अखंड संकीर्तन कार्यक्रम की परंपरा वर्षों से यहां चली आ रही है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को अपने आंखों से देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु अपने रिश्तेदार के यहां पहले ही आने जाने लगे थे। वहीं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए भी व्यवस्था की गई थी। लक्ष्मी नारायण मंदिर जाने वाले रास्ते पर सड़क के दोनों ओर मेले का दृश्य कुछ दिन पूर्व से ही दिखने लगा था चार्ट- पकोड़े, मिठाई, फास्ट फूड और खिलौने आदि की दुकान दोनों तरफ सड़क के लगी हुई थी। मेले में विभिन्न प्रकार के झूले भी लगे थे।बच्चों के आकर्षण का केंद्र झूला में बड़े-बड़े झूला उत्तिमपुर गांव के लगाया गया था। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित होने वाले मेला में काफी संख्या में लोगों के आने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी अतिरिक्त पुलिस बल के साथ चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था में जुटी हुई थी। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि थाने के पुलिस बल के अतिरिक्त जिला से महिला कांस्टेबल और पुरुष कांस्टेबल के अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरा से भी विशेष निगरानी मेले में रखी गई थी। कृष्ण जन्माष्टमी को धूमधाम से मनाने के लिए सभी प्रकार की तैयारी लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा की गई थी। इस दौरान श्रद्धालुओं के खाने ठहरने आदि की व्यवस्था दिखी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विद्वानों द्वारा पारायण पाठ एवं संध्या में भजन कीर्तन तथा प्रवचन का आयोजन भी किया गया। गौरतलब हो कि वैष्णव संप्रदाय के लोगों के लिए आस्था का केंद्र बिंदु माने जाने वाला लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एक दिन बाद रोहिणी नक्षत्र में मनाने की परंपरा रही है जिसके कारण दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पर इस महोत्सव में भाग लेते हैं जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं यहां आती हैं।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत के निमित्त बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** रजौली के बजरंगबली चौक स्थित रजौली भाजपा कार्यालय में रजौली मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रजौली मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा ने की। बैठक में रजौली विधानसभा प्रभारी सह जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता ने प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर आगामी 22-08-2025 के मगध युनिवर्सिटी के मैदान बोधगया रजौली से अधिक से अधिक इस निमित्त बैठक में चर्चा की। रजौली मंडल के विभिन्न शक्ति केन्द्र, पंचायतों में 18 अगस्त 2025 को पंचायत में बैठक करने हेतु प्रभारी नियुक्ति कर कल बैठक समपन्न करने का निवेदन किया। जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन ने कार्यकर्ताओं से निवेदन किया कि हम सभी पूरी तन्मयता के साथ देश के नायक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या रजौली से पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराये। पंचायत में बैठक लेने वाले प्रभारियों से जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन ने प्रभारियों से निवेदन किया कि आप सभी पंचायत के बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बिहार के एनडीए सरकार एवं अपने विकसित नवादा के नायक नवादा लोकसभा के सांसद विवेक ठाकुर के द्वारा किये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तृत रूप से अवगत कराये। रजौली मंडल के मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा ने रजौली भाजपा के परिवारजनों से निवेदन किया कि हम सभी मगध युनिवर्सिटी बोधगया के मैदान में अधिक से अधिक पहुंचे। बैठक समापन उपरांत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रैली उपरांत प्रचार रथ निवर्तमान अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी, जिला मंत्री निशा राजवंशी, मेसकौर जिला परिषद सदस्य सरोज राजवंशी के सौजन्य रजौली विधानसभा में भ्रमण हेतु तीन प्रचार रथ निकाला। प्रचार रथ को रवाना जिला महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता, जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन ने किया। इस मौके पर जिला मंत्री अनपूर्णा कपूर, पूर्व विधायक कन्हैया रजवार, निवर्तमान अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी, मेसकौर जिला परिषद सदस्य सरोज राजवंशी, मंडल महामंत्री सुनील कुमार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमन कुमार, जिला प्रवक्ता पवन कुमार, दीपक रजक, नवीन कंधवे, देवेन्द्र प्रसाद दीवान, विनोद आर्या, राकेश कुमार, मुन्ना चंद्रवंशी, जावेद अंसारी, सुनील राजवंशी, महेश राय, सुखदेव मांझी, सीताराम प्रसाद, नीरज कुमार मंटू रजौली भाजपा परिवार उपस्थित थे।

# पर्यावरण के प्रति संवेदना को समर्पित युवा संवाद महोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पर्यावरण के प्रति युवाओं की संवेदना को समर्पित युवा संवाद महोत्सव रविवार को श्री राज कृष्णा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफ़ेयर ट्रस्ट नवादा कार्यालय परिसर में स्थित स्व जेहल प्रसाद सभागार में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता एवं संचालन युवा साथी और छात्र संघ के जिलाध्यक्ष कुंदन राय ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक विभा देवी ने किया। जबकि मंच पर युवा नेत्री और जिला परिषद उपाध्यक्ष निशा चौधरी विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम का आगाज स्वागत सत्र से हुआ जिसमे जिले के प्रत्येक पंचायत से आये छात्र नेताओं ने विधायक विभा देवी को फलदार और फूलदार वृक्ष एवं राधा कृष्ण के तैलीय चित्र समर्पित कर स्वागत किया। सत्र की शुरुआत पुराने समाजवादी नेता और स्व कृष्णा प्रसाद के जमाने के साथी अनिल प्रसाद सिंह ने किया और विषय प्रवेश कराते हुए पूर्व राज्यमंत्री श्री राजबल्लभ प्रसाद के संघर्षों और उनकी राजनीतिक विरासत को विस्तार से रखा। युवाओं के हवाले मंच से सभी वक्ताओं ने विधायक विभा देवी के कार्यकाल की उपलब्धियों और राजवल्लभ प्रसाद के अवदानों की खुलकर सराहना की। शेरो शायरी से भरपूर भाषणों में युवाओं का जोश सातवें आसमान पर दिखाई दे रहा था। इसी बीच अचानक पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजवल्लभ प्रसाद का आगमन सभा स्थल पर हुआ, तो नवजवानों के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। आठ मिनट के भाषण में उन्होंने युवाओं को सन्देश दिया कि नेता बनना सबसे कठिन कार्य है। क्योंकि रियल नेता कभी भी झूठ और फरेब का सहारा नहीं लेता है। उन्होंने कहा सत्य और निष्ठा के साथ जो भी कार्य करेगा उसे मेरा साथ हमेशा मिलता रहेगा। किसी भी राजनीतिक चालबाजियों से सतर्क करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी की बात पर प्रभावित होने के पहले 10 बार स्वंय सोचना चाहिए और बीस बार लोगों के साथ विचार विमर्श करके सोचना चाहिए। चाहे मेरी ही बात क्यों न हो। सभा को रजौली विधायक प्रकाशवीर और निशा चौधरी ने भी संबोधित किया। विधायक विभा देवी ने अपने भाषण में युवा शक्ति का अभिनन्दन करते हुए हमेशा आगे बढ़ते रहने का सन्देश दिया और स्वच्छ नवादा, सुंदर नवादा और विकसित नवादा बनाने में संपूर्ण योगदान का भरोसा दिया।

# पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव करेंगी महिलाओं के साथ जन संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** गोविंदपुर की पूर्व विधायक व राजद नेत्री पूर्णिमा यादव कौआकोल प्रखण्ड के सभी पंचायतों में महिलाओं के साथ जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन करेंगी। जिसको लेकर रविवार को सरौनी पंचायत के पूर्व मुखिया छोटेलाल यादव की अध्यक्षता में उनके समर्थकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद इसकी जानकारी देते हुए पैक्स अध्यक्ष संजय यादव ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को बिहार के अगला मुख्यमंत्री बनाने के उद्देश्य को लेकर पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के नेतृत्व में प्रखण्ड प्रमुख रीना राय समेत दर्जनों महिला जन प्रतिनिधि महिलाओं के साथ 20 अगस्त से पंचायतवार बैठक कर उनसे संपर्क स्थापित करेंगे।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रहा आकर्षण का केंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** मॉडर्न शैक्षणिक संस्थान, नवादा के द्वारा संचालित सभी संस्थाओं में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएड कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आइटीआई कॉलेज एवं नर्सरी से लेकर स्नातकोत्तर तक की शिक्षा प्रदान करने वाले सभी शाखाओं में आजादी का 79 वां राष्ट्रीय महोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी शाखाओं में वहां के प्राचार्य के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। वही कुंती नगर स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्रांगण में देशभक्ति गीतों से सजा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पूर्व विद्यालय के प्राचार्य गोपाल चरण दास जी के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। विद्यालय के गायन मंडली के द्वारा राष्ट्रगान, राष्ट्रीय गीत एवं झंडा गीत की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मॉडर्न शैक्षणिक संस्थान के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन केवल तिरंगा फहराने का दिन नहीं है, बल्कि उन सभी शहीदों को याद करने का दिन है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें आजादी दिलाई। आज का यह समारोह हमें याद दिलाता है कि आजादी एक अधिकार ही नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। हमें अपने कर्तव्यों को निभाते हुए देश को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम का आगाज संस्थान के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह, प्राचार्य गोपाल चरण दास एवं सभी विद्यालयों के उपप्राचार्य ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सभी प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मॉडर्न शैक्षणिक संस्थान के सभी शाखाओं के शिक्षकगण मनीष कुमार पांडेय, उमेश पांडेय, विपुल सिंह, धर्म प्रकाश, रोशन मिश्रा, राकेश रोशन, चंद्रदीप प्रसाद, समीर सौरभ, रवि कुमार, बीएस तिवारी, राहुल कुमार, आशुतोष आनंद, आशुतोष कुमार, इंद्रजीत मिश्रा, धीरज कुमार ,पवन कुमार, अंजना दीक्षित, अनुमेहा कुमारी, वंदना कुमारी, विस्मिता साहू, रूपाली राणा, लकी कुमारी, प्राची कुमारी, हनी कुमारी, नीलम कुमारी सहित नृत्य शिक्षक पुरुषोत्तम एवं संगीत शिक्षक अनिल कुमार विश्वकर्मा और पवन कुमार सिन्हा की सराहनीय भूमिका रही। अंत में प्रबंध निदेशक के द्वारा सबों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।






# कभी भूख में गुजरती थी जिंदगी लेकिन एक छोटे से नवाचार ने बदल दी किस्मत

डॉ रंजीत कुमार भारतीय/नबिटा ब्यूरो



**जहानाबाद।** 'लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती' यह कहावत जीवन में प्रयास और दृढ़ता के महत्व को दर्शाती है। कुछ इसी तरह छह बार असफल होने के बाद सातवें प्रयास में सफलता बार हाथ लगी।यह कहानी है उस व्यक्ति का जो जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के एक छोटे से गांव मिश्र बिगहा का निवासी है। यह व्यक्ति 52 साल के उम्र में भी बैंजो बनाता और बेचता है। वर्ष 2020 से शुरू हुआ यह व्यवसाय अब एक बड़ा ब्रांड बन चुका है। व्यवसाय का साख ऐसा जमा कि लगभग 5 वर्षों में इसका विस्तार देश के 22 राज्यों और दो अन्य देशों तक पहुंच चुकी है। व्यवसाय चल पड़ी तो अब अच्छी खासी कमाई भी हो रही है। यह प्रसिद्ध लोकोक्ति भी उस व्यक्ति पर सटीक बैठता है जिसमें कहा जाता है - ' जहां चाह, वहां राह' जिस व्यक्ति का जीवन बसर कभी मजदूरी कर भी अच्छे से नहीं होता था, वह व्यक्ति जो कभी दाने दाने के लिए मोहताज था, आज उसी शख्स के एक प्रयोग या नवाचार ने उसके पूरी जिंदगी बदल दी। आज आराम से दो वक्त की रोटी भी मिल रही है और दो बेटे उसके द्वारा खड़े किए गए रोजगार से जुड़कर अच्छी कमाई कर रहा है। बताया जाता है कि मखदुमपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले शिवशंकर पंडित का जीवन शुरुआत से ही गरीबी में बीता। जब थोड़ा होश संभाला तो उसके पिताजी का देहांत हो गया। इस बीच शादी भी हुई और जिम्मेवारियों का बोझ भी सिर पर पड़ा। दो बच्चों के पालन पोषण के साथ परिवार को भी संभालना था। इस दौरान 90 के दशक में उसने राज मिस्त्री का काम करना शुरू कर दिया। करीब 25 साल के लंबे सफर में कई बार आर्थिक तंगी से जूझना पड़ा। कहते हैं कि हर इंसान में एक कला जरूर होता है, जिसे उसे पहचानने और तराशने की जरूरत होती है। शिवशंकर पंडित में भी एक ऐसी ही विशिष्ट और विलक्षण कला थी जिसे उन्होंने देर से ही सही, लेकिन जब पहचाना तो फिर कभी जीवन में पीछे मुड़कर नहीं देखा। शिवशंकर के पास बैंजो बनाने की कला थी, जिससे आज उसकी देश भर में पहचान बन गई। शिवशंकर पंडित 2020 में बैंजो बनाना शुरू किया। छह बार तो असफल हो गए, लेकिन हार नहीं मानी 7 वीं बार में सफल बैंजो बना दिया। इस सफल ट्रायल ने उनके अंदर काम करने का जज्बा भर दिया। फिर क्या था,काम करते चले गए और सफलता उनके कदम चूमती गई। धीरे- धीरे उन्होंने अपने दोनों बेटों को भी इसी रोजगार में उतार दिया और तीनों लोग तन- मन से इस काम में जुट गए। आज हालात ऐसी है कि उनके पास बैंजो की इतनी डिमांड है कि पूरी नहीं हो पाती है। अब तक 22 राज्यों में बैंजो की सप्लाई कर चुके हैं। इससे इनकी अच्छी खासी कमाई भी हो रही है। उन्होने बताया कि इस व्यवसाय को उनके पिताजी बड़ी शिद्दत से आगे बढ़ाया है। जैसे सुई से एक एक फूल को पिरोकर माला बनाया जाता है। वो बताता है कि आज उन्हीं की देन है की हमलोग भी इस व्यवसाय जुड़ गए हैं। उन्होंने बताया कि आज हमारे बनाए बैंजो की अच्छी खासी मांग है। हम अपने बनाए सामान की गुणवत्ता से समझौता नहीं करते हैं, यही कारण है कि हमारे सामान की मांग देश विदेश से हो रही है।

# अलग-अलग हादसों में दो की मौत

राजीव वर्मा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता






**बिहारशरीफ।** परबलपुर थाना क्षेत्र में रविवार को दो अलग-अलग घटनाओं में एक बुजुर्ग और एक किशोर की मौत हो गई। पहली घटना परबलपुर-बेन मोड़ के पास हुई, जहां सड़क दुर्घटना में डुमरी गांव निवासी सुरेंद्र सिंह की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, सुरेंद्र सिंह प्रतिदिन की तरह रविवार को भी बिहारशरीफ बाजार समिति में काम करने गए थे। काम खत्म कर दोपहर में बस से घर लौटते समय जैसे ही वे बस से नीचे उतरे, पीछे से आ रही एक पिकअप वैन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पिकअप वैन को जब्त कर लिया है। दूसरी घटना परवलपुर थाना क्षेत्र के तारा बिगहा गांव में घटी। यहां खेत पटवन के दौरान करंट की चपेट में आने से 13 वर्षीय धर्मवीर कुमार की मौत हो गई। मृतक संजय प्रसाद का पुत्र था। बताया जाता है कि धर्मवीर अपने पिता की मदद करने खेत गया था, तभी अचानक बिजली प्रवाहित तार के संपर्क में आने से वह मौके पर ही झुलसकर मौत के शिकार हो गया। दोनों घटनाओं से परिजनों में कोहराम मच गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है।

# रजौली प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को काफी धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी मनाई गई। भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी को लेकर सुबह से ही महिलाओं में काफी उत्साह रहा। जन्माष्टमी के पर्व पर महिलाओं ने दिन भर उपवास पर रहकर स्थानीय ठाकुरबाड़ी में जाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर रजौली प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों जगहों पर मंदिरों को सजाया गया था। जन्माष्टमी पर मंदिरों में देर रात तक भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति गीत, भजन और मध्य रात्रि में उनके जन्म के बाद उनके स्वागत में बधाइयां गाई गई। जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों में महिलाओं की काफी भीड़ रही। बरनवाल नवयुवक सेवा समिति के अध्यक्ष धनंजय कुमार उर्फ धन्नू की अध्यक्षता में रजौली बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी में काफी धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी मनाई गई। ठाकुरबाड़ी को बड़े खूबसूरत एवं आकर्षक ढंग से सजाया गया था। देर शाम से ही महिलाओं व नवयुवतियों की भीड़ ठाकुरबाड़ी में जमा होने लगी थी। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भजन-कीर्तन में जुटे थे। जन्माष्टमी के बाद सभी श्रद्धालुओं को पंचामृत व प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर ठाकुरबाड़ी के पुजारी दिनेश पांडेय, पवन पांडेय, सचिव बिनोद आर्या, केसर प्रसाद उर्फ प्रकाश, संजय कुमार बब्लू, बिनोद कुमार उर्फ पप्पू, संजय कुमार, रजौली व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार, भावी प्रत्याशी दीपक रजक, प्रियांशु बरनवाल समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# राजद के भितरघातियों को सिखाया जाएगा सबक : सलमान रागिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा ।** राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता पूर्व विधान पार्षद सलमान रागिब मुन्ना ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल में रहकर भीतर घात करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने रविवार को नवादा में प्रेसवार्ता आयोजित कर कहा कि गोविंदपुर से राजद के विधायक मोहम्मद कामरान ने हमारे नेता तेजस्वी यादव को गलत साबित करने वाले नवादा के विधायक विभा देवी के पति पूर्व मंत्री राजबल्लभ प्रसाद के बलात्कार कांड में रिहा होकर जेल से निकलते ही उन्हें चादर देकर सम्मानित करने चले गए। जो निश्चित तौर पर मेरे नेताओं व पार्टी के साथ विश्वास घात है। उन्होंने कहा कि हाल ही राजबल्लभ यादव की पत्नी नवादा की विधायक विभा देवी ने तेजस्वी यादव से कई सवाल पूछे कार्यक्रम की फरिश्ते चलाकर उन्हें ब्रीफकेस लेकर टिकट देने वाला नेता बताया। जो निश्चित तौर पर हमारे नेता के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग है। राजद विधायक मोहम्मद कामरान रात के अंधेरे में पूर्व मंत्री राजबाला प्रसाद को चादर देकर सम्मानित करने चले गए। उन्होंने कहा कि इस मामले की तस्वीर सर्वमान्य नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव को भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम किसी भी कीमत पर इस तरह की हरकत को बर्दाश्त नहीं करेंगे । ऐसी हरकत तो राष्ट्रीय जनता दल को कमजोर करेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीत के बाद महागठबंधन की सरकार बनेगी। जिसके मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव होंगे।

# भारतीय जन उत्थान परिषद संस्था ने जंगली क्षेत्रों में मनाया स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड के जंगली क्षेत्रों रजौली पूर्वी पंचायत के एकचटवा एवं सवैयाटांड़ पंचायत के बसरौन में भारतीय जन उत्थान परिषद संस्था के द्वारा स्वतंत्रता दिवस काफी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह-सुबह पूरे गांव में प्रभात फेरी के साथ हुई। जिसमें बच्चों और ग्रामीणों ने देशभक्ति गीतों के साथ पूरे माहौल को जोश और उत्साह से भर दिया। इसके बाद ध्वजारोहण किया गया। झंडोतोलन करने के बाद क्विज़, डांस और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इसमें दत्तीटीलहा, झिरझो गांव के बच्चे भी भाग लिए। दत्तीटीलहा विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया।

# पूंजीपतियों की लापरवाही से तीन मजदूरों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गुरारू।** शनिवार की संध्या गुरारू बाजार में उस समय भूचाल आ गया जब स्टेशन रोड स्थित वर्षों से बंद पड़े किरोसीन तेल के डिपो में पूंजीपतियों ने तीन नवयुवक मजदूरों को किरोसीन तेल की टंकी में सफाई करने के नाम पर उतार दिया और तीनों के तीनों छोटू पासवान, सागर यादव,सोनू कुमार की मौत दम घुटने से टंकी के अंदर ही हो गया। गौरतलब है कि रविवार को मृतक छोटू पासवान का भाई संजीव कुमार पिता गनौरी पासवान ने थाना में आवेदन दिया है कि फांफर गांव के परमजीत यादव एवं रंजीत यादव ने हमारे भाई एवं दशरथ बिगहा गांव के ही दुर्गा पासवान पिता स्वर्गीय बसंत पासवान को यह कहकर काम करने के लिए ले गए कि किरोसीन तेल के डिपो में टंकी से मिट्टी खोदना है। शाम को दुर्गा पासवान रोते चिल्लाते हमारे घर आया कि छोटू सहित दो और लड़के टंकी में ही मर गया। प्रत्यक्षदर्शी दुर्गा पासवान के कहने पर मैं घटना स्थल पर गया और तीनों युवकों को टंकी में मृत पाया। ग्रामीणों एवं पुलिस की सहयोग से तीनों को निकाल कर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मुझे पूर्ण विश्वास है कि डिपो का पूर्व मालिक पवन जैन एवं वर्तमान उक्त डिपो के खरीदार पिंकू चौरसिया, करण सोनार एवं अमीत सोनार सहित सभी ने लापरवाही से जान-बूझकर तीनों मजदूरों को टंकी में उतार दिया और तीनों की मौत दम घुटने से हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने कहा कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# राहुल गांधी और तेजस्वी यादव आज गया में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** गया में 'वोटर अधिकार यात्रा' के लिए सांसद-कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी सोमवार को गया जिले के कोंच थाना के डबूर में दोपहर 2:30 बजे पहुंचेंगे जहां भोजनावकाश करेंगे और पुनः 4 बजे शाम में प्रस्थान कर गुरारू बगडिहा मोड़ होकर कोंच के अहियापुर पंचानपुर होते हुए गया में प्रवास करेंगे। राहुल गांधी के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के घटक दल राजद और माले के कई राष्ट्रीय स्तर के नेता भी शामिल रहेंगे। नेताओं को ठहरने के लिए कंटेनर लगाया गया है। सभी कंटेनर वातानुकूलित है जिसमें सभी तरह की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कई अन्य नेताओं के भी रुकने की व्यवस्था है। टेंट पंडाल लगाए जा रहे हैं। जगह-जगह पर तोरण द्वार बनाए गए हैं। वोटर अधिकार यात्रा को लेकर महागठबंधन के कार्यकर्ता युद्धस्तर पर तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस और राजद के अलावा महागठबंधन के सभी घटक दलों के प्रखंड से लेकर जिला, प्रदेश स्तर तक के कार्यकर्ता और नेता कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हैं। राजद जिलाध्यक्ष टिकारी संगठन सुभाष यादव ने बताया कि सोमवार और मंगलवार को गया जिले में वोटर अधिकार यात्रा है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार से वोट चोरी के खिलाफ निर्णायक संग्राम जारी है। इस बार मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने से वंचित करने वाली पार्टी को जनता निश्चित रूप से जवाब देगी। देश और राज्य के शीर्ष नेता के आगमन को लेकर तैयारी में किसी तरह की चूक न रह जाए, इसके लिए स्थानीय सांसद अभय कुशवाहा, विधायक विनय कुमार यादव, माले नेता बालेश्वर प्रसाद यादव आदि कई वरिष्ठ नेता भी रविवार को तैयारियों का जायजा लेते रहे। डीएम-एसपी ने सुरक्षा को लेकर हर बिंदुओं पर जायजा ले रहे हैं। डीएम और एसपी ने सुरक्षा को लेकर जगह-जगह पर बैरिकेडिंग करने की बात कही। महागठबंधन के लिए वोटर अधिकार यात्रा अत्यंत ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# शराब की खुलेआम बिक्री, पुलिस शराब बंदी करने में नाकाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** गया जिले के गुरुआ थाना क्षेत्र में महुआ और अंग्रेजी शराब की खुलेआम बिक्री जारी है। आरोप है कि यह पूरा कारोबार थाना अध्यक्ष की नजर के सामने बड़े शराब माफियाओं द्वारा संचालित हो रहा है। सूत्रों के अनुसार शराब माफिया दिनदहाड़े मोटरसाइकिलों से एक साथ पांच से सात गाड़ियों में शराब विक्रेताओं तक माल पहुंचा रहे हैं। थाना से सटे भुइयाबीघा बैजू धाम, मोरहर नदी किनारा, बढ़ाई बीघा नहर, मंडा पहाड़ और भरौंधा स्थित अधनिर्मित एक्सप्रेसवे समेत कई स्थानों पर धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। हाल ही में जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत के बाद भी पुलिस की ओर से इन स्थलों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि बड़े पैमाने पर होने वाले इस अवैध कारोबार में माफियाओं और दलालों से कथित रूप से पुलिस वसूली करती है जबकि छोटे कारोबारी और गरीब उपभोक्ताओं को पकड़कर जेल भेज दिया जाता है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब असली कारोबारी बेखौफ कारोबार चला रहे हैं, तब पुलिस सिर्फ शराबबंदी की गिरफ्तारी संख्या पूरी करने में क्यों लगी है।

# सीयूएसबी में विभाजन की विभीषिका पर प्रदर्शनी सह व्याख्यान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गयाजी)।** 14 अगस्त 1947 को भारत का बंटवारा केवल भौगोलिक या राजनीतिक बंटवारा नहीं था बल्कि यह भारत की संस्कृति एवं साझी विरासत का भी बंटवारा था, जिसके दंश को भुलाया नहीं जा सकता। हम भारत के लोगों को भारत प्रथम के भाव-भावना से राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के लिए साथ मिलकर कार्य करने की जरूरत है।उक्त बातें दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदर्शनी सह व्याख्यान कार्यक्रम के दौरान कहीं।

# वैश्य समाज एकजुट होकर अपने हक और परेशानी को हल कराने के लिए एक साथ आए : राजू वर्णवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** शहर स्थित टेकारी रोड, संजू साव के निजी आवास पर जिला वैश्य समाज के द्वारा प्रेस वार्ता की गई। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता जिला वैश्य समाज के संयोजक राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल की अध्यक्षता में की गई। प्रेस वार्ता में सहसंयोजक संजीव कुमार, संजू साव, रणधीर केसरी, संतोष कुमार गुप्ता, लालजी प्रसाद सहित सभी वैश्य समाज के अग्रणी प्रतिनिधिगण शामिल हुए और सभी लोगों ने एक स्वर में वैश्य एकता की बात की और प्रस्तावित 24 अगस्त रविवार को गांधी मैदान में वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर सभी वैश्य परिवार जनों को इस कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या में सम्मिलित होने का आह्वान किया है। इस वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन के माध्यम से वैश्य की राजनीति में भागीदारी की अनदेखी विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के द्वारा की जाती रही है। इसी उद्देश्य में आगामी 24 अगस्त को वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन के माध्यम से यह संदेश सभी राजनीतिक पार्टियों को देने का काम करेंगे, वैश्यों की राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करो नहीं तो वैश्य भी अबकी बार आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए कमर कस चुके हैं और किसी भी पार्टी के द्वारा वैसे समाज को टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय उम्मीदवार लड़ने के लिए वैश्य समाज सोचने पर मजबूर होगा। मौके पर संजू साव अध्यक्ष गया जिला तैलिक साहू सभा, लालजी प्रसाद हलवाई समाज, बबलू विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष विश्वकर्मा, सरदार जी जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी पती, रंधीर केशरी सह संयोजक वैश्य समाज, सतीश कुमार केशरी, अर्जुन प्रसाद, संजीव कुमार संजय अध्यक्ष कानू समाज, महेन्द्र शर्मा, शंकर साव, नरेश कानू, गोपाल पटवा, मनोज कुमार पार्षद और वैश्य समाज के काफी लोग उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। खनन विभाग की टीम ने पंचानपुर थाना क्षेत्र से अवैध उत्खनन कर बालू की ढुलाई कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना को सुपुर्द किया। साथ ही ट्रैक्टर चालक को भी पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है। मामले को लेकर खान निरीक्षक प्रखर प्रज्ञा के लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रखर प्रज्ञा द्वारा की गई लिखित शिकायत में कहा गया है कि विगत गुरुवार को खनन विभाग की टीम पंचानपुर थाना की पुलिस के साथ कुसाप ग्राम के समीप से एक बालू लदे ट्रैक्टर को चालक सहित हिरासत में लिया जिसके बाद बाइक सवार दो लोग वाहन छुड़ाने का प्रयास करने लगे। पुलिस की सख्ती के बाद दोनों युवक बाइक सहित भाग निकले। गिरफ्तार चालक पंचानपुर थाना क्षेत्र के मतई ग्राम निवासी सत्येन्द्र कुमार से दोनों युवकों के बारे में पूछताछ की तो दोनों युवकों की पहचान कुसाप ग्राम निवासी प्रमोद शर्मा व शहवाजपुर ग्राम निवासी धीरज कुमार के रूप में बताई गई। चालक के अनुसार दोनो युवक बालू की अवैध बिक्री करते है। मामले को लेकर पंचानपुर थाना में सुसंगत धारा के तहत कांड संख्या 154/25 दर्ज किया गया है।

# इसीआरकेयू गया शाखा में किया गया ध्वजारोहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गया शाखा द्वारा 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गया स्थित डेल्हा साइड बुकिंग कार्यालय के ऊपर ध्वजारोहण केंद्रीय कोषाध्यक्ष हाजीपुर सह कार्यकारिणी सदस्य ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन नई दिल्ली कामरेड मिथिलेश कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित रेल कर्मचारियों के समक्ष स्वतंत्रता दिवस की महत्ता एवं उन सभी बलिदानियों की याद को ताजा करते हुए उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित किया। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम में अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि शहीद बेदी पर पुष्पांजलि कर दिया। कामरेड शिव गोपाल मिश्रा महामंत्री ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर उनकी दीघार्यु की कामना की और शुभकामनाएं दी। मान्यता में नहीं रहने के बावजूद रेल कर्मचारियों की रक्षा के लिए अपना संकल्प को दोहराया तथा वर्तमान में जीती हुई यूनियन की क्रियाकलापों पर चर्चा किया कि किस प्रकार वे लोग अपने स्वार्थ में कर्मचारियों को गड्ढे में धकेल कर छोड़ दिए हैं। इस अवसर पर शाखा सचिव मुकेश सिंह ने भी उपस्थित रेल कर्मचारियों को उत्साहवर्धक नारेबाजी के साथ संबोधित किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किस प्रकार स्वतंत्रता सेनानियों ने एकजुट होकर अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी बहुत सारे सेनानियों ने अपनी शहादत दी परिणाम स्वरूप हम लोग स्वतंत्रता का जश्न मना रहे हैं। इसे हमेशा बरकरार बनाए रखना है तथा संगठित होकर रहना है। इस अवसर पर गया शाखा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद, मनोज कुमार, संजीत कुमार, आर के अवस्थी, रामप्रवेश प्रसाद पूर्व अध्यक्ष, मोहम्मद जफर अली, नित्यानंद प्रसाद, अबरार अहमद, बीके चौधरी, वीरेंद्र प्रसाद, अजय कुमार सिंह, नीरज कुमार, पंकज कुमार सिंह, श्रीनिवास सिंह, किरण कुमारी, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, प्रमोद कुमार, सुजीत कुमार, रवि राज, धीरज कुमार, युवा अध्यक्ष राकेश कुमार के अलावा बहुत सारे रेल कर्मचारियों विशेष कर चेकिंग स्टाफ एवं टीआरएस स्टाफ मौजूद थे। उक्त जानकारी उत्तम कुमार मीडिया प्रभारी, इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन शाखा गया ने साझा की।

# वायुसेना के जवान से लूट की सनसनीखेज वारदात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया-मानपुर रेलखंड पर चलती ट्रेन में भारतीय वायुसेना के जवान से लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। वर्दीधारी जवान ने अपराधियों से डटकर मुकाबला किया, लेकिन बदमाश संगठित गिरोह की तरह हमला कर उसके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल, सोने की चेन और नकद रुपये लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पीड़ित जवान की पहचान लाल बाबू, पिता स्व. अरविंद प्रसाद सिंह, निवासी ग्राम तेउस, थाना जयरामपुर मोड़, जिला शेखपुरा, के रूप में हुई है। वे वर्तमान में भारतीय वायुसेना की फरीदाबाद इकाई में तैनात हैं। लाल बाबू ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 9 जून 2025 की शाम लगभग 7:40 बजे वे गाड़ी संख्या 03435 आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल एक्सप्रेस से नवादा से गया की ओर यात्रा कर रहे थे। गया स्टेशन के पूर्वी क्षेत्र में बागेश्वरी गुमटी के पास ट्रेन धीरे-धीरे चल रही थी, इसी दौरान बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल फोन झपट लिया। जवान ने साहस दिखाते हुए आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ लिया, लेकिन तभी तीन अन्य साथी वहां पहुंच गए और संगठित रूप से हमला कर दिया। अपराधियों ने हाथापाई के बीच उनके जेब से 8,500 नकद, गले से लगभग 17 ग्राम का सोने का चेन, आधार कार्ड और एक अन्य मोबाइल फोन भी जबरन छीन लिया। हाथापाई में घायल जवान को गया रेल थाना पुलिस ने इलाज के लिए जयप्रकाश नारायण अस्पताल, गया भेजा। इसके बाद अगले दिन, 10 जून को जवान के आवेदन पर गया रेल थाना कांड संख्या 169/25, धारा 309(6)के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में आरोपी दीपक कुमार उर्फ काला पत्थर को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने अपराध में संलिप्तता स्वीकार की है। फिलहाल गिरोह के अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। चलती ट्रेन में हुई इस घटना ने रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि वायुसेना के जवान ने अपने साहस से अपराधियों का डटकर सामना किया और पुलिस की तत्परता से एक आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सकी।

# स्वतंत्रता दिवस पर जिला जज ने किया झंडोतोलन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** 79 वें स्वतन्त्रता दिवस के सुअवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय परिसर, गया में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष मदन किशोर कौशिक द्वारा झंडोतोलन किया गया एवं सचिव अरविंद कुमार दास के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर संविधान प्रस्तावना पढ़ा गया। इस अवसर पर एडीजे प्रथम शशिकांत ओझा, एडीजे द्वितीय नलिन कुमार पांडेय के अलावे सभी न्यायिक पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे। इस मौके पर जिला जज ने कहा कि हम न्यायिक व्यवस्था से जुड़े हुए हैं। सत्यमेव जयते हमारा सिद्धांत है। इससे दायित्व और ज्यादा हो जाता है। दायित्व का सही रुप से निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम में परमानेंट लोक अदालत के अध्यक्ष लोलार्क दुबे एवं अधिवक्ता, एलडीसीएस केअधिवक्ता गण, पैनल अधिवक्तागण एवम सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकार कर्मचारीगण हादी अकरम, प्रतुल कुमार, विकास कुमार, हारून रशीद, उदय कुमार, अनिल कुमार, दीपक कुमार सिन्हा, रंजीत कुमार, रितिक कुमार, जितेंद्र कुमार, जीतू कुमार, अजय कुमार और विकास कुमार उपिस्थत थे।

# सीयूएसबी के लीगल एड क्लिनिक ने वृक्षारोपण अभियान में लगाए फलदार पौधे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गयाजी)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस (एसएलजी) के लीगल एड क्लिनिक एवं इको क्लब द्वारा सस्टेनिंग दी स्पिरिट ऑफ इंडिपेंडेंस विद एवरी सैपलिंग थीम के तहत रविवार को वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने पौधरोपण कर किया। उनके साथ अभियान के अंतर्गत फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए जिनकी देखभाल का संकल्प सभी प्रतिभागियों ने लिया। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाना आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को हरा-भरा और स्वच्छ वातावरण मिल सके। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि एसएलजी के विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. अशोक कुमार ने पेड़-पौधों को जीवन और जलवायु के लिए अनमोल धरोहर बताते हुए उनके संरक्षण की जिम्मेदारी सभी को लेने का आह्वान किया। वहीं लीगल एड क्लिनिक एवं इको क्लब के संयोजक डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि वृक्ष केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि यह जैव विविधता को बनाए रखने, जल संरक्षण और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनकी देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक पोषित करना है। इको क्लब के सह-संयोजक श्री मणि प्रताप ने भी सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए इसे सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक डॉ. सुरेन्द्र कुमार, प्रो.संजय श्रीवास्तव, प्रो. पी.के. दास, डॉ. डी.एन. सिंह, डॉ. पूनम कुमारी, श्री मणि प्रताप, डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. अनंत प्रकाश नारायण, डॉ. चंदना सुबा, के साथ-साथ लीगल एड क्लिनिक और इको क्लब के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले छात्रों में प्रणव यादव, वैष्णवी गिरि, सुयश, रिफात हयात, प्रतीक तिवारी, तनीषा रॉय, विनेदिता पंकज, लोकेश्वरी पटेल, छवि ठाकुर, आदर्श मिश्रा, मोनिका गुप्ता, साध्वी विद्युतमा, ऋतुपर्णा सिंह, मुस्कान कुमारी, प्रियांशु, प्राची गोयल, हर्ष नारायण, अंजली कुमारी और शिवांगी ठाकुर शामिल रहे।

# उचक्कों ने चेन झपटने का किया प्रयास, बाइक से गिरकर शिक्षिका व पति घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** गया-राजगीर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 82 के दखिनगांव फोरलेन बाइपास पर बाइक से आ रहे एक दम्पत्ति को बाइकर्स गैंग ने निशाना बनाया और धक्का देकर गिरा दिया जिससे पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में शिक्षिका पिंकी कुमारी है जो प्राथमिक विद्यालय पथरौरा में कार्यरत हैं। वहीं उनके पति पथरौरा कॉलोनी निवासी मुकेश कुमार एमआर हैं और संध्या लगभग पौने पांच बजे गया से वापस अपने घर लौट रहे थे। बाइक से गिरने के बाद दोनों को वजीरगंज अस्पताल इलाज के लिये लाया गया जहां से दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद एएनएमसीएच गया रेफर कर दिया गया और वहां से मुकेश कुमार को पटना रेफर किया गया है। परिजन कमलेश कुमार ने बताया कि मुकेश कुमार के सिर में गंभीर चोट आयी है तथा उनकी पत्नी की भी हालत ठीक नहीं है। दो बाइकों पर सवार बाइकर्स गैंग ने शिक्षिका के गले से सोने का चेन झपटने का प्रयास किया और पैर से मारकर बाइक को गिरा दिया जिससे वे घायल हो गये। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि मामले की सूचना नहीं मिली है।

# ऐतिहासिक होगी नरेन्द्र मोदी की महाजनसभा : डॉ महाचंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** वजीरगंज में रविवार को समारोह आयोजित कर बिहार राज्य सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डॉ0 महाचन्द्र प्रसाद सिंह का भव्य स्वागत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह अध्यक्ष डॉ0 महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि आज सवर्णों का आधा से अधिक आबादी गरीबी रेखा के नीचे अपना जीवन गुजार रहा है। आयोग गठन हुए अभी मात्र दो माह हुए हैं, इस दरम्यान आयोग इसकी पड़ताल करते हुए छात्रावास बनवाने, छात्रवृति दिलवाने, नौकरियों में उम्र सीमा बढ़वाने सहित अन्य कार्य कर रहा है। हमारे नेता नरेन्द्र मोदी ने सवर्णों के लिये आगे आकर कई निर्णय लिये हैं और आगामी 22 अगस्त को वे बोधगया आ रहे हैं और पूरे विश्व का ध्यान उनपर टीका है, इसलिये उनके कार्यक्रम में आप अपने विधानसभा से खुद के प्रयास से समर्थकों को हुजूम ले जाने का प्रयास करें। उनकी यह जनसभा ऐतिहासिक होगी, जिसमें सर्वाधिक लोग सामने से उन्हें सुन व देख सकेंगे। उनके कार्यों से प्रभावित होकर पूरे विश्व आज उन्हें उच्च कोटी का नेता मान रहा है। आज पहली ऐसी सभा है जहां आमलोगों को आमंत्रण पत्र देकर बुलाया जा रहा है। आपलोगों की स्थानीय समस्या स्टेशन पर गाड़ियों का ठहराव की बात भी संबंधित पदाधिकारियों एवं मंत्रियों से की जायगी, वहीं आपकी प्रमुख मांग वजीरगंज को अनुमंडल बनाना और एरू स्टील प्रोसेसिंग प्लांट का निर्माण कराने के लिये भी प्रयास किया जाएगा। मौके पर सवर्ण समुदाय के दर्जनों समाजसेवी व नेताओं ने समारोह को संबोधित किया।

# पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर सिंह की जयंती मनायी गयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** शहर के राजेंद्र आश्रम स्थित कांग्रेस कार्यालय के सभागार में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर सिंह की जयंती जिलाध्यक्ष संतोष कुमार की अध्यक्षता में रविवार को मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेस के दोनों कार्यकारी अध्यक्ष शाहाब उद्दीन रहमानी एवं उदय मांझी के साथ ही साथ पर्यवेक्षक कमलेश्वर पटेल, राजीव पयासी, सिप्पी मीना ने भाग लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर के बतलाये गये मार्गो पर चलकर ही कांग्रेस को पुनः स्थापित किया जा सकता है। जयंती समारोह में कांग्रेस कमिटी के चन्द्रिका प्रसाद यादव, जिला प्रवक्ता अशोक प्रसाद भारती, युगल किशोर सिंह, राजकपुर गुप्ता, राजीव कुमार सिंह, धीरेन्द्र कुमार सिंह, भुवन राम, धीरज वर्मा, देविका सरियार धर्मेंद्र शर्मा, विधा शर्मा, ओम प्रकाश निराला, सविन्द्र चौधरी, देवेंद्र प्रताप, संजय कुमार, लालसा देवी, विपिन बिहारी सिन्हा, केदार प्रसाद, अजहरुद्दीन, कुमार ओंकार शक्ति, विनोद कुमार सिन्हा, सम्मी अख्तर खान, बबलू शर्मा, शिवनाथ प्रसाद सहित उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची में आधार कार्ड की प्रति के साथ कर सकते हैं दावा प्रस्तुत

**गयाजी।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट पीटीसन (एस) (सिविल) सं0 (5) 640/2021 (एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म बनाम भारत निर्वाचन आयोग) में 14 अगस्त को पारित अंतरिम न्यायादेश के आलोक में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ऐसे निर्वाचक जिसका नाम वर्ष 2025 की निर्वाचक सूची में शामिल है परंतु 01 अगस्त को प्रकाशित प्रारूप सूची में शामिल नहीं है मतदान केन्द्रवार कारण सहित (मृत / स्थायी रूप से स्थानांतरित / अनुपस्थित / दोहरी प्रविश्टि) जिला निर्वाचन पदाधिकारी, गया के वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है।

# रक्तदान शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के द्वारा रसलपुर में 15 अगस्त को विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 16 रक्तदाता ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ यूथ ब्रिगेड के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनी कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर-के किया। साथ ही अपने संबोधन में बताया कि रक्तदान दुनिया का सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है क्योंकि यही सब रक्तदान से जरूरतमंद मरीज की जान बचाई जाती है क्योंकि रक्त केंद्र में जब खून जमा रहता है तभी हम सबको आसानी से मिलता है और अगर रक्त रहेगा ही नहीं तो मरीज का जान बचेगी कैसे, पूरी दुनिया रक्तदान महामारी से जूझ रहा है इसे दूर करने के लिए हम सभी को हर 3 महीने में रक्तदान करना चाहिए जिससे हम सभी का शरीर स्वस्थ रहता है।रक्तदान शिविर के प्रभारी अमित सिन्हा रहे। उनका महत्वपूर्ण योगदान है गांव में रक्तदान कराना बहुत कठिन होता है लेकिन इनकी बढ़ते हौसला से कई रक्तदाता जागरूक हुए और खुशी खुशी रक्तदान किए। रक्तदान करने वाले सदस्यों में ऋषि सिंह, अमित सिन्हा, मनीष चंद्रा, गुलशन सिंह, सुमन सिंह, बलवंत सिंह, सिद्धू सिंह, दिलीप सिंह आदि लोग रहे।

# जीबीएम कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो. डॉ सहदेब बाउरी ने ध्वजारोहण करके समस्त महाविद्यालय परिवार को बधाई दी। कॉलेज की एनसीसी कैडटों ने तिरंगे झंडे को सलामी दी। प्रधानाचार्य डॉ. बाउरी ने महाविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता तभी अक्षुण्ण रह सकती है जब हम भारतीय संविधान का श्रद्धा के साथ अनुपालन करें। अनुशासित रहें तथा अपने कर्तव्यों को निभायें। स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रो अफशां सुरैया, नैक समन्वयक डॉ. शगुफ्ता अंसारी, पीआरओ डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, एनसीसी सीटीओ डॉ नगमा शादाब, डॉ जया चौधरी, डॉ पूजा, डॉ अमृता कुमारी घोष, डॉ पूजा राय, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ फरहीन वजीरी, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ बनीता कुमारी, डॉ प्यारे मांझी, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ सुनीता कुमारी, प्रीति शेखर, डॉ शुचि सिन्हा, डॉ. सीता, डॉ प्रमिला कुमारी, डॉ वीणा जायसवाल, डॉ विजेता लाल, डॉ फातिमा, डॉ नुद्रतुन निसां, डॉ अफशां नाहिद, डॉ सपना पांडे, डॉ रूही खातून, सुनील कुमार, अजय कुमार, अभिषेक कुमार, अजय कुमार, अभिषेक कुमार भोलू, रौशन कुमार, राजेश कुमार, नीरज कुमार, विक्रम कुमार, संजू, विवेक, सुरेन्द्र प्रसाद, आनंद, रेणु देवी एवं विभिन्न विभागों की छात्राओं की उपस्थिति रही।

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया जी।** भारत रत्न सहित अनेक सर्वोच्च सम्मानों से अलंकृत, देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारतीय राजनीति के अमर पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय में एक श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं के द्वारा उनके चित्र पर माला एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि अटल जी जैसे व्यक्तित्व युग-युगांतर में ही जन्म लेते हैं। वे केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि कवि, पत्रकार, वक्ता और दूरदर्शी विचारक भी थे। उनका जीवन देशभक्ति, त्याग, सेवा और आदर्शों का अद्वितीय उदाहरण था। वे ऐसे नेता थे जिन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया और राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोपरि रखा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि अटल जी ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। पोखरण परमाणु परीक्षण से लेकर लाहौर बस यात्रा और कारगिल युद्ध में साहसिक नेतृत्व तक, उन्होंने हर परिस्थिति में राष्ट्र की गरिमा को बनाए रखा। उनके नेतृत्व में भारत ने आर्थिक, सामाजिक और सामरिक सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की। डॉ. मिश्रा ने कहा कि आज हम सभी उनके चरणों में पुष्प अर्पित कर नमन और वंदन करते हैं। उनकी विचारधारा, उनका कर्मपथ और उनकी राष्ट्रभक्ति हमारे लिए मार्गदर्शक बनी रहेगी।

# भारत के परंपरागत खेलों का टूर्नामेंट आयोजित करने वाला सीयूएसबी संभवतः पहली सेंट्रल यूनिवर्सिटी : कुलपति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गयाजी)।** आज के आधुनिक दौर में देश का परिदृश्य बड़ी तेजी से बदल रहा है जिसकी वजह से भारत के प्राचीन परंपरागत खेल भी विलुप्त होते जा रहे हैं। भारत के परंपरागत खेलों की कई विशेषताएं रही हैं जिसमें नगण्य लागत के साथ-साथ स्वस्थ शारीरिक एवं मानसिक विकास आदि प्रमुख विशेषताएं हैं। हमें अपने प्राचीन परंपराओं विशेषकर खेलों के पुनरोद्धार करने की आवश्यकता है जिससे आने वाली पीढ़ी स्वस्थ्य रहने के साथ - साथ अपने सांस्कृतिक मूल्यों को न भूलें। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय अपने अकादमिक उत्कृष्टता के ध्येय के साथ - साथ देश की प्राचीन परंपराओं को संजों कर रखने के लिए कृतज्ञ है और इसी भाव-भावना से विश्वविद्यालय परिसर में इस अकादमिक सत्र से भारतीय खेल पखवाड़ा, 15-दिवसीय भारत के परंपरागत खेलों का टूर्नामेंट आयोजित करने जा रहा है। उक्त वक्तव्य सीयूएसबी के कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'भारत के परंपरागत खेलों का टूनार्मेंट' का मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन करते हुए दिया।कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में पठन - पाठन के साथ - साथ खेलों को विशेष रूप से तरजीह दी गई और इसी दिशा में सीयूएसबी ने यह कदम उठाया है।प्रो. सिंह ने पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए स्वयं विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक खेले जा रहे खेलों क्रमशः रस्साकशी, पिट्ठु, पुच्ची - पुच्ची, पतंगबाजी, गिट्टे, गिल्ली डंडा, लट्टू कताई, मटकाफोड़, कांच कौड़ी, लंगड़ी, कंचा, बिच्छू पानी, कोड़ा जमाल के साथ भारत की समृद्ध खेल संस्कृति को दर्शाने वाले कई अन्य पारंपरिक खेलों का जायजा लिया।

संपादकीय

# क्या इंसानी जान की कीमत नहीं है?

देश की राजधानी दिल्ली में आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने सुप्रीम कोर्ट द्वारा उन्हें शेल्टर होम भेजने के फैसले पर जारी विवाद के बाद सीजेआई आर.बी. गवई ने इस फैसले पर पुनर्विचार का आश्वासन दिया है। लेकिन सवाल यह है कि आवारा कुत्तों के साथ मानवीय व्यवहार की पैरवी की जा रही है, लेकिन ऐसे कुत्तों द्वारा काटे जाने पर निरापराध लोगों की जान जा रही है, उसका क्या? क्या उनकी जान की कीमत कुत्तों से भी कम है? गौरतलब है कि जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर. महादेवन की बेंच ने 11 अगस्त को एक आदेश दिया था। इस आदेश में दिल्ली सरकार,एमसीडी और एनएमडीसी को दिल्ली के सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को हटाने और उन्हें शेल्टर में भेजने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने कहा था कि सभी इलाके आवारा कुत्तों से मुक्त होने चाहिए और इसमें कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने कहा था कि आवारा कुत्तों को हटाने में बाधा डालने वाले एनिमल एक्टिविस्टों के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्रवाई की जाए तथा दिल्ली सरकार, एमसीडी, एनएमडीसी 8 सप्ताह के भीतर कुत्तों के लिए आश्रय घर बनाए। पकड़े गए कुत्तों का दैनिक रिकॉर्ड रखा जाए तथा एक भी आवारा कुत्ते को रिहा नहीं किया जाए। डॉग बाइट की रिपोर्ट कराने के लिए हेल्प लाइन एक सप्ताह के भीतर बनाएं। लोगों को रेबीज टीके कहां उपलब्ध हैं, इसकी जानकारी दी जाए। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ एक वकील ने आपत्ति लगाई थी। वकील ने कोर्ट को बताया कि पहले भी अदालत का एक फैसला आ चुका है। उस फैसले में कहा गया था कि कुत्तों को अंधाधुंध तरीके से नहीं मारा जा सकता। यह सुनकर चीफ जस्टिस ने फैसले पर पुनर्विचार का आश्वासन दिया। विडंबना यह है कि देश में आबादी के साथ आवारा कुत्तों की आबादी भी तेजी से बढ़ रही है। उपलब्धि जानकारी के अनुसार देश में 1.53 करोड़ आवारा कुत्ते हैं, जो शहरों गांवों में रहते हैं और डर अथवा भोजन की तलाश में मनुष्यों को काटते हैं। अगर सही समय पर इलाज न हुआ तो आदमी भयंकर रेबीज रोग से पीड़ित होकर हाइड्रोफोबिया का शिकार हो जाता है और अंततः पागल होकर दम तोड़ देता है। 2024 में देश भर आवारा कुत्तों के काटने से 20 हजार से अधिक मौतें हुईं। जो हाल दिल्ली का है, तकरीबन वही मध्यप्रदेश का भी है। यह 2024 में डॉग बाइट के सवा लाख से ज्यादा मामले दर्ज हुए। ज्यादातर मामलों में मरीज को खुद ही इलाज कराना होता है। सरकारी अस्पतालों का हाल ये है कि वहां एंटी रेबीज इंजेक्शन कम ही उपलब्ध होता है। यह इंजेक्शन समय पर नहीं लगे तो मरीज की मौत तय है। कोर्ट के फैसले की कई राजनेताओं और पैट लवर्स ने भी कड़ी आलोचना करते हुए उसे अव्यावहारिक बताया है। सवाल उठा कि दिल्ली के करीब तीन लाख आवारा कुत्तों के लिए शेल्टर होम कहां से लाएंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि ये दशकों से चली आ रही मानवीय और साइंटिफिक पॉलिसी से पीछे ले जाने वाला कदम है। ये बेजुबान पशु कोई 'समस्या' नहीं हैं, जिन्हें हटाया जाए। प्रियंका गांधी ने कहा कि आवारा कुत्तों को कुछ ही हफ्तों में शेल्टर होम भेजने का फैसला उनके साथ बेहद अमानवीय व्यवहार होगा। पशु अधिकार कार्यकर्ता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी ने कहा कि दिल्ली में तीन लाख आवारा कुत्ते हैं। उन सभी को पकड़कर शेल्टर होम भिजवाने के लिए 2 हजार शेल्टर होम बनाने होंगे। क्योंकि ज्यादा कुत्तों को एक साथ नहीं रखा जा सकता। बेशक, सभी जीवों के प्रति दया भाव होना चाहिए, लेकिन यह मनुष्यों की मौत की कीमत हो तो मंजूर नहीं है।

# भारत की ट्रिपल इंजन कूटनीति ने दुनिया में मचाया धमाल

**देखा जाये तो भारत-चीन संबंधों ने पिछले दशक में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं– कभी अनौपचारिक शिखर वार्ताओं से उत्साह, तो कभी सीमा पर टकराव से निराशा। इस यात्रा का असली संदेश प्रधानमंत्री मोदी के हालिया वक्तव्य में छिपा है, जिसे बीजिंग ने भी स्वीकार किया– प्रतिस्पर्धा को संघर्ष में नहीं बदलना चाहिए। यही दृष्टिकोण भारत की कूटनीति को बदलते वैश्विक समीकरणों में मजबूती देगा और उसे एक स्वतंत्र, संतुलित और दीर्घकालिक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा। बहरहाल, भारत का मौजूदा कूटनीतिक कैलेंडर यह दिखाता है कि वह एक साथ तीन महाशक्तियों के साथ अपने समीकरण साधने की कोशिश कर रहा है– अमेरिका के साथ टैरिफ विवाद में टकराव से बचना, रूस के साथ ऊर्जा व रक्षा साझेदारी मजबूत करना और चीन के साथ प्रतिस्पर्धा को संघर्ष में न बदलने का प्रयास करना।**

**नीरज कुमार दुबे**





भारत का मौजूदा कूटनीतिक कैलेंडर इस समय एक दुर्लभ समन्वय का उदाहरण है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल तीनों समानांतर मोर्चों पर काम कर रहे हैं। यह ट्रिपल इंजन रणनीति भारत को न केवल अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सक्रिय बनाए रखती है, बल्कि विभिन्न वैश्विक शक्ति केंद्रों के साथ तालमेल बैठाने में भी मदद करती है। मोदी का आगामी तियानजिन (चीन) दौरा, एससीओ शिखर सम्मेलन में भागीदारी और सीमा शांति पर जोर, जयशंकर का मॉस्को दौरा और रूस के साथ ऊर्जा व तकनीकी सहयोग पर वार्ता तथा डोभाल की चीन व रूस में उच्च-स्तरीय सुरक्षा बातचीत, ये सभी एक ही लक्ष्य की ओर इशारा करते हैं- रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए बहु-संरेखण की नीति को मजबूत करना।

अमेरिका के साथ टैरिफ विवाद और वैश्विक शक्ति-संतुलन में हो रहे बदलाव के बीच, यह सक्रियता भारत को न केवल दबाव झेलने की क्षमता देती है, बल्कि उसे एक निर्णायक वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी ले जाती है। भारत का यह व्यस्त कूटनीतिक कैलेंडर इस बात का संकेत है कि आने वाले महीनों में क्षेत्रीय और वैश्विक राजनीति में उसकी भूमिका और भी अहम होने वाली है।

हम आपको बता दें कि भारत की कूटनीति इस समय तीन मोर्चों पर एक साथ सक्रिय है– अमेरिका से टैरिफ विवाद, रूस के साथ सामरिक-आर्थिक साझेदारी और चीन के साथ सीमा मुद्दों पर संवाद। इसी परिप्रेक्ष्य में विदेश मंत्री एस. जयशंकर अगले सप्ताह रूस की राजधानी मॉस्को में अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव से 21 अगस्त को वार्ता करेंगे, जबकि इससे पहले 18 अगस्त को चीन के विदेश मंत्री वांग यी नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ सीमा मुद्दे पर वार्ता करेंगे। यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस माह के अंत में तियानजिन (चीन) यात्रा की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा है, जहां वह शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के उत्पादों पर अतिरिक्त 25प्रतिशत टैरिफ लगाकर कुल सीमा शुल्क 50प्रतिशत कर दिया, जिसका सीधा कारण भारत का रूसी तेल का आयात बताया गया। हालांकि भारत ने स्पष्ट किया है कि ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाज़ार परिस्थितियों पर आधारित है, न कि किसी दबाव पर। यह कदम भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव पैदा कर सकता है, खासकर ऐसे समय में जब भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा पर विचार कर रहा है।

इसी बीच, रूस के साथ भारत उच्च-स्तरीय संवाद तेज कर रहा है। डोभाल हाल ही में मॉस्को जाकर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिले थे और अब जयशंकर वहां द्विपक्षीय मुद्दों, ऊर्जा सहयोग और पुतिन की आगामी भारत यात्रा की तैयारियों पर चर्चा करेंगे।

उधर, चीनी विदेश मंत्री वांग यी की नई दिल्ली यात्रा स्पेशल रिप्रेजेंटेटिव (स्त्र) संवाद के तहत हो रही है, जिसमें वांग और डोभाल सीमा मुद्दे पर वार्ता करेंगे। यह वार्ता ऐसे समय हो रही है जब गलवान घाटी की 2020 की हिंसक झड़प के बाद भारत-चीन संबंधों में आई कड़वाहट को कम करने के लिए दोनों देश कई संवाद तंत्रों को पुनर्जीवित कर रहे हैं। हम आपको याद दिला दें कि पिछले वर्ष कज़ान (रूस) में मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात में कैलाश मानसरोवर यात्रा बहाल करने, चीनी पर्यटकों को वीज़ा जारी करने और जल्द ही सीधी उड़ानें शुरू करने जैसे कदमों पर सहमति बनी थी।

देखा जाये तो तियानजिन में होने वाला शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन महज़ एक बहुपक्षीय कार्यक्रम नहीं है, बल्कि भारत-चीन संबंधों में आई ठंडक को कम करने और बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूती देने का अवसर भी है। हाल के वर्षों में गलवान संघर्ष, डोकलाम गतिरोध और व्यापारिक तनावों ने भारत-चीन संबंधों को कई बार संकट में डाला। हालांकि पिछले वर्ष ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच यह सहमति बनी थी कि सीमा विवाद शांति बनाए रखते हुए सुलझाए जाएंगे। यह सहमति अभी तक अक्षुण्ण है और यही मोदी की यात्रा का सबसे बड़ा आधार है।

हम आपको बता दें कि एससीओ, जिसमें चीन और रूस की प्रमुख भूमिका है, वह क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग और कनेक्टिविटी के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। भारत इस मंच पर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव जैसी विवादित परियोजनाओं से दूरी बनाए हुए है, लेकिन आतंकवाद-रोधी पहल और मध्य एशिया से संपर्क के लिए इसे आवश्यक मानता है। रूस ने भी अप्रत्यक्ष रूप से भारत और चीन को इस मंच पर संवाद के लिए प्रेरित किया है।

माना जा रहा है कि मोदी की चीन यात्रा के दौरान सीमा शांति की पुनः पुष्टि के साथ-साथ व्यापार और निवेश में सहयोग बढ़ेगा। भारत 100 अरब यूएस डालर के व्यापार घाटे को कम करने के लिए चीन से आयात बढ़ाने की अपेक्षा करेगा, वहीं चीन अपने निवेश के लिए पारदर्शी माहौल की मांग करेगा। माना जा रहा है कि चीन के साथ द्विपक्षीय बैठक में विश्वास बहाली और व्यापार, निवेश व उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग की संभावना है। रणनीतिक स्तर पर यह यात्रा इंडो-पैसिफिक में शक्ति-संतुलन बनाए रखने, मध्य एशिया में भारत की उपस्थिति मजबूत करने और अमेरिका की संभावित नीतिगत बदलावों से बचाव का साधन भी है।

देखा जाये तो भारत-चीन संबंधों ने पिछले दशक में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं– कभी अनौपचारिक शिखर वार्ताओं से उत्साह, तो कभी सीमा पर टकराव से निराशा। इस यात्रा का असली संदेश प्रधानमंत्री मोदी के हालिया वक्तव्य में छिपा है, जिसे बीजिंग ने भी स्वीकार किया– प्रतिस्पर्धा को संघर्ष में नहीं बदलना चाहिए।

यही दृष्टिकोण भारत की कूटनीति को बदलते वैश्विक समीकरणों में मजबूती देगा और उसे एक स्वतंत्र, संतुलित और दीर्घकालिक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा। बहरहाल, भारत का मौजूदा कूटनीतिक कैलेंडर यह दिखाता है कि वह एक साथ तीन महाशक्तियों के साथ अपने समीकरण साधने की कोशिश कर रहा है– अमेरिका के साथ टैरिफ विवाद में टकराव से बचना, रूस के साथ ऊर्जा व रक्षा साझेदारी मजबूत करना और चीन के साथ प्रतिस्पर्धा को संघर्ष में न बदलने का प्रयास करना।

मोदी की तियानजिन यात्रा इस संतुलन साधने की कला का हिस्सा है। यह यात्रा यदि ठोस समझौतों या भरोसा बहाली के कदमों में बदलती है, तो भारत-चीन संबंधों में नया अध्याय खुल सकता है और साथ ही यह अमेरिका को भी संकेत देगा कि भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता नहीं करेगा।

## अध्यात्म

### भगवान पर विश्वास को डिगने न दें



एक आदमी जब भी दफ्तर से वापस आता, तो कुत्ते के प्यारे से पिल्ले रोज उसके पास आकर उसे घेर लेते थे क्योंकि वो रोज उन्हें बिस्कुट देता था। कभी 4 कभी 5 कभी 6 पिल्ले रोज आते और वो रोज उन्हें बिस्कुट या ब्रेड खिलाता था। एक रात जब वो दफ़्तर से वापस आया तो पिल्लों ने उसे घेर लिया लेकिन उसने देखा कि घर मे बिस्कुट ओर ब्रेड दोनो खत्म हो गए हैं। रात भी काफी हो गई थी, इस समय दुकान का खुला होना भी मुश्किल ही था, सभी पिल्ले बिस्कुट का इंतज़ार करने लगे। उसने सोचा कोई बात नहीं कल खिला दूंगा, ओर ये सोचकर उसने घर का दरवाजा बंद कर लिया, पिल्ले अभी भी बाहर उसका इंतजार कर रहे थे। ये देखकर उसका मन विचलित हो गया, तभी उसे याद आया कि घर मे मेहमान आये थे, जिनके लिए वो काजू बादाम वाले बिस्कुट लाया था। उसने फटाफट डब्बा खोला तो उसमें सिर्फ 7-8 बिस्कुट थे, उसके मन मे विचार आया कि इतने बिस्कुट से तो कुछ नहीं होगा, एक का भी पेट नही भरेगा, पर सोचा कि चलो सब को एक एक दे दूंगा, तो ये चले जायेंगे। उन बिस्कुट को लेकर जब वो बाहर आया तो देखा कि सारे पिल्ले जा चुके थे, सिर्फ एक पिल्ला उसके इंतज़ार में अभी भी इस विश्वास के साथ बैठा था कि कुछ तो जरूर मिलेगा। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। उसने वो सारे बिस्कुट उस एक पिल्ले के सामने डाल दिये। वो पिल्ला बड़ी खुशी के साथ वो सब बिस्कुट खा गया और फिर चला गया।बाद में उस आदमी ने सोचा कि हम मनुष्यों के साथ भी तो यही होता है, जबतक ईश्वर हमे देते रहते हैं, तब तक हम खुश रहते हैं और भक्ति में लगे रहते हैं। उसके फल का इंतज़ार करते है, लेकिन भगवान को जरा सी देर हुई नही कि हम उसकी भक्ति पर संदेह करने लगते हैं, दूसरी तरफ जो उसपर विश्वास बनाये रखता है, उसे उसके विश्वास से ज्यादा मिलता है। इसलिये अपने प्रभु पर विश्वास बनाये रखें, अपने विश्वास को किसी भी परिस्थिति में डिगने ना दें, अगर देर हो रही है इसका मतलब है कि प्रभु आपके लिए कुछ अच्छा करने में लगे हुए हैं।

# मतदाता सूची को अद्यतन और विश्वसनीय बनाने का अभियान



**सुमन कुमार झा**

विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची का एक विशेष, घर-घर जाकर किया जाने वाला गहन पुनरीक्षण है जिसका लक्ष्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और विश्वसनीय बनाना है, मृतक/डुप्लीकेट/अपर्याप्त प्रविष्टियाँ हटाना तथा नए योग्य मतदाताओं (विशेषकर 18 साल के हुए युवाओं) को जोड़ना। इसे चुनाव आयोग की कानूनी शक्तियों के तहत लागू किया जाता है और हाल में बिहार में चुनाव से पहले इस प्रक्रिया को लागू करने के बाद राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। चुनाव आयोग ने स्ढ्ढक्रकी औपचारिक प्रक्रिया-दस्तावेज़ जारी किए हैं।

विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ विपक्षी दलों (कांग्रेस, राजद, सीपीआई (एमएल), टीएमसी और अन्य) ने राजनैतिक विरोध, धरने और दिल्ली में मार्च जैसे प्रदर्शन तेज कर दिए, कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी भी हुई, जिससे राष्ट्रीय खबरें बनीं और मुद्दा का राष्ट्रीयकरण हुआ और यह विपक्षी नेताओं को कम से कम एक मंच पर लाने का काम भी कर रहा है।

यह प्रक्रिया वोटर-लिस्ट साफ करने और फर्जी/मृत/स्थानांतरण के कारणों को दूर करने के लिए जरूरी है। यह तीन डी (Deceased, Displaced and Dual voters) को हटाने की भी प्रक्रिया है।

विपक्षी दलों की बात करें तो विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिए गरीब, असंगठित, प्रवासी, वंचित या अल्पसंख्यक वोटरों को अनापत्ति-स्थिति में ला सकती है और उनके मतदान के अधिकार को छीन सकती है क्योंकि इन लोगों के पास वो कागजात नहीं है जिसकी मांग चुनाव आयोग कर रहा है इन दावों ने चुनावी सीजन में नैरेटिव युद्ध तेज कर दिया है।

विशेष गहन पुनरीक्षण की वजह से चुनाव आयोग पर राजनीतिक दबाव बना है, कोर्ट में याचिकाएँ, हाई-प्रोफ़ाइल विवाद और मीडिया-विमर्श से चुनाव प्रक्रिया का वातावरण संवेदनशील हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ प्रक्रियात्मक निर्देश दिए (उदा. आधार/मतदाता पहचान पत्र के सम्बंध में) पर पूरी प्रक्रिया को फिलहाल रोका नहीं। अदालत के इन निर्देशों ने भी राजनीतिक बहस को नया मोड़ दिया है।

विपक्षी आरोपों और जनआक्रोश ने सत्ता पक्ष के खिलाफ नैरेटिव तैयार कर दिया, जो अगर लम्बा चले तो जन-समर्थन पर असर कर सकता है। खासकर जब हाई-प्रोफाइल नेताओं को विरोध के दौरान हिरासत में लिया जाए, तो यह सहानुभूति भी पैदा कर सकता है। जिन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में वोटर हटते हैं, वहाँ पारंपरिक वोट बैंक कमजोर पड़ सकता है।

विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विरोध और जोरदार पेटिशन अभियान, कोर्ट का उपयोग, मीडिया-ड्राइव और 'वोटर-राइट' की बहुसंख्यक नैरेटिव बनाकर वोटरों को लामबंद करने की कोशिश की जा रही है। विरोधी दल फिलहाल इसी रणनीति पर निर्भर हैं और यह उन्हें अस्थायी रूप से एकजुट कर रहा है। ये दल हर वोट की गिनती करते हैं, इसलिए वे विशेष गहन पुनरीक्षण को निकटता से मॉनिटर करेंगे और बूथ-लेवल पर अपने समर्थकों की दस्तावेज़ीकरण सहायता बढ़ाएंगे। छोटे दलों के लिए असर स्थानीय और बहुत सटीक होगा, कुछ स्थानों पर फायदा, कुछ पर नुकसान।

नए-उम्र (18 वर्ष हुए) वोटरों के समावेश का वादा है, यदि उनकी प्रविष्टि सही तरीके से हो जाती है तो यह भविष्य में राजनीतिक रुझानों को प्रभावित करेगा। परन्तु यदि दस्तावेज़ी बाधाएँ हों (जैसे जन्म प्रमाण पत्र का अभाव) तो युवा वर्ग का हिस्सा बाहर रह सकता है, जो विपक्ष का चिंता-बिंदु है।

शहरी प्रवासन के कारण शहरी क्षेत्रों में सूची अपडेट जरूरी था पर ग्रामीण-क्षेत्रों में जन्म-मृत्यु के रिकॉर्ड और दस्तावेज़ीकरण में कमी के कारण वहाँ अधिक नाम हटने का जोखिम रहता है। इस तरह के स्थानिक असन्तुलन चुनावी नतीजों को प्रभावित कर सकते हैं।

गरीब, अनपढ़, दस्तावेज रहित कामगार और अल्पसंख्यक समुदायों को विशेष गहन पुनरीक्षण की बढ़ी हुई कड़ी प्रक्रियाओं से परेशानी हो सकती है और विपक्ष यही संभावना सामने रख रहा है कि यही समूह सर्वाधिक प्रभावित होंगे।

कई याचिकाएँ दायर हुईं और सुप्रीम कोर्ट ने विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर नजर रखी, अदालत ने ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन को रोकने का आदेश नहीं दिया प'चुनाव आयोग को आधार/मतदाता पहचान पत्र जैसे दस्तावेज़ों पर विचार करने के निर्देश दिए और कहा कि यदि कोई गैरकानूनी/अनियमित कदम पाया गया तो कोर्ट कदम उठाएगा। यह संकेत देता है कि कानूनी लड़ाई जारी रहेगी और निर्णयों का असर चुनाव के निकटकालीन माहौल पर पड़ेगा। चुनाव आयोग की ओर से दिए गए कई दस्तावेज़ी मानदंड और उनके बचाव/औपचारिक दलीलों पर अदालतों की टिप्पणियाँ आगे चलकर यह तय कर सकती हैं कि किन दस्तावेज़ों को मान्य मानना संवैधानिक रूप से उचित है, और यह नियम पूरे देश में प्रासंगिक हो सकता है। सर्वोच्च न्यायालय ने तो ये कह कर कि आधार नागरिकता को सिद्ध नहीं करता है, चुनाव आयोग के उस मुद्दे को सही माना कि नागरिक ही प्रजातंत्र का आधार है।

चुनाव आयोग ने सारे राजनीतिक दलों को इसमें शामिल होने की अपील की और उनके BLA बहुत जगह पर BLO की मदद भी कर रहें हैं।

सभी पार्टियाँ बूथ-स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं को तैनात कराएँगी ताकि समर्थकों के नाम बने रहें, दावा-आपत्ति प्रक्रियाओं में भागीदारी, दस्तावेज जमा कराना, और बीएलओ से संपर्क करना प्राथमिक अभियान बिंदु बनेगा।

पार्टियाँ और सिविल सोसाइटी मिलकर कैंप/क्लीनिक चलाएँगे जहाँ निशुल्क दस्तावेज बनवाने/प्रतिलिपि दिलवाने की मदद मिले, खासकर जाति-प्रमाण-पत्र, जन्म-प्रमाण पत्र इत्यादि के लिए।

विपक्ष 'वोटर-छिन और 'वोटर-अधिकार जैसे भावनात्मक विषय उठा कर राष्ट्रीय समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है, वहीं सत्ता पक्ष इसे 'जाति/धर्म नहीं, बल्कि 'शुद्धि व पारदर्शिता का मामला बताकर टालने का प्रयास कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि मताधिकार से वंचित करने के आरोप ÷अधिकांशतः विश्वास की कमी का मामला प्रतीत होते हैं, और कुछ नहीं÷ तथा यदि मतदाताओं को बड़े पैमाने पर बहिष्कृत करने की बात साबित हो जाती है तो न्यायालय तुरंत कदम उठाएगा।

विपक्षी आरोप उनके बड़े प्रदर्शन, बैरिकेडिंग, चुनावी बहिष्कार की धमकियाँ राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक माहौल विषम होगा। बिहार में तो सरकर गरीब लोगों को पारिवारिक सूची भी अपलोड करा रही है ताकि उन्हें अपने मताधिकार से वंचित किसी भी कीमत पर नहीं होना पड़े। मेरी राय में सरकार के इस कदम को सकारात्मक रूप से लेना चाहिए और विपक्षी दलों को भी इस कार्य में जुट जना चाहिए।

हटायी गई सूचियों का गहन अध्ययन कर बहुजन वापस आ सकेंगे, विपक्ष का रोष कम होगा और प्रक्रिया पर सार्वजनिक भरोसा बढ़ेगा। सभी राजनीतिक दलों को कुछ समय के लिए चुनाव से उपर उठकर देश हित में सोचने की भी जरुरत है। ऐसे कई उदहारण हैं जब देश के अंदर ही देश विरोधी ताकतें सक्रिय हो जाती है ऐसे में चुनाव आयोग का शुद्धीकरण अभियान सराहनीय और देशहित में है।

बेहतर चुनावी प्रक्रियात्मक वैधता, लेकिन राजनीतिक तनाव पूरी तरह शांत नहीं होगा, क्योंकि नैरेटिव पहले ही बन चुका होगा। चुनाव-समय रेखा प्रभावित हो सकती है, पुनः प्रकाशन व पुनरावृत्ति आवश्यक हो सकती है।

विशेष गहन पुनरीक्षण केवल तकनीकी या प्रशासकीय व्यायाम नहीं है, यह राजनीतिक-प्रतिक्रियाओं, सामाजिक-समावेशन और चुनावी रणनीतियों को सीधे प्रभावित करने वाला बड़ा कदम है। अगर प्रक्रिया पारदर्शी, समावेशी और संवैधानिक रूप से संवेदनशील तरीके से लागू की जाए, तो विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतंत्र के हित में हो सकती है, अन्यथा यह वोटर-वंचना और राजनैतिक ध्रुवीकरण को जन्म दे सकती है। वर्तमान समय में विशेष गहन पुनरीक्षण ने पहले ही राष्ट्रीय राजनीतिक चर्चा को सक्रिय कर दिया है और अदालतों तथा सड़कों पर यह लड़ाई जारी है।

**( लेखक बिहार के स्वास्थ्य तथा विधि मंत्रीके निजी सहायक हैं और ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कारोबार में अचानक धन लाभ हो सकता है। सभी कार्य उत्साहपूर्वक करेंगे। सुख के साधनों पर आप धन खर्च कर सकते हैं।

**वृषभ**
आपकी विचारधारा से काफी लोग प्रभावित रहेंगे। कारोबार में बड़ा परिवर्तन कर सकते हैं। भाइयों के साथ सम्पत्ति विवाद खत्म होंगे। यात्रा से आपको लाभ मिलेगा।

**मिथुन**
उच्च अधिकारियों के साथ झगड़ा हो सकता है। व्यापार में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। प्रेमी जन के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**कर्क**
अपने पद का दुरुपयोग न करें। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी करना उचित नहीं है। किसी मूल्यवान वस्तु के गुमने की आशंका है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिये आनन्ददायक रहने वाला है। मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी।

**कन्या**
व्यवसाय में नये अनुबन्ध होने के योग बन रहे हैं। आपके विरोधी आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। व्यस्तता के बावजूद आज कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं।

**तुला**
बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को नौकरी की चिन्ता हो सकती है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**वृश्चिक**
हल्के और सुपाच्य भोजन का सेवन करें। मौसम में परिवर्तन के कारण स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या हो सकती है। क्रोध को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**धनु**
महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपके सम्बन्ध मजबूत होंगे। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। आपको बहुत ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कोई बड़ी डील आपको मिल सकती है।

**मकर**
व्यापार में आपको कुछ आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। महिलाओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या हो सकती है। मानसिक शान्ति में कमी रहेगी।

**कुंभ**
बच्चों और परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। राजनीति से जुड़े लोगों की छवि बहुत अच्छी होगी।

**मीन**
जॉब में आपके ऊपर अचानक काफी दबाव बढ़ने वाला है। माता-पिता से बहसबाजी न करें। आपके काम अन्तिम समय में खराब हो सकते हैं।

# पीएम यात्रा को लेकर तैयारी में जुटा प्रशासन

## 22 अगस्त को प्रस्तावित है पीएम का कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** जिले में संभावित यात्रा को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारी की जा रही है। प्रधानमंत्री गंगा नदी पर निर्मित अत्याधुनिक सिक्स लेन पुल का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री के संभावित यात्रा को लेकर रविवार को लेकर मुख्य सचिव बिहार अमृत लाल मीणा द्वारा बेगूसराय सिक्स लेन पुल का स्थल निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, गिरिराज सिंह, विधायक बेगूसराय कुंदन कुमार, जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, नगर आयुक्त नगर निगम, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव द्वारा प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई आदि की समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री द्वारा सिमरिया रिवर फ्रंट का भी निरीक्षण किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा हेलीकॉप्टर हेतु कारखाना से सटे मैदान एवं एनटीपीसी परिसर में संभावित हेलीपैड स्थलों का निरीक्षण किया गया है एवं आवश्यक तैयारी की जा रही है। आगामी 22 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित कार्यक्रम को लेकर जिला पदाधिकारी ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, आमजन की सुविधा, यातायात प्रबंधन और मंचन की तैयारियों की बारीकियों की समीक्षा की। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं। लंबे इंतजार के बाद 22 अगस्त को जिले को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। इस दिन गंगा नदी पर बने सिमरिया पुल का उद्घाटन किया जाएगा। पुल चालू हो जाने से जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को यातायात सुविधा में बड़ी राहत मिलेगी। डीएम तुषार सिंगला ने प्रधानमंत्री के संभावित आगमन को लेकर शनिवार को स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा, पार्किंग, यातायात प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करने और स्थल को हर दृष्टिकोण से सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने का निर्देश दिया।

# नागरिक अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक करे पालन : जिला जज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। जहां प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान उपस्थित न्यायाधीशों, न्यायालय के कर्मियों, सफाईकर्मियों और विद्यालयों से आए बच्चों ने राष्ट्रगान गाकर स्वतंत्रता दिवस की गरिमा को और ऊँचा किया। झंडोत्तोलन के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि हमारा देश हमारा राष्ट्र स्वस्थ और खुशहाल रहे, यही मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करे और देश की प्रगति में योगदान दे। इसके बाद सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों एवं बालिका गृह से आए बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी-पेन एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री देकर सम्मानित किया गया। वहीं किन्नरों को अंगवस्त्र प्रदान कर उनका भी अभिनंदन किया गया। न्यायमूर्ति ऋषिकांत ने बच्चों व किन्नरों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षा और आत्मविश्वास ही जीवन में सफलता की कुंजी है। इसी क्रम में एडीआर भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्या ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर उपस्थित लोगों को उसकी महत्ता समझाई। साथ ही उन्होंने न्यायालय कर्मियों से भी अपील की कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में कर्मठता और ईमानदारी से काम कर देश का नाम रोशन करें।

# भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष बने शिवम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा बिहार प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा एवं भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा के निर्देशानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा बेगूसराय के जिला अध्यक्ष शशांक शेखर के द्वारा शिवम वत्स को युवा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया ।शिवम वत्स पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जी डी कलेज अध्यक्ष प्रत्याशी, नगर मंत्री बेगूसराय, विभाग सह संयोजक (बेगूसराय़ समस्तीपुर), प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, एस एफ एस, प्रांत सह संयोजक जैसे दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। शिवम वत्स ने कहा कि पार्टी ने जो दायित्व दिया है। पूरी ईमानदारी और नए जोश से निर्वहन करूंगा। युवाओं को जोड़कर संगठन को मजबूत किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष को अजीत चौधरी, एबीभीपी प्रदेश मंत्री पुरूषोतम, चंदन, ब्रजेश, मिलन सर, पूर्व विधायक श्री कृष्ण सिंह, लोजपा नेता सुदर्शन सिंह, मृत्युंजय कुमार वीरेश, शुभम, नितिन, घनश्याम देव, ऋषभ शांडिल्य, अबिगत शांडिल्य सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई दी है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला का डीएम ने किया निरीक्षण

## डीएम ने मेला में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को मुस्तैदी से तैनात रहने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तेघड़ा।** प्रखंड के श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला का जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने शनिवार की देर रात निरीक्षण किया। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र की व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल सुविधा तथा आपातकालीन सेवाओं की समीक्षा की।जिला पदाधिकारी ने मेला में आमजन की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। भीड़ नियंत्रण, विधि व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा, अग्निशमन, विद्युत सुरक्षा, स्वच्छता तथा यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही पीने के पानी, शौचालय की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। आयोजकों और स्थानीय प्रतिनिधियों से बातचीत कर मेले की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आयोजकों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को यह निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें एवं सतर्कता बनाए रखें। मौके पर नगर आयुक्त नगर निगम बेगूसराय, अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, स्थानीय पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मुसलमानों का भला सिर्फ नीतीश कुमार करेंगे : बलियावी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार में 9000 पंजीकृत कब्रिस्तानों में से 8000 की घेराबंदी करने, विभिन्न जिलों में अल्पसंख्यक छात्रावासों में बच्चों को रखकर उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने, देश में एकमात्र उर्दू अनुवादक के पद सृजित कर सभी जगहों पर बहाली करने, हर स्कूल में उर्दू शिक्षक की 99.99 प्रतिशत सीटें मुसलमानों को देने और मुस्लिम क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता देने के बावजूद अगर आपको नीतीश कुमार पसंद नहीं हैं तो आपका खुदा मुहाफिज है। आप उन्हें गाली देते हैं। लेकिन वह आज भी आपको बदहाली से विकास की ओर लाने की कोशिश कर रहे हैं। ये बातें अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष गुलाम रसूल बलियावी ने कहीं। वे शुक्रवार की रात देवना गांव में आयोजित ताजदारे कर्बला कान्फ्रेंस में मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल होने पहुंचे थे। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुसलमानों के लिए नीतीश कुमार से ज्यादा किसी मुख्यमंत्री ने काम नहीं किया। मुख्यमंत्री ने सदन में अपनी सरकार की बिना परवाह किए एनआरसी के मुद्दे का खुलकर विरोध कर दिया था। बेगूसराय से मोनाजिर हसन को संसद भेजने वाले नीतीश कुमार हैं। साहेबपुर कमाल से परवीन अमानुल्लाह और जमशेद अशरफ को विधायक और मंत्री बनाने वाले भी नीतीश कुमार हैं। राजद को मुसलमानों से सिर्फ दिखावे का प्यार है। जब भी राजद का कोई मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में उतरता है, तो राजद अपने यादव मतदाताओं से मुस्लिम उम्मीदवार को वोट तक नहीं दिलवा पाते हैं। बलियावी ने कहा कि ओवैसी के कुछ चेले सिर्फ इंटरनेट मीडिया पर गंध फैलाए हुए हैं।

# एनपीएस, यूपीएस और ओपीएस पर की गई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** नेशनल मूवमेंट ओल्ड पेंशन, एनएमओपीएस भोजपुर और बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट के बैनर तले जिला कार्यालय मिल रोड़ आरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता कृष्ण कुमार विमल जिला अध्यक्ष बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट, संचालन उमेश कुमार सुमन जिला सचिव बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट व धर्म कुमार जिला सचिव प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट ने किया। कार्यक्रम वरुण पांडेय प्रदेश अध्यक्ष एनएमओपीएस, रघुवर रजक प्रदेश अध्यक्ष बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट बिहार पटना, फखरुद्दीन अली प्रभारी एनएमओपीएस भोजपुर, विजय कुमार टेटे नेता बिहार, अल्का कुमारी महासचिव एनडबलूएफटी बिहार को माला और अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने एनपीएस, यूपीएस और ओपीएस में अन्तर को विस्तार से चर्चा किया। बताया कि अगले चरण में निर्धारित कार्यक्रम 1 सितंबर 2025 को पूरे बिहार, देश में ब्लैक डे मनाया जाएगा। 14 सितंबर को पटना राजधानी में विशाल प्रदर्शन धरना कार्यक्रम को सफल बनाना है, अधिक से अधिक संख्या में भोजपुर से कर्मचारियों को पटना में उपस्थित कराने के लिए आग्रह किया है। वक्ताओं में रामानंद सिंह, जिलाध्यक्ष महासंघ गोप गुट भोजपुर, बाल मुकुंद चौधरी जिला सचिव एक्टू, लव कुश राज्य सचिव बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट बिहार पटना, डॉ मनोज कुमार मीडिया प्रभारी, रमेश कुमार यादव जिलाध्यक्ष पंचायत रोजगार सेवक संघ, अवधेश पासवान उपाध्यक्ष महासंघ गोप गुट, मंटु कुमार, केदारनाथ सिंह, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, संजू कुमारी जिला सचिव एनएफडबलूटी उपस्थित थे।

# श्रीकृष्ण मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## पहसारा में अंतर राज्यीय कुश्ती का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रखंड के पहसारा, गम्हरिया, बेगमपुर, रजाकपुर तथा समसा के श्रीकृष्ण मंदिरों व पांडालों तथा ठाकुरबाड़ियों में विधि विधान के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। देर रात ज्योंहि मंदिरों के पट खुले हाथी, घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की, राधे, राधे, नन्द के ईश्वर आनंद भयो, वृन्दावन बिहारी श्रीकृष्ण मुरारी के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रीकृष्ण के भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण को माखन, मिश्री, मिष्ठान आदि का भोग लगाया, प्रसाद ग्रहण किया। इन मंदिरों में श्रीकृष्ण लीला पर आधारित विभिन्न भाव भंगिमाओं में प्रतिमा स्थापित की गयी थी। पूजा समितियों ने मंदिर परिसर के बाहर भी भव्य तोरण द्वार, प्रकाश व्यवस्था को आकर्षक ढंग से सजाया। पहसारा में अंतर राज्यीय कुश्ती का आयोजन किया गया है। इसमें हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली के अलावा क्षेत्रीय पहलवान भी कुश्ती प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इधर पुलिस प्रशासन मेले को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर सजग दिखा। मेले में असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पुलिस नियमित गश्ती कर रही थी। इधर पहसारा कृष्ण मेला समिति के अध्यक्ष वचन देव कुमार, पीरनगर गम्हरिया कृष्ण मेला समिति के अध्यक्ष अवनीश कुमार पवन रजाकपुर कृष्ण मेला समिति के अध्यक्ष प्रखंड उप प्रमुख नंद किशोर पासवान, श्री कृष्णा सार्वजनिक जन्माष्टमी पूजा समिति बेगमपुर के लक्ष्मण महतो दूसरी ओर बेगमपुर मेला के अध्यक्ष अनु कुमार ने बताया कि इस बार आकर्षक ढंग से मंडपों का निर्माण करवाया गया है। मेला समिति के द्वारा कहीं विदेशिया नाच, कहीं जागरण तो कहीं कौव्वाली तो कहीं लोग गायकों का कार्यक्रम रखा गया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि मेला के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु मेला क्षेत्र पर प्रशासन की कड़ी नजर है।

# महिला महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** नगर स्थित संत श्री बारहना महिला महाविद्यालय परिसर में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे को सलामी देने के साथ हुई। तत्पश्चात छात्राओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने भारत माता की भव्य झांकी प्रस्तुत की, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। झांकी ने देशभक्ति की भावना को और भी प्रगाढ़ किया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्रा ने महाविद्यालय की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि संस्थान में स्मार्ट क्लास, सुसज्जित प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, ओपन जिम तथा डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

# पी. एंड आर. एजुकेशन ट्रस्ट ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** प्रखंड के भड़सरा गांव में 79वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन पी. एंड आर. एजुकेशन ट्रस्ट की ओर से हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वजारोहण से हुई, जहां ट्रस्ट के डायरेक्टर रामजी पाण्डेय ने तिरंगा फहराया। इसके बाद उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रगान गाकर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। ध्वजारोहण के बाद बच्चों और युवाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। देशभक्ति गीत, स्वागत गीत, नाटक और नृत्य ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पी. एंड आर. एजुकेशन ट्रस्ट के सामाजिक कार्यों का भी उल्लेख किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेमा देवी की ओर से गरीब और जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान पहले मोबाइल नहीं था तो कैसे रहते थे लोग विषय पर एक कॉमिक प्रस्तुति भी हुई। वक्ताओं ने कहा कि आज की पीढ़ी के लिए मोबाइल सिर्फ साधन नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका है। पहले लोग मोबाइल के बिना भी संतोषपूर्वक और खुशहाल जीवन जीते थे तथा परिवार और समाज से गहरे जुड़े रहते थे। इस मौके पर दानिश आलम, सुनील ठाकुर, लक्ष्मी कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चार हजार कारतूस के साथ तस्कर गिरफ्तार

## जिला पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेगूसराय।** लोहिया नगर थाना क्षेत्र से जिला पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में हजारो राउंड कारतूस के साथ हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एसपी मनीष ने बताया की एसटीएफ आर्म्स सेल पटना से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर लोहियानगर थाना पुलिस, जिला आसूचना इकाई और चीता बल की संयुक्त टीम ने रेलवे ओवरब्रिज के पास छापेमारी की। इस दौरान संदिग्ध ब्रेजा कार को रोककर तलाशी ली गई। जिसमें से 0.32 बोर के 4000 जिंदा कारतूस, एक लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का आरसी और चाबी बरामद किए गए। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 अगस्त को रात लगभग 10 बजे एसटीएफ आर्म्स सेल पटना द्वारा लोहियानगर थाना पुलिस को सूचना दी गई कि बेगूसराय स्टेशन रोड ओवरब्रिज से एक ब्रेजा कार (रजिस्ट्रेशन नंबर- बीआर 09ए जी 9533) के जरिए हथियार व कारतूस की खेप लाई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष के निर्देश पर छापामारी दल का गठन किया गया और तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त कार को ओवरब्रिज के पास रोका गया। मौके से कार चालक व तस्कर रविश सिंह गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए तस्कर की पहचान साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के सबदलपुर पंचरुखी, वार्ड -01 के रहने वाले उचित नारायण सिंह के 40 वर्षीय पुत्र रविश सिंह रूप में पहचान हुई है। इस संयुक्त छापामारी में पुनि शैलेन्द्र कुमार, पुनि बैजनाथ कुमार (जिला आसूचना इकाई), थानाध्यक्ष जितेन्द्र राम, पुअनि कृष्ण मुरारी शर्मा (लोहियानगर थाना), सअनि राजेश कुमार, सि. रविशंकर भारती (सशस्त्र बल) तथा एसटीएफ आर्म्स सेल पटना टीम शामिल थी।

## एक नजर

### शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे मद्य निषेध अभियान को सख्ती से लागू करने के तहत शिवाजीनगर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में गश्ती के दौरान थाना क्षेत्र के कलबारा गांव से पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम नियमित गश्ती पर थी। उसी दौरान संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर छापेमारी की गई, जहां से लगभग 3.435 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। साथ ही कलबारा गांव निवासी जितेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की गई और उसके खिलाफ बिहार मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे मामलों में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने और नशा मुक्त वातावरण बनाने में पुलिस का सहयोग करें।इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान भी मौजूद थे।

### भामाशाह सम्मान से सम्मानित हुए ठेकेदार

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्वतन्त्रता दिवस पर जिले के प्रभारी मंत्री संजय सरावगी ने तीन कंस्ट्रक्शन कंपनियों के प्रोपराइटरों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया। जिसमे ओम कुमार चौधरी उर्फ बबलू चौधरी, दुर्गा कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर नरेश प्रसाद सिंह (ठकुरीचक) और मेसर्स रामनिवास के प्रोपराइटर राम निवास सिंह (बीहट) शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, वाणिज्यकर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक राजस्व संग्रह्ण में योगदान देने पर इन तीनों को चयनित किया है। तीनों कंपनी के संवेदक को 21000 का चेक प्रदान किया स्थानीय बुद्धिजीवियों में खुशी है और विभाग की इस पहल की सराहना की जा रही है। उनका मानना है कि इससे ईमानदारी से कार्य करने वाले संवेदकों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### त्याग, बलिदान और भाईचारे का संदेश ही कर्बला की असली पहचान : विधायक

**जगदीशपुर (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चकवा ग्राम में आयोजित 'पैग़ाम-ए-कर्बला' कार्यक्रम में शनिवार को जगदीशपुर के विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया मुख्य अतिथि व आरा के पूर्व विधायक अनवर आलम विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय बुद्धिजीवियों की बड़ी भागीदारी रही, जिससे आयोजन भव्य बना। विधायक रामविशुन सिंह उर्फ़ लोहिया ने कहा कि कर्बला की घटना त्याग, बलिदान और सच्चाई के मार्ग व इमाम हुसैन ने अन्याय और जुल्म के विरुद्ध जो लड़ाई लड़ी, वह पूरी मानवता के लिए मिसाल है। उन्होंने गंगा-जमनी तहज़ीब और आपसी भाईचारे को जगदीशपुर की पहचान बताते हुए सभी को शुभकामनाएँ दीं। पूर्व विधायक अनवर आलम ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्बला की शहादत सिर्फ इस्लाम ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा है। मौक़े पर मौजूद रहे हाजी गुलाम हैदर, नेयाज अहमद, मो. दिलसाद, सोनू खान, क्यामुद्दीन खान, आजाद खान, मिंटू खान, सरवर खान, रिजवान खान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में विधायक हुए शामिल

**पीरो/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पीरो प्रखंड स्थित बहरी महादेव धाम परिसर में भव्य कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामबिशुन सिंह उर्फ़ लोहिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने भगवान कृष्ण के जीवन, उनकी लीलाओं और शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान कृष्ण की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी द्वापर युग में थीं। वे हमें धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। विधायक ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि जन्माष्टमी पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके आदर्शों और उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे।महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें भक्ति गीत और नृत्य ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आयोजन समिति ने विधायक का पारंपरिक गमछा और पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। विधायक ने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज को संस्कृति और आस्था से जोड़ने का कार्य करते हैं।

### विद्यालय में शुरू हुई उर्दू की पढ़ाई

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मध्य विद्यालय पहसारा बभनगामा में उर्दू विषय की पढ़ाई दैनिक कार्य तालिका से शुरूहोने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। पहसारा के ग्रामीणों में मोहम्मद साहिन और वार्ड 2 के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद असलम, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद जावेद, अब्दुल अलीम, इरफान, अलाउद्दीन, अली, जियाउद्दीन, अमीर व अरमान समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि उर्दू विषय की पढ़ाई शुरूकिये जाने से बच्चों को इस विषय का ज्ञान बढ़ेगा। मध्य विद्यालय पहसारा बभनगामा में जहां बीते दिनों दैनिक कार्यतालिका में उर्दू विषय जोड़े जाने व सुचारू रूप से उर्दू विषय के अध्यापन के लिए वहां के प्रधानाध्यापक रामसुजान सिंह व उर्दू शिक्षक मोहम्मद आबिद के बीच विवाद चल रहा था। विवाद गहरा गया। इस संबद्ध में प्रखड शिक्षा अधिकारी से लेकर अपर सचिव शिक्षा विभाग के अलावा बिहार के राज्यपाल तक को पत्र लिखकर शिकायत दोनों ओर से की गयी। जिले भर में उक्त मुद्दा चर्चा का विषय बना रहा। वहीं विभागीय आदेश के बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने दैनिक कार्यतालिका में उर्दू विषय को शामिल कर दिया। इधर मो आबिद का प्रतिनियोजन पहले बीआरसी नावकोठी फिर वीरपुर के उर्दू मध्य विद्यालय मुजफ्फरा में किया गया है। अब मोहम्मद आबिद अपने घर से मात्र 3 किलोमीटर के दूरी पर स्कूल में अध्यापन का कार्य करेंगे। मोहम्मद आबिद 3 महीना पूर्व मध्य विद्यालय पहसारा बभनगामा में उर्दू विषय के शिक्षक के रूप में नियुक्ति हुई थी।

### तीन शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में 17 अगस्त 1942 को बिक्रम थाना में झंडा फहराने के दौरान फिरंगियों की गोली से शहीद हुए रंगनाथ सिंह,त्रिवेणी सिंह एवं बुटाई राम को रविवार को याद किया गया।उनकी याद में निर्मित शहीद स्मारक पर जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त स्थल पर एम्बिशस संस्थान के संस्थापक जनेश्वर सिंह एवं युवा छात्र छात्राओं एवं प्रोग्रेसिव स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों ने पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं गाँधी आश्रम सह शहीद स्मारक विकास समिति के बैनर तले समिति संयोजक अरुण कुमार आजाद की अध्यक्षता में सभा आयोजित की गयी। गाँधी आश्रम की सरकार एवं सरकारी तंत्र की उपेक्षा के विरोध मे सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक उपवास का आयोजन हुआ जिसमे शशांक शेखर, प्रमोद कुमार शर्मा, झूलन सिंह, मृत्युजय कुमार पंडित, जितेन्द्र पंडित ,मुन्ना कुमार, सुजीत कुमार यादव, उमेश यादव, मो0 दानिश, सुब्रत वासुदेव, सुजीत रविदास, जितेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, ललन उपाध्याय, नागेश्वर प्रसाद, राम विनय शर्मा, सतीश कुमार, नरेन्द शर्मा, विरेन्द्र कुमार आदि शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न मामलों के नौ आरोपित गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभिन्न थाने की पुलिस शनिवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के नौ आरोपितों को गिरफ्तार की है। पुलिस इंस्पेक्टर विश्वमोहन चौधरी ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में दो वारंटी समेत नौ अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से तीन की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतीय सात वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में 304 लीटर 340 मिलीलीटर शराब व दो बाइक जब्त किया गया है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों से दो लाख 50 हजार पांच सौ रुपये जुमार्ना लगाया गया है।

### थारू महासंघ तपा जम्हौली की बैठक हुई कोहरगडी में

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गौनाहा प्रखंड के भीतिहरवा पंचायत के कोहरगड्डी गांव के ब्रह्म स्थान प्रांगण में रविवार को भारतीय थारू कल्याण महासंघ तपा की बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता ओजेंद्र महतो ने की । बैठक में विगत बैठक की समीक्षा की गई । लेखा जोखा पर भी चर्चा की गई ।वही बैठक में सर्व



सम्मति से निर्णय लिया गया कि जो केंद्रीय व क्षेत्रीय सदस्य , अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व अन्य सदस्य गण तीन बैठक में उपस्थित नहीं होंगे । तो स्वतः उनकी पद समाप्त समझी जाएगी ।वही बैठक में संगठन की मजबूती व संघ को आर्थिक रूप से मजबूत कैसे किया जाए पर भी चर्चा की गई। मौके पर केंद्रीय कोषाध्यक्ष राजदेव काजी, केंद्रीय सदस्य गणेश प्रसाद, रामनाथ राय, चुनाव आयोग के सदस्य मोहन लाल चौधरी व रामराज महतो, उपाध्यक्ष भूपेश राय व जितेंद्र प्रसाद, सलाहकार दयाशंकर पटवारी, सचिव विमलेश काजी कोषाध्यक्ष राम सुभाग महतो, दिनेश राय, गणेश राय, रधूनाथ खतईट, भारत भूषण प्रसाद, चुरामन हटवे सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे ।

### खाद कलाबाजारी करने के खिलाफ लोगों ने की आगजनी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा थाना के झझरी गांव में गौरीशंकर खाद भंडार के विक्रेता द्वारा खाद की कालाबाजारी करने व मंहगे दामों पर खाद बेचने के खिलाफ लोगों ने हंगामा करते हुए टायर जलाकर आगजनी की। साथ ही जमकर विरोध प्रदर्शन किया। हंगामा की सुचना पर पहुंची इनरवा पुलिस व प्रशासन ने लोगों का हंगामा को शांत कराया। आक्रोशित किसानों का कहना है कि दुकानदार



गौरीशंकर खाद भंडार के पास पूर्ण मात्र में खाद उपलब्ध होने के बाद भी हमलोगों को खाद नहीं देता है और रात में कालाबाजारी कर नेपाल के लोगों की बेच देता है कुछ किसानों को मिलता भी है तो 700-800 रुपया प्रति बोरिया में खाद देता है। वहीं आक्रोशित लोगों ने इस मामले की जानकारी जिला पदाधिकारी एंव जिला कृषि पदाधिकारी को भी दी। इधर सीओ आशीष आनंद ने बताया कि लोगों ने आवेदन देने की बात कही है। जाँच में गड़बड़ी पाये जाने पर दुकानदार की लाइसेंस रद्द की जाएगी।

### पुलिस ने चार आरोपितों को भेजा जेल

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर थाना की पुलिस ने अलग-अलग जगहो से 4 आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 409/25 में सपही बेलवनिया गांव से अंगद साह, वारंटी प्रखंड के मशानटोला फुलवरिया से अनवर अंसारी व दिलजान अंसारी को गिरफ्तार किया गया। विशुनपुरवा गांव में शराब पीकर गाली-गलौज करने के मामले इन्द्रजीत पासवान को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने सभी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए है।

### घोघाड़ी नदी में नहाने गया लड़का डूबा, खोजबीन जारी

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक के बहरौली कुंवर टोला के आधा दर्जन लड़के जन्माष्टमी के अवसर पर घोघाड़ी नदी नहानें चले गये। जहां नहाने के दौरान दो लड़के गहरे पानी में डूबने लगें। लड़कों के चिल्लाने पर स्थानीय ग्रामीण ने पानी से एक लड़के को बचाया। वहीं एक लड़का गहरे पानी में चला गया और डूब गया। जहां उसकी खोजबीन की जा रही है। लड़का बहरौली कुंवर टोला गांव निवासी अमितेश सिंह का 13 वर्षीय पुत्र दिव्यांक कुमार हैं। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों में हाहाकार मच गया। परिजनों ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व में लड़कों के साथ घोघाड़ी नदी में नहाने चला आया है। परिजनों ने बताया कि वह वर्ग 9 का छात्र हैं। समाचार लिखे जाने तक गहरे पानी में खोजबीन जारी है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर सीओ सुमंत कुमार व थानाध्यक्ष रणधीर कुमार घटनास्थल पर पहुंचे हुए हैं।

### डबरा नदी में स्नान करने गए डीलर की डूबने से हुई मौत

**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के नंदनपुर गांव में शनिवार की संध्या में छठ घाट पर डबरा नदी में स्नान करने गए एक डीलर की मौत हो गई। मृतक उक्त गांव निवासी 50 वर्षीय डीलर कृष्णा नट बताया गया हैं। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि संध्या समय कृष्णा नट घर के समीप डबरा नदी में स्नान कर रहे थे। इस दौरान उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए। स्थानीय तैराकों व गोताखोरों द्वारा नदी के गहरे पानी में उन्हें काफी खोजने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुची। ग्रामीणों द्वारा शव की खोजबीन व तलाशी के लिए एनडीआरएफ की टीम बुलाने की मांग की जा रही थी। वहीं घटना के बाद मृतक की पत्नी सुनीता देवी, पुत्र विशाल कुमार और पुत्रियां समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। समाचार प्रेषण तक एनडीआरएफ की टीम घटना स्थल पर नहीं पहुची थी तथा स्थानीय गोताखोरों द्वारा शव खोजबीन जारी थी।

### मशरक में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में शान से तिरंगा फहराया गया। मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख रविप्रकाश मंटू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मौके पर बीडीओ पंकज कुमार,सीओ सुमंत कुमार, मनरेगा पीओ संजय साव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। डीएसपी कार्यालय परिसर में डीएसपी अमरनाथ, मशरक पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय में इंस्पेक्टर मनीष कुमार साहा, थाना पर थानाध्यक्ष रणधीर कुमार, केन्द्रीय विद्यालय में प्राचार्य रंजना झा, कलावती फाउंडेशन में डॉ सीताराम पाण्डेय, बीआरसी कार्यालय परिसर में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेशमी प्रकाश, पथ निर्माण विभाग में सहायक अभियंता संजय कुमार गुप्ता, बहरौली दलित टोला गांव में सीओ सुमंत कुमार,बहरौली पंचायत भवन परिसर में मुखिया अजीत सिंह, डुमरसन पंचायत में मुखिया बच्चालाल साह, दुरगौली पंचायत में मुखिया निकी देवी, सोनौली पंचायत में मुखिया इम्तेयाज खान उर्फ चुनू बाबू, आरपीएफ चौकी पर प्रभारी रमेश करक्ट्टा, चांद कुदरिया में पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन ने शान से राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

# ढाका में नीडो हॉस्पिटल सील

**मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने एवं मरीज के ऑपरेशन में लापरवाही बरतने के संदर्भ में सील किया गया**

अवनीश श्रीवास्तव




**मोतिहारी/ढाका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अस्पताल जाँच में मानक के अनुसार नहीं होने एवं अस्पताल द्वारा मरीज के इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप की पुष्टी होने के उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना (ढाका) द्वारा उपाधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल, ढाका, प्रखंड विकास पदाधिकारी, ढाका और थानाध्यक्ष ढाका की मौजूदगी में नीडो हॉस्पिटल, (एसबीआई एटीएम के सामने पकड़ीदयाल रोड) आजाद चौक ढाका को सील किया गया। आवेदक अमरेन कुमार, पिता- महेंद्र सिंह, ग्राम- पिपरा वाजिद, थाना- ढाका के द्वारा दिए गए शिकायत पत्र के आलोक में गठित जांच दल द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन एवं थानाध्यक्ष ढाका द्वारा ढाका थाना कांड संख्या-362/ 2025 के संदर्भ में समर्पित प्रतिवेदन के आलोक में नीडो हॉस्पिटल शल्य क्रिया के लिए मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने एवं मरीज के ऑपरेशन में लापरवाही बरतने के संदर्भ में आज सील किया गया।

## आंखों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ शुरू

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अब स्थानीय मरीजों को आंख सम्बधित बीमारियों को दिखाने के लिए रक्सौल मोतिहारी या परवानीपुर, लहान नहीं जाना होगा आंख की सभी बीमारियों का ईलाज हरसंभव प्रयास कर ठीक किया जाएगा, डाक्टर प्रकाश कुमार तिवारी ने ओपीडी विभाग के कक्ष में बताया कि मरीजों के सुविधा जनक इलाज में दवा के साथ चश्मा भी दी जाएगी, अब इन्हें सारी सुविधाएं यही दी जाएगी, आंख की बीमारी जैसे आंख से कम दिखना,दुरी या नजदीकी, ग्लूकोमा, रतौंधी या अन्य सभी बीमारियों की सम्पूर्ण इलाज आधुनिक टेक्नोलॉजी मशीन, आटो रिफैक्टोमीटर, स्लेट लैंप, फलोमोसकोप रेटिना स्कोप फंगस कैमरा आदि मशीन से जांच किया जाएगा।

## कनीय अभियंता की पत्नी से अपराधियों ने छीना आभूषण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाइक सवार अपराधियों ने बानुछापर थाना क्षेत्र के संत कबीर रोड में चनपटिया में पदस्थापित विद्युत कनीय अभियंता गुरुकेश शास्त्री की पत्नी अंकित भारती से डायमंड और सोने का आभूषण छीन लिया। घटना को अंजाम देकर चारों अपराधी छावनी की ओर फरार हो गए। घटना 15 अगस्त को सुबह की बताई गई है। मामले में कनीय अभियंता ने बानुछापर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरुकेश शास्त्री बानू छापर के कालीकुंज में किराए के मकान में अपने परिवार वालों के साथ रहते हैं। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 15 अगस्त की सुबह कनीय अभियंता की पत्नी अंकित भारती अपने आवास से संत कबीर रोड में स्कूल से बच्चे को लाने पैदल जा रही थी। वे जैसे ही संत कबीर रोड स्थित अर्द्ध सैनिक कैंटीन से थोड़ा आगे बढ़ी, बाइक से तीन-चार की संख्या में अपराधी आए और झपट्टामार कर गले से डायमंड का मंगलसूत्र खींच लिया। अपराधियों ने शोरगुल करने पर पति और बच्चों के मारने की धमकी देकर कान के सोने की बाली भी ले लिया। अंकिता भारती जब तक कुछ समझ पाती चारों अपराधी छावनी की ओर फरार हो गए। थोड़ी देर बाद सहज होने पर अंकित भारती घटना की सूचना अपने पति को दी। सूचना पर कनीय अभियंता मौके पर पहुंचे और वारदात से पुलिस को अवगत कराया। घटना की सूचना मिलने पर बानुछापर थाना की पुलिस मामले की जांच की।

# चिंता देवी सहित छह को रोगी कल्याण समिति में किया गया नामित

**चिरैया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शासी निकाय का हुआ गठन**

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य स्वास्थ्य समिति पटना, बिहार के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने एक पत्र जारी कर बिहार के आठ जिलों के विभिन्न प्रखंडों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समिति के शासी निकाय का गठन किया है। उक्त समिति में सदस्य के रूप में छह समाजिक कार्यकताओं को नामित किया गया है। इस कड़ी में चिरैया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी रोगी कल्याण समिति के शासी निकाय का गठन किया गया है। जिसमें प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत माधोपुर पंचायत के बसवरिया गांव निवासी व भाजपा संगठन जिला ढाका के महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष चिंता देवी को महिला वर्ग में सदस्य नामित किया गया है। इनके अलावा प्रखंड के बेला गांव निवासी रंजीत कुमार की पत्नी प्रियंका कुमारी, सिरौना गांव निवासी देवेंद्र राम, कमरचोली गांव निवासी धर्मवीर कुशवाहा, खोड़ा गांव निवासी नागेंद्र पासवान, रामपुर गांव निवासी अवधेश सिंह सहित छह सदस्यों को नामित किया गया है। उक्त जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी श्याम पासवान ने दी। इस अवसर पर नवनियुक्त सदस्या चिंता देवी ने कहा कि रोगी कल्याण समिति के शासी निकाय के गठन होने से प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में तेजी से सुधार लाने में मदद मिलेगी। नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए भाजपा संगठन जिला ढाका के जिला महामंत्री राकेश यादव, जिला मंत्री जयराम प्रसाद निषाद, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता, गांधी यादव, अनिल बैठा, चंदन पटेल, मिथलेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सांप ने तीन लोगों को डंसा, दो इलाजरत, एक महिला की मौत

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के बहरौली पंचायत के बहरौली गांव में सांप ने तीन लोगों को डंस लिया। जिसमें दो का इलाज निजी क्लीनिक में चल रहा है। वहीं इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई है। मृतक की पहचान बहरौली गांव निवासी छट्ठू लाल राय की 48 वर्षीय पत्नी सुकृति देवी के रूप में हुई है। वहीं इलाज चल रहे स्व चनदेव राय का 62 वर्षीय पुत्र मुखदेव राय और मोख्तार राय की 18 वर्षीय पुत्री मीना कुमारी हैं। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सभी को घर में ही सांप ने डंस लिया जानकारी होते ही परिजनों के द्वारा इलाज के लिए निजी क्लीनिक में ले जा रहा था। जिसकी रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। मृतक महिला को दो पुत्र अंकुश कुमार और अंकुर कुमार तथा एक पुत्री आशु कुमारी हैं। महिला की अचानक मौत से परिवार शोक में डूबा हुआ है।

# भाजपा की सभी मोर्चा कमेटी अध्यक्ष की घोषणा

**भाजपा ने किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा,अति पिछड़ा मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष की गई घोषणा**




**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी कार्यालय गांधी कॉम्प्लेक्स में रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह,मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, जिलाध्यक्ष पवन राज एवं पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना मौजूद थे। आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा के सभी मोर्चों की कमिटी की घोषणा जिलाध्यक्ष पवन राज द्वारा की गई। किसान मोर्चा का अध्यक्ष हरेन्द्र प्र. कुशवाहा,महामंत्री ईश्वर चंद्र उर्फ मिंकु सिंह,महामंत्री परमानंद पाण्डेय एवं प्रभारी विनोद कुशवाहा वही महिला मोर्चा की अध्यक्ष नीता शर्मा,महामंत्री उषा गुप्ता एवं पूजा सिंह और प्रभारी मीना मिश्रा को बनाया गया। युवा मोर्चा के अध्यक्ष इन्द्रमणी कुमार उर्फ बब्लू पासवान, महामंत्री राकेश सिंह, महामंत्री चंदन सिंह एवं प्रभारी सुधांशु रंजन साथ ही अति पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष रवि विश्वकर्मा,महामंत्री संतोष दास एवं संजय ठाकुर और प्रभारी संजय चौधरी जबकि अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष जगजीवन पासवान,महामंत्री कृष्णा बैठा एवं मनोज राम और प्रभारी विजय राम और अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मो. कलाम, महामंत्री मो. जुनैद जौहरी एवं सरदार नीलू राजा और प्रभारी फारुख आजम को बनाया गया।

# एसएसबी ने 15.6 किलो नशीला पदार्थ किया बरामद, तस्कर फरार



**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसएसबी 71वीं बटालियन ने भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी की बड़ी कोशिश को नाकाम करते हुये 15.6 किलोग्राम नशीली पदार्थ गांजा जब्त किया है. यह कार्रवाई जीतना थाना क्षेत्र के झाझरा गांव के समीप से की गई है. जानकारी अनुसार एसएसबी को सूचना मिली थी कि बरहरवा के कार्य क्षेत्र सीमा स्तंभ संख्या 362/18 के नजदीक नेपाल की तरफ से छिपाकर गांजा लाया जा रहा है. एसएसबी को देखकर तस्कर गांजा छोड़ कर नेपाल की तरफ भाग निकला. उक्त बोरे से कुल वजन 15.6 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ. जिसे सशस्त्र सीमा बल के स्पेशल नाका टीम ने बरामद गांजा जब्त कर जीतना थाना को सौंप दिया. जानकारी कमांडेन्ट प्रफुल कुमार ने दी।वही जीतना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## एसएसबी ने किया 275 इंजेक्शन और बाइक जप्त तस्कर भागने में सफल

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 71वी वाहिनी एसएसबी ने नेपाल में तस्करी के लिए ले जाई जा रही नशीली दवाओं को पकड़ा है। एसएसबी अठमोहान कैम्प के जवानों ने शनिवार की देर शाम जितना थाना क्षेत्र के बिजबनी गांव में यह कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी ने बिजबनी गांव में नाकेबंदी की थी। जवानों को देखते ही तस्कर अंधेरे का




फायदा उठाकर बाइक छोड़कर भाग निकले।जब्त की गई बाइक की डिक्की से तीन तरह के नशीले इंजेक्शन मिले। जिसमें 90 पीस ब्यूप्रेनोर्फिन, 94 पीस डायजेपाम और 91 पीस प्रोमेथाज़िन हाइड्रोक्लोराइड शामिल हैं। बाइक पर रजिस्ट्रेशन नंबर भी नहीं था।एसएसबी ने जब्त की गई नशीली दवाएं और बाइक जितना थाना पुलिस को सौंप दी है। जानकारी कमांडेन्ट प्रफुल कुमार ने दी।वही जीतना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया की जप्त नशीली दवाओं की कारोबारी का पहचान करने में जुटी है।

## वर्द्धमान सड़क हादसे में मारे गए छह तीर्थयात्रियों का शव एंबुलेंस से चिरैया पहुंचा

- सात एंबुलेंस से सभी 11 शव पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान से मोतिहारी पहुंचे
- शव के गांव पहुंचते हीं मृतक के परिजनों में मची चीख पुकार
- वर्तमान एवं पूर्व विधायक सहित कई नेता मृतक के गांव पहुंच कर परिजनों को दी सांत्वना

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान में 15 अगस्त शुक्रवार को हुए भीषण सड़क हादसे में जिले के तीन प्रखंडों के 11 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं दर्जनों तीर्थयात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे में जिन तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी उन सभी तीर्थयात्रियों का शव रविवार की सुबह वर्द्धमान से सात एंबुलेंस से मृतकों के गांव पहुंचा। जिसमें तीन एंबुलेंस पर चिरैया प्रखंड के सरसवा घाट के चार शवों नगीना सहनी, योगी साह, पारस साह एवं सुनरपती देवी को भेजा गया। वहीं एक एंबुलेंस पर प्रखंड के लालबेगिया गांव के राजू सहनी की पत्नी मीरा देवी एवं उनके छोटे पुत्र अमरजीत कुमार को भेजा गया। वहीं एक एम्बुलेंस पर मोतिहारी प्रखंड के बढ़ई टोला के सुखदेव शर्मा को एवं एक पर हरियण छपरा के पुण्यदेव पासवान एवं सुरेश पासवान को तथा एक पर लक्ष्मीपुर के शिवशंकर गिरी के शवों को भेजा गया। इधर मृतकों के परिजन व समाज के गणमान्य लोग एवं जनप्रतिनिधि मृतकों के घर पहुंच उनके अंतिम दर्शन किए। जैसे ही शव गांव पहुंचा मृतकों के घर में चीख पुकार मच गई। शवों को देखने के लिए हजारों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। मृतक के अंतिम दर्शन करने व शोक संतप्त परिवार से मिलने चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता सहित पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण यादव, राजद के पूर्व प्रत्याशी अच्छेलाल प्रसाद यादव एवं जनसुराज के नेता एवं भावी प्रत्याशी ई. संजय सिंह सरसावा एवं लालबेगिया गांव पहुंचे। इस दौरान विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने पार्थिव शरीर को कंधा देकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

## ब्रेजा कार ने दुकान में मारी टक्कर, सवार बाल-बाल बचे

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर मशरक के दलित टोला गांव में अनियंत्रित ब्रेजा कार ने दुकान में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें ब्रेजा कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं दुकान भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। तेज रफ्तार से चैनपुर की तरफ से आ रहीं ब्रेजा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुकान से जाकर टकरा गई जिसमें ब्रेजा कार और दुकान के शटर के परखच्चे उड़ गए। हालांकि सुबह का समय होने से दुकान बंद था वहीं सड़क पर आवागमन कम होने की वजह से बड़ी जान माल की हानि होने से बच गयी।

# जिला स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता के लिए महाराज स्टेडियम तैयार

**18 से 21 अगस्त तक जिला स्तरीय मसाल प्रतिभा खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया के महाराज स्टेडियम में 18 से 21 अगस्त 2025 तक जिला स्तरीय मसाला प्रतिभा खेल प्रतियोगिता के आयोजन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिक्षा विभाग, खेल विभाग,बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 18 से 21 अगस्त तक किया जाऐप खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा किया जायेगा। उद्घाटन समारोह में राज्य संपोषित कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय की एनसीसी कैडेट व आलोक भारती शिक्षण संस्थान के बैंड दस्ते के द्वारा मार्च पास्ट एवं राज इंटर कॉलेज व राज्य संपोषित कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी। मशाल खेल योजना बिहार में संचालित एक विशाल खेल प्रतिभा खोज अभियान है, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता माना जा रहा है।इसका मुख्य उद्देश्य कम उम्र में ही प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय-आंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रशिक्षण दिलाना है। इसमें एथलेटिक्स (दौड़, लंबी कूद, क्रिकेट बॉल थ्रो), कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, और साइकिलिंग खेल विधाएं शामिल की गयी है। सरकारी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 14 वर्ष से कम और 16 वर्ष से कम (लड़के और लड़कियाँ) इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।यह प्रतियोगिता पाँच स्तरों पर आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होना है।जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित ने बताया कि प्रतियोगिता की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। लड़कों के आवासन व भोजन की व्यवस्था, राज इंटर कॉलेज एवं लड़कियों के आवासन व भोजन की व्यवस्था राज्य संपोषित कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में की गई है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण के रूप में मंच पर उतरे

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर शनिवार को मंदिरों से लेकर घरों तक हर्षोल्लास का माहौल बना रहा। तरैया क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरों तक जन्माष्टमी की धूम रही। घरों में बच्चों को राधा-कृष्ण के वेश में सजाया गया। महिलाएं इस अवसर पर विशेष उत्साह में दिखा रही थी। बताते चले कि भादो मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। मथुरा के कारागार में देवकी के गर्भ से आधी रात को रोहिणी नक्षत्र में उनका जन्म हुआ था।

# मैट्रिक टॉपरों को सम्मान समारोह आयोजित कर किया गया पुरस्कृत

**दो छात्र - छात्राओं को साईकिल व 75 को दिवाल घड़ी देकर किया गया सम्मानित**



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के मीरपुर गांव निवासी व राष्ट्रपति पदक से सम्मानित शिक्षक सुरेंद्र दूबे के आवास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वर्ष 2025 की मैट्रिक परीक्षा में मीरपुर पंचायत के टॉपर छात्र - छात्राओं को सम्मानित किया गया। जनसुराज के नेता डॉ एलबी प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इसके उपरांत मैट्रिक परीक्षा में पंचायत के टॉपर बच्चों को साईकिल देकर पुरस्कृत किया गया। इनमें मीरपुर गांव निवासी रामदयाल प्रसाद के पुत्र छात्र प्रिंस कुमार जो मैट्रिक परीक्षा में 453 अंक प्राप्त कर पंचायत टॉपर बने। वही उक्त गांव निवासी अब्दुल जलील मंसूरी की पुत्री छात्रा शाहजहां खातून 423 अंक प्राप्त कर पंचायत की टॉपर बनी हैं। इन दोनों छात्र - छात्राओं को साईकिल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा मैट्रिक परीक्षा में 400 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 40 बच्चों तथा आठवीं कक्षा की मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा पास करने वाले 35 बच्चों को दिवाल घड़ी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी सह सरपंच प्रतिनिधि चितरंजन कुमार ने टॉपरों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चे पूरी मेहनत और लगन के साथ अध्ययन करते हुए एक दिन देश दुनिया में चिरैया का मान बढ़ाएंगे ऐसा मुझे विश्वास है। उन्होंने कहा कि मैं अपने जन्मदिन के अवसर पर वर्ष 2021 से लगातार पंचायत के मैट्रिक टॉपरों को सम्मानित कर रहा हूं। जो आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर डॉ एलबी प्रसाद ने कहा ग्रामीण परिवेश में रहकर इन बच्चों ने एक कृतिमान स्थापित किया है। जो धीरे धीरे राष्ट्रीय फलक पर उभरेंगे। सभी बच्चें पुरस्कार पाकर काफी खुश थे। मंच का संचालन शिक्षक मनोज कुमार यादव ने किया। मौके पर चिरैया थानाध्यक्ष महेश कुमार, एसआई खगेश झा, एच एम लालबाबू प्रसाद यादव, शिक्षक भागीरथ प्रसाद, बाबूलाल प्रसाद यादव, रामलगन प्रसाद यादव, गणेश प्रसाद, रामाशंकर प्रसाद, संजय यादव, ग्रामीण मुरारी दुबे सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रसूलपुर के युवाओं ने जगाई देशभक्ति की अलख, परंपरागत प्रभात फेरी से गूंजा गांव

**रसूलपुर में गूंजे देशभक्ति के नारे, परंपरागत प्रभात फेरी का भव्य आयोजन**



**एकमा/रसूलपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रसूलपुर गांव में नवयुवक संघ एवं माता सती स्पोर्ट्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में परंपरागत प्रभात फेरी का भव्य आयोजन किया गया। ब्रह्ममुहूर्त में प्रातः 3 बजे बाबा दुर्गेश्वरनाथ मंदिर से प्रारंभ हुई यह प्रभात फेरी पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वीर वरद हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार पर राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुई। फेरी में शामिल युवाओं ने पूरे गांव में देशभक्ति के जोशीले नारे लगाए, जिससे जनमानस में उत्साह का माहौल बन गया। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद की मूर्ति पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हर वर्ष की तरह इस बार भी रसूलपुर के युवाओं ने अपनी देशभक्ति और ऊर्जा से लोगों का दिल जीत लिया। गांव से बाहर रहने वाले सम्मानित व्यक्तियों ने भी सोशल मीडिया व फोन के माध्यम से आयोजन की सराहना की। गांववासियों ने इसे परंपरा का रूप दे दिया है, जिसमें अभिभावकों, शिक्षकों व वरिष्ठ नागरिकों का सहयोग मिलता रहा है। इस प्रभात फेरी में बीरबल कुशवाहा (वीर), अंशु चौरसिया, घुमन, मनु मिश्रा, सोनू, विशाल, पवन, श्रवण, विश्वजीत दुबे, बादल, शिक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव 'अमृत', मोनू, प्रदीप, प्रदुमन, गार्जियन तुल्य धीरज बाबा, मनोज सोनी समेत अनेक युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। वहीं वर्तमान में सीआईएसएफ में सेवा दे रहे पलक प्रतीक ने वीडियो कॉल के माध्यम से साथियों को बधाई दी और आयोजन की सराहना की।

**जन्माष्टमी पर हुआ हांडी फोड़ कार्यक्रमः**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रसूलपुर स्थित बाबा दुर्गेश्वरनाथ मंदिर पोखर के समीप अपराह्न 3.00 बजे से हांडी फोड़ एवं अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# संस्कृत के उत्थान से भारत की संस्कृति का होगा विकास : अनिल शर्मा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय शहर के लक्ष्मी सांगवेद प्राथमिक सह माध्यमिक संस्कृत विद्यालय में विश्व संस्कृत दिवस के उपलक्ष में संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविद डॉक्टर एस. के. सुनील ने किया। उन्होंने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्कृत भाषा के महत्व और उसके शैक्षणिक उपादेयता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृत हमारे देश की सबसे प्राचीन भाषा है। यह भाषा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान भी है। उन्होंने कहा कि जीविकोपार्जन से लेकर उच्च शिक्षा ग्रहण करने तक इसमें असीम अवसर शिक्षार्थियों के लिए है। उन्होंने संस्कृत को देव भाषा बताते हुए कहा कि



इसमें कहीं हमारी सांस्कृतिक विरासत बसती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधान परिषद सदस्य सह राजभाषा समिति पटना के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि संस्कृत हमारे लिए एक आदर्श भाषा है। उन्होंने संस्कृत भाषा से जुड़े लोगों को बताया कि संस्कृत का संरक्षण जैसे दक्षिण भारत के कई राज्यों में हो रहा है वैसा काम यहां भी होना चाहिए। उन्होंने बताया कि संस्कृत विषय से पढ़कर आज भी लोग सिविल सर्विसेज जैसे उच्च प्रतियोगिता परीक्षा में सफल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत के उत्थान से ही भारत का सम्मान बढ़ेगा, क्योंकि संस्कृत में ही हमारी संस्कृति और संस्कार निहित है, जो हमारे राष्ट्र की पहचान रही है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सरकार संस्कृत के विकास के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम काम कर रहे हैं लेकिन इस दिशा में कुछ काम जो बाकी रह गया है उसे अगले विधानसभा के चुनाव में जब जनता का आशीर्वाद प्राप्त कर पुनः सत्ता में आएंगे तो संस्कृत विद्यालय के उत्थान के लिए बचे कामों को हर हाल में हम पूरा करेंगे।

# जान का दुश्मन बना तीखा मोड़ स्पीड ब्रेकर ने बढ़ाई परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में सड़क दुर्घटना एक बड़ी समस्या है। आए दिन सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो दे रहे हैं। दुर्घटना के पीछे कई कारण हैं, जिसमें एक प्रमुख कारण सड़कों पर बने तीखा मोड़ एवं स्पीड ब्रेकर है। यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती है। कई तीखे मोड़ तो ऐसे हैं जिनका अपना अलग इतिहास है और वे लोगों के बीच डेंजर जोन के नाम से जाने जाते हैं। शहरी सड़क पर गौर करने के बाद ग्रामीण सड़कों का हाल देखें तो तीखा मोड़ के साथ-साथ स्पीड ब्रेकर भी समस्या बन सामने खड़ी है। अक्सर स्पीड ब्रेकर के कारण इन ग्रामीण सड़कों पर दुर्घटनाएं होती है। लोग अपनी सुविधा अनुसार सड़क निर्माण संवेदक पर दबाव डालकर अपने घर के इर्द-गिर्द स्पीड ब्रेकर बना लेते हैं। नतीजा होता है कि दो



पहिया सवार तो इन स्पीड ब्रेकर का निशाना बन ही जाता है।

**तीखे मोड़ कहलाते हैं डेंजर जोन**

जिले में ऐसे तीखे मोड़ हैं जहां अक्सर दुर्घटनाएं घट जा रही हैं। बेरी से चेई नवादा जाने वाली पथ में प्राणपुर गांव के समीप मदार नदी पर ऐसे तीखे मोड़ हैं जो अक्सर हादसे को निमंत्रण देते हैं और वहां हादसा होने की संभावना बनी है। इसके आगे एक पुल है। पुल के पास रात्रि में अंधेरा पसरा रहता है। रात्रि के

**मदार नदी पर तीखा मोड़ होने से दुर्घटना की संभावना**

अंधेरे में दोपहिया व चार पहिया वाहन चालक को काफी परेशानी होती है। रात्रि के अंधेरे में वाहन पलटकर नदी में गिर जाए कहा नहीं जा सकता है। बता दें कि पुल का निर्माण वर्षो पहले सिचाई विभाग द्वारा कराया गया था। पुल पर रेलिग का भी निर्माण कराया गया था जो अब टूट गया है। रेलिग के टूटने से भी राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। बेरी के मंटू कुमार, प्राणपुर गांव के रंजन सिह, चेई नवादा के प्रमोद सिंह, शनी कुमार ने बताया कि पुल पर रेलिग कराने की आवश्यकता है। बच्चे इसी पथ से मदनपुर स्कूल पढ़ने जाते हैं। बच्चों को पुल में गिरने का खतरा बना रहता है।

# प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा हसपुरा मंडल की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी हसपुरा मंडल उत्तरी इकाई की बैठक शनिवार को स्व. डी.के. शर्मा स्मृति भवन हसपुरा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी गया आगमन को लेकर तैयारियों पर चर्चा करना था। मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 22 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मगध विश्वविद्यालय, गया के मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसमें गोह विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत और गांव से हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता



सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके लिए पंचायत स्तर पर बैठक कर रणनीति बनाई जाएगी और हर पंचायत में प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए बीएलए-2 और बीएलओ से समन्वय कर नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने का कार्य किया जाए।

बैठक में विधानसभा संयोजक रविशंकर शर्मा, पूर्व महामंत्री अनिल आर्य, उपाध्यक्ष चितरंजन सिंह, सुरेश आर्य, सुनील सिंह, गनौरी राम, अर्जुन मालाकार, अर्जुन साव, सुभाष चन्द्र पाण्डेय, सतेन्द्र पाण्डेय, ज्योति नारायण सिंह, गया लाल पंडित, विरेन्द्र कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जहानाबाद में पत्रकार सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय समाजसेवी एवं शिक्षाविद् डॉ. अभिराम सिंह की पहल पर एरोड्रम स्थित प्रतिभा पल्लवन विद्यालय के सभागार में रविवार को पत्रकार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न संस्थानों एवं मीडिया हाउस में कार्यरत दर्जनों पत्रकारों को अंगवस्त्र और प्रशस्ति-पत्र/शील्ड भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण के साथ हुई। इसके बाद एक-एक कर पत्रकारों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और विद्यालय परिवार ने पत्रकारों के कार्यों की सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए कई वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं।



वे जनता और शासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं। पत्रकारों को सम्मानित करना न केवल उनके मनोबल को बढ़ाता है, बल्कि उनकी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पण और भी मजबूत करता है। विद्यालय के संचालक डॉ. अभिराम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ हैं। उनका संघर्ष अत्यंत बड़ा है, लेकिन उन्हें अक्सर वह सम्मान नहीं मिल पाता जिसके वे वास्तव में हकदार हैं। उन्होंने भावुक होकर कहा कि जब उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी यात्रा की शुरुआत की थी, तब जहानाबाद के कई वरिष्ठ पत्रकारों ने हर कदम पर सहयोग किया। आज मैं जिस मुकाम पर हूं, उसमें पत्रकारों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है। यही कारण है कि हर वर्ष मेरा संकल्प रहता है कि विद्यालय परिसर में इस प्रकार का आयोजन कर पत्रकारों को सम्मानित किया जाए। वरिष्ठ पत्रकारों ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि पत्रकार जनता की आवाज होते हैं। वे हर परिस्थिति में जमीनी स्तर पर समाज की सच्चाई को सामने लाने का काम करते हैं। पत्रकारिता का कार्य बेहद कठिन और संघर्षपूर्ण है, जिसमें समय की कोई सीमा नहीं होती। बावजूद इसके, पत्रकार अपनी जिम्मेदारी पूरी इमानदारी और निष्ठा से निभाते हैं। सम्मान पाकर पत्रकारों ने भी आयोजकों का आभार जताया।

# भास्कर आयुर्वेद एडब्लूपीएल फ्रेंचाइजी का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के राजा नगर में भास्कर आयुर्वेद एडब्ल्यूपीएल की फ्रेंचाइजी का उद्घाटन रविवार को धूमधाम से किया गया। रॉयल डायमंड कौशल कुमार ने पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर इसका शुभारंभ किया।



फ्रेंचाइजी के संचालक संजय मिश्रा ने बताया कि रफीगंज में लोगों को अब एडब्ल्यूपीएल के सभी उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी के उत्पाद न केवल जटिल बीमारियों के उपचार में सहायक हैं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में भी कारगर हैं। साथ ही, इससे जुड़कर कार्य करने वाले युवाओं को रोजगार का अवसर भी प्राप्त होगा। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. सुबोध शर्मा, संतोष पाठक, डॉ. मनोज शर्मा, विमल सिंह, संजू प्रसाद, कपिल कुमार, सुधीर मिश्रा, डॉ. प्रमोद कुमार, रविंद्र कुमार गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# गायत्री परिवार प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ का 220वां पौधारोपण अभियान सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद द्वारा रविवार को 220वां साप्ताहिक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम हुलासगंज प्रखंड के जारु-बनवरिया गांव स्थित बंगाली बाबा आश्रम परिसर में सम्पन्न हुआ, जहां 15 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। आश्रम के संचालक मुन्ना बाबा ने वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ न केवल तापमान नियंत्रित करने और वर्षा लाने में सहायक होते हैं, बल्कि दूषित वायु को शुद्ध कर हमें जीवनदायी ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं। साथ ही पेड़ भोजन, ईंधन, लकड़ी और कागज जैसी आवश्यक वस्तुओं के स्रोत भी हैं। उन्होंने कहा कि अंधाधुंध वनों की कटाई से



जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता संकट जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसलिए हर व्यक्ति को वृक्षारोपण को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

कार्यक्रम के जिला समन्वयक रंगेश कुमार ने कहा कि पृथ्वी हमारी तरह हमारी भी देखभाल करती है। हमें इसे हरा-भरा और सुंदर बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने होंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में युवा आइकॉन आभास कुमार, साहित्यकार सुभाष शर्मा एवं युवा अधिवक्ता प्रकाश चंद को मंत्र चादर, सत्साहित्य और देव प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी प्रतिभागियों के मंगलमय जीवन की कामना भी की गई। कार्यक्रम में रंगेश कुमार, बचन देव कुमार, हरिजी, श्यामनारायण कुमार, प्रवीण कुमार, संजय कुमार, देवेंद्र शर्मा और भारती कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# पुण्यतिथि पर असहायों के बीच वस्त्र व अनाज का वितरण, समाजसेवियों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के पाण्डेय कर्मा गांव में बाबू राम ध्यान सिंह की 17वीं पुण्यतिथि श्रद्धा व सामाजिक सरोकार के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन दिनेश कुमार सिंह ने किया। समारोह की शुरुआत अतिथि अशोक सिंह समेत दर्जनों समाजसेवियों ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर रामायण व सुन्दरकाण्ड का पाठ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों को आयोजक द्वारा माला, अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सरवाक गांव के नवयुवक संघ को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। पुण्यतिथि पर हर वर्ष की भांति इस बार भी असहाय



एवं गरीब परिवारों के बीच वस्त्र और अनाज का वितरण किया गया। उपस्थित लोगों ने बाबू राम ध्यान सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन व कृतित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि माता-पिता को याद करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि अनुज सिंह, सुरेंद्र सिंह, आनंद सिंह, संजय सिंह, डॉ. विनय सिंह, राधेश्याम सिंह, शंकर दयाल सिंह, शशिकांत सिंह व पिंटू सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हसपुरा में महिला किसान उत्पादक संगठन कार्यालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के टाल गांव में रविवार को महिला किसानों के उत्थान और कृषि क्षेत्र में स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकास महिला किसान उत्पादक संगठन स्वालंबी सहकारी समिति का कार्यालय खोला गया। इसका उद्घाटन जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि शैलेश कुमार यादव ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में टाल पंचायत की मुखिया नीलम देवी, सरपंच प्रतिनिधि रामानुज शर्मा, उपमुखिया प्रतिनिधि कमलेश सिंह, संस्था की अध्यक्ष फुलकुमारी देवी, सचिव रेणु देवी, पंचायत समिति सदस्य धनंजय कुमार मुन्ना, कामाख्या नारायण सिंह, दिनेश सिंह एवं दीपक कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। वहीं, संस्था की ओर से आए हुए अतिथियों का अंगवस्त्र प्रदान कर विश्वजीत कुमार विकास ने स्वागत किया। इस अवसर



पर जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि शैलेश कुमार यादव, मुखिया नीलम देवी और पंचायत समिति सदस्य धनंजय कुमार मुन्ना ने कहा कि सुदूर गांव में बिहार सहकारिता अधिनियम 1996 के तहत यह संगठन की स्थापना किसानों और विशेषकर महिलाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इसके माध्यम से किसानों को सामूहिक शक्ति का लाभ मिलेगा, बेहतर बाजार तक पहुंच सुनिश्चित होगी, उचित मूल्य पर उपज की बिक्री संभव होगी तथा बीज, खाद, मशीनरी और तकनीकी प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं सुलभ होंगी। संस्था से जुड़े विश्वजीत कुमार विकास ने बताया कि इस संगठन के माध्यम से किसानों को अब ब्लॉक स्तर के कार्यालयों का बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें अपने ही गांव में सभी सुविधाएं और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

# संवेदक की लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** भवन निर्माण विभाग द्वारा 1 करोड़ 82 लाख रूपये की लागत से बनाएं जा रहे शैक्षणिक भवन निर्माण कार्य में देरी होने से छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। मामला मदनपुर प्रखंड के ताराडीह में राजकीय मध्य विद्यालय से बन रहे उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय की है। ग्रामीणों द्वारा भवन निर्माण लगे संवेदक के द्वारा बरती जा रही लापरवाही का शिकायत डीएम से की गई है। ताराडीह में राजकीय मध्य विधालय को उत्क्रमित कर उच्च माध्यमिक विद्यालय व इंटरमीडिएट किया है। इंटरमीडिएट के लिए भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 82 लाख रूपये सरकार द्वारा स्वीकृत होने के बाद संवेदक ने बिल्डिंग निर्माण शुरू किया। संवेदक को कुल दो किस्तों में 50 लाख रूपये का भुगतान होने के बाद शिक्षा विभाग द्वारा पुनः संवेदक को बकाए राशि का भुगतना नहीं होने पर आधे अधुरे निर्माणाधीन कर करीब दो वर्षों से छोड़ दिया गया है जिससे 10वीं और 11वीं के छात्र छात्राओं की शैक्षणिक व्यवस्था व पढ़ाई लिखाई में दिक्कत हो रही है। इंटरमीडिएट में आर्ट में 160 और साइंस में 150 छात्र-छात्राओं का नामांकन है। इसके अलावा वर्ग 9वीं और 10वीं वर्ग एवं मध्य विद्यालय वर्ग एक से 8 वीं वर्ग तक एक ही परिसर में है। इंटरमीडिएट में 16 शिक्षक पदस्थापित हैं। भवन के अभाव में खुले आकाश तले या बरामदे में शैक्षणिक कार्य शिक्षक करते हैं। मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामपति राम ने बताया कि भवन निर्माणाधीन रहने से शैक्षणिक कार्य में दिक्कत हो रही है। भवन निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए डीएम, शिक्षा विभाग को अनेकों बार पत्र लिखा गया है और समस्या से अवगत कराया गया है। समाजसेवी सह ताराडीह निवासी रणविजय मेहता, अवधेश पासवान ने बताया कि ग्रामीणों से हस्ताक्षरित आवेदन पत्र डीएम को देकर मांग की गई है कि भवन निर्माण कार्य की जांच कर अधुरे कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराई जाए।

# मग विद्वत परिषद देवधाम की नबीनगर शाखा का चुनाव संपन्न

## अमरंजय पांडेय बने अध्यक्ष, सचिव बने ललित पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बरियावां स्थित ललित कुमार पांडेय के आवास पर रविवार को मग विद्वत परिषद देवधाम औरंगाबाद की प्रखंड स्तरीय शाखा नबीनगर उत्तरी की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष योगेश कुमार मिश्र ने किया। बैठक की शुरुआत स्वस्तिवाचन एवं सूर्य नारायण की विधिवत पूजन के साथ की गई। केंद्रीय संरक्षक गुप्तेश्वर पाठक ने सामाजिक संगठन पर जोर देते हुए कहा कि जब तक हम एकजुट नहीं होंगे तब तक किसी भी क्षेत्र में हमें उचित स्थान प्राप्त नहीं होगा। कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय ने कहा कि



संगठन का विस्तार जब तक ग्रामीण स्तर तक नहीं होगा, यथोचित विकास संभव नहीं। योगेश कुमार मिश्रा ने कहा कि समाज के विकास के लिए स्वस्थ मानसिकता के साथ-साथ एक-दूसरे की सहायता के लिए पूरे जोरशोर से तैयार होना पड़ेगा।

बैठक में नबीनगर (उत्तरी) शाखा की कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अमरंजय पांडेय (जयपुर) को अध्यक्ष, ललित पांडेय (बरियावां) को सचिव, रविंद्र कुमार पाठक (रेगनियां) को संगठन सचिव, संतोष कुमार पांडेय (बेनी) को कोषाध्यक्ष और नरेंद्र कुमार पाठक (रेगनियां) को अंकेक्षक मनोनित किया गया। इस मौके पर अखिलेश पांडेय, इंजीनियर वीरेंद्र पाठक, पत्रकार मिथिलेश पांडेय, कमलेश पाठक, संतोष कुमार पांडेय सहित लगभग दर्जनों लोग उपस्थित रहे। संचालन केंद्रीय संगठन सचिव धनंजय जयपुरी ने किया।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भक्ति भाव और श्रध्दा पूर्वक और हर्षोल्लास से मनाया गया। धार्मिक वातावरण में श्रद्धालु भक्तों के द्वारा मंदिरों को सजाया गया। डोला सजा कर उसमें मूर्ति स्थापित किया गया। इसके बाद धार्मिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। मंदिरों में भक्ति भावना का वातावरण बना रहा। रात्रि 12 बजते ही भगवान कृष्ण का अवतरण हुआ। शंख ध्वनि से पूजा पंडाल गुंजायमान हो गया। इस दौरान ढोल मंजीरे के साथ भक्तिमयी गीत गाने बजाने से पुरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रति आस्था समर्पित की। प्रधान पुजारी व समाजसेवी ज्ञानदत्त पाण्डेय ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की पांच हजार नौ सौ उन्सठवीं जयंती पुरे संसार में मनाई जा रही है। उन्होंने इस धरती पर अवतरित होकर सामाजिक संरचनात्मक कार्य किए। जीवन जीने की जीवंतता किया है।

# वर्ष 1953 में बने गांधी मैदान बस स्टैंड की स्थिति हो गई बदहाल

**रंजन सिंह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** वर्ष 1953 में स्थापित गांधी मैदान बस स्टैंड की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल हो गई है। बस स्टैंड कभी बसों की भीड़ से गुलजार रहता था परंतु अब यहां सन्नाटा पसरा रहता है। यहां न कर्मी और न ही स्टैंड की स्थिति ठीक है। बता दें कि स्टैंड का निर्माण 1953 में हुआ था। पहले बस स्टैंड में दिन-रात भीड़ लगी रहती थी परंतु आज यहां सन्नाटा पसरा है। यहां पहले 10 बड़े होटल थे। लाइट की पूरी व्यवस्था थी। रात भर स्टैंड जगमगाते रहता था परंतु अब यहां अंधेरा पसरा रहता है। यहां तक की बस स्टैंड का प्रतीक्षालय इन दिनों जुआरियों का अड्डा बन गया है। सुबह आठ बजे से देर रात तक जुआरी जुआ खेलते रहते हैं। प्रतीक्षालय में गंदगी लगी रहती है। गंदगी के कारण लोग यहां बैठने से कतराते हैं। वर्ष 1992-1993 से लेकर वर्ष 1999 तक स्टैंड से स्टैंड से 40 बसें पटना, डाल्टेनगंज, वाराणसी, रायगढ़, रांची, टाटा, बोकारो समेत अन्य जगहों के लिए खुलती थी। बता दें कि 15 नवंबर 2000 को बिहार-झारखंड का बंटवारा हुआ। उसी समय अधिक बसें झारखंड के कोटे में चली गई लेकिन अब यहां से पटना, गया सहित के लिए बसे चलती है।

**13 वर्षों से बंद है पेट्रोल पंप**

बिहार बंटवारे के बाद से स्टैंड एवं उसके कर्मी रो रहे हैं। स्टैंड में पेट्रोल पंप है जो पिछले 13 वर्षों से बेकार पड़ी है। यह पंप अब पूरी तरह से कबाड़खाना में तब्दील हो गया है। बता दें कि पेट्रोल पंप हीं नहीं बल्कि यह पूरा स्टैंड कबाड़खना बनकर रह गया है। स्टैंड के भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। इसको लेकर किसी को भी ध्यान नहीं है। सरकार का करोड़ो रुपये पानी में जा रहा है। बस की कमी के कारण धीरे-धीरे डीजल आना बंद हो गया। बस स्टैंड परिसर में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। बस स्टैंड को जीर्णोद्धार की जरूरत है। अगर इस स्टैंड का जीर्णोद्धार कर पहले की तरह कर दी जाए तो यह पुनः गुलजार हो जाएगा। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

**बस स्टैंड में पेयजल के लिए भटकते हैं यात्री :** बस स्टैंड में पहुंचने वाले यात्रियों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। शाहपुर के प्रदीप कुमार, अंकित कुमार ने बताया कि स्टैंड में पेयजल का अभाव है। अगर कोई यात्री को प्यास लगती है तो बाहर से 20 से 30 रुपये में पानी लेकर पीने को मजबूर हैं। बताया कि अगर स्टैंड में पेयजल की सुविधा हो जाती है तो काफी सहूलियत होगी।

# फेयर प्राइस डीलर सूर्यदेव सिंह के निधन पर शोक सभा, श्रद्धांजलि अर्पित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के अहियापुर पंचायत अंतर्गत झामविगहा गांव निवासी फ़ेयर प्राइस डीलर सूर्यदेव सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में फ़ेयर प्राइस दुकानदार, जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उनके आवास पर पहुंचकर शोक सभा में शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा की अध्यक्षता फ़ेयर प्राइस संघ के प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने की। इस दौरान उपप्रमुख सतेन्द्र



चौधरी, सरपंच बखोरा खां, डुमरा मुखिया प्रतिनिधि रंजीव रंजन उर्फ नन्हका बाबू, रामाश्रय प्रसाद सिंह, सीपीआई अंचल मंत्री चन्द्रशेखर सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि झोंकी यादव, पूर्व प्रमुख विजय कुमार, रामनरेश सिंह, सुदामा यादव, प्रदीप सिंह, ब्रजेश कुमार, धर्मेश कुमार, पूर्व उपमुखिया संजय मेहता, केदार प्रसाद, कामाख्या नारायण सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार, अहियापुर पैक्स प्रतिनिधि निर्भय यादव, अखिलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने दिवंगत सूर्यदेव सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे एक सच्चे, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। अपने कार्यकाल में उन्होंने कभी समझौता नहीं किया और हमेशा निष्पक्षता व सेवा भाव से लोगों की मदद की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# कैदियों ने नशामुक्ति का लिया संकल्प

## कैदियों के बीच चलाया गया नशामुक्ति विधिक जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मसौढ़ी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना की सचिव पल्लवी आनंद के निर्देशन और लॉ फाउंडेशन के सहयोग से उपकारा मसौढ़ी में नशा मुक्ति नशामुक्त जीवन की ओर विषय पर एक विधिक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना, स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करना और कैदियों को गरिमा एवं जिम्मेदारी के साथ अपना जीवन पुनर्निर्माण करने के लिए प्रेरित करना था।सत्र की शुरुआत लॉ फाउंडेशन के पैनल अधिवक्ता मोहम्मद खालिद कुरैशी द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान डीएलएसए मसौढ़ी पैनल अधिवक्ता विमल कुमार, लॉ फाउंडेशन पैनल अधिवक्ता मोहम्मद खालिद कुरैशी, सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी, सहायक अधीक्षक गौतम कुमार एवं प्रभारी उपाधिक्षक राजेश कुमारउपस्थित रहे।अधिवक्ता मो. खालिद कुरैशी ने नशा और शराब की लत के खतरों पर विस्तार से प्रकाश डला। सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी ने कैदियों को ध्यान, आत्मचिंतन और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से इस बात की कल्पना करने के लिए प्रेरित किया कि वे जेल से बाहर निकलने के बाद किस प्रकार स्वतंत्रता, गरिमा और जिम्मेदारी के साथ जीवन जी सकते हैं।कार्यक्रम में सामूहिक शपथ दिलाया, जिसमें सभी कैदियों ने वचन लिया कि वे नशे से दूर रहेंगे, एक-दूसरे का सहयोग करेंगे और गरिमा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने जीवन का पुनर्निर्माण करेंगे।

# जमाबंदी की प्रति रैयतों को की जा रही वितरित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** जमीन के कागजों की गड़बड़ियों को दुरुस्त करने और मौजूदा समय के अनुसार जमाबंदियों को अपडेट करने के लिए राजस्व महाअभियान शनिवार को शुरू हुआ है। यह अभियान 20 सितम्बर तक चलेगा। महाअभियान का उद्देश्य हर रैयत की जमीन के अभिलेखों को दुरुस्त करना है, ताकि भविष्य में कोई विवाद न हो। भूमि सुधार उपसमाहर्ता कोमल किरण ने कहा कि शनिवार से घर-घर जाकर रैयतों को जमाबंदी की प्रति और आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराना शुरू कर दिया गया है। आवश्यक होने पर नाम, पिता का नाम, खाता-खेसरा, रकबा, लगान आदि में त्रुटियों का सुधार किया जाएगा। राज्य सरकार चाहती है कि किसी भी रैयत को अपने कागज के सुधार के लिए दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े। राजस्व विभाग स्वयं आपके दरवाजे तक पहुंच रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्यालय स्तर पर निगरानी की व्यवस्था की गई है। मसौढी धनरूआ एवं पुनपुन के सभी राजस्व गांव मे राजस्व कर्मचारियों को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### संविधान बचाने की...

लोग बिहारियों को चूना लगाना चाहते हैं। लेकिन यह बिहार है जहां चूना खैनी के साथ रगड़ा जाता है। बिहारी गरीब जरूर हैं लेकिन यहां का बच्चा-बच्चा तीखी मिर्ची वाला काम करता है। हम किसी कीमत पर बेइमानी नहीं होने देंगे। मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह यात्रा बिहार के 25 जिलों में जाएगी और एक सितम्बर को पटना में विशाल रैली के साथ इसका समापन होगा। उन्होंने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जन्मभूमि है। संविधान बचाने व लोकतंत्र बचाने में सभी को सहयोग करना चाहिए। सासाराम बाबू जगजीवन राम और उसके बाद मीरा कुमार की कर्मभूमि रही है। कांग्रेस ने मीरा कुमार को लोकसभा का स्पीकर बनाकर सम्मान देने का काम किया। कांग्रेस सब को सामान अधिकार देती है। केंद्र सरकार वोट के अधिकार को छीन रही है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने कहा कि किसी भी कीमत पर भाजपा को सता में नहीं आने देना है। सभा को सीपीआई एमएल के दीपांकर भट्टाचार्य, कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, कन्हैया कुमार, वीआईपी के मुकेश सहनी, मंगनी लाल मंडल, पी संतोष, सुहासिनी अली, अब्दुलबारी सिद्दीकी, कुणाल, कृष्ण अल्लावारू, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, राजद नेत्री कांति सिंह समेत महागठबंधन के तमाम बड़े नेताओं ने सम्बोधित किया। सभा के उपरांत कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।

### किसी हाल में नहीं ...

एकमात्र ताकत है और अब उसी की चोरी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी-शाह की सरकार ने 2024 में ऐसा कानून लाया जिसके तहत चुनाव आयोग के अधिकारियों पर मुकदमा नहीं हो सकता। यह इसलिए किया गया ताकि भाजपा और आयोग मिलकर वोट चोरी कर सकें। लेकिन अब वोट चोरों को जाना पड़ेगा क्योंकि बिहार उनकी असलियत समझ चुका है और लड़ने को तैयार है। राहुल गांधी ने कहा कि वह, तेजस्वी यादव और बिहार की जनता किसी से डरने वाली नहीं है। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा और निर्वाचन आयोग मिलकर खुलेआम वोट चोरी कर रहे हैं। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स से बिहार को डराने का प्रयास नाकाम हो गया तो अब सीधा मतदाताओं का अधिकार छीना जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे अचेत मुख्यमंत्री हैं और भाजपा चुनाव के बाद उन्हें हाशिए पर डाल देगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नकलची सरकार है, जो तेजस्वी यादव की घोषणाओं की हूबहू नकल करती है—फिर चाहे डोमिसाइल नीति हो, मुफ्त बिजली का वादा हो या 5 लाख रोजगार का। तेजस्वी ने कहा कि बिहार तैयार है और इस बार वोट चोरों को भगाकर विकास की नयी सरकार बनाएगा। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के अध्यक्ष मुकेश साहनी ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के संविधान का मूल तत्व ही वोट का अधिकार है, लेकिन भाजपा और निर्वाचन आयोग मिलकर उस अधिकार की चोरी कर रहे हैं। यह लोकतंत्र और संविधान दोनों पर हमला है। भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि निर्वाचन आयोग, भाजपा के साथ मिलकर मतदाताओं के वोट चुराने की साजिश कर रहा है। राहुल गांधी ने इस सच्चाई को सामने लाकर भाजपा की कलई खोल दी है। अब देश सजग हो गया है और वोट चोरी करना आसान नहीं रह गया है। औरंगाबाद की यह रैली महागठबंधन की वोट अधिकार यात्रा का हिस्सा थी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मौके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय औरंगाबाद तथा काराकाट के सांसद, औरंगाबाद के विधायक आनंद शंकर, प्रदेश कंाग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व विधान पार्षद अनुज सिंह, राजद प्रदेश महासचिव सुबोध कुमार सिंह सहित तमाम वरिष्ठ कांग्रेसी और राजद नेता मौजूद थे

# बदलो बिहार साझा मंच में गांधी जी के प्रपौत्र तुषार गांधी होंगे शामिल, तैयारी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी के आगमन की तैयारी को लेकर बदलो बिहार साझा मंच के सदस्यों का बैठक श्री साईं मैरेज हॉल मसौढ़ी में हुआ। 22 अगस्त को तुषार गांधी का आगमन व सभा कार्यक्रम मसौढ़ी के सौभाग्य उत्सव हाल में होगा। जिसकी पूरी तैयारी जोर-शोर के साथ चल रही है। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी के साथ गांधीवादी विचारक, किसान नेता एवं अन्य प्रगतिशील विचारधारा के राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय वक्ता भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में सुनील पूर्व विधायक मध्यप्रदेश एवं राष्ट्रीय नेता विजय प्रताप समाजवादी चिंतक दिल्ली, गुड्डी के एम यूसुफ मेहर अली संस्थान मुंबई, शुभमूर्ति पूर्व अध्यक्ष बिहार भूदान यज्ञ कमिटी बिहार उमर चंद मरांडी सामाजिक कार्यकर्ता जमशेदपुर के अलावा मसौढ़ी के विधायक रेखा देवी, फुलवारी शरीफ विधायक गोपाल रविदास, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी मसौढ़ी के पूर्व विधायक पुनम देवी शिरकत करेंगे। आगमन की तैयारी को लेकर मसौढ़ी, धनरुआ और पुनपुन में तोरणद्वार बनाए गए हैं। प्रचार प्रसार भी जोरों पर है। बदलो बिहार साझा मंच के द्वारा सत्ता से सवाल बदलो बिहार, मताधिकार बचाओ लोकतंत्र बचाओ, मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर बिहार में गरीबों के साथ खिलवाड़ की जा रही सवालों पर प्रहार होगा। बैठक में पूर्व मुख्य पार्षद पंकज कुमार, पूर्व प्रमुख रामाकांत रंजन किशोर, उमेश शर्मा, शिवपूजन सिंह, सोनेलाल यादव, सिपाही यादव, पालटन सिंह, शशिभूषण कुमार, सुरेन्द्र कुमार, टीपू सुल्तान, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## चोरी की बाइक के साथ एक धराया

**मसौढ़ी।** चोरी की बाइक के साथ एक युवक को मसौढी पुलिस ने दीघवां गांव से उसके घर से घेराबंदी कर बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम रिशु कुमार पिता दिनेश्वर प्रसाद यादव घर दिघवां बताया जाता है। दरअसल छापेमारी का नेतृत्व कर रहे मसौढी थाना के एसआई अरविंद कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली कि दीघवां गांव में रिशु कुमार के पास चोरी की बाइक है, बाइक का इंजन चेचिस नंबर सभी घिसा हुआ था।

# जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने घंटों किया विरोध-प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग को लेकर रविवार को सैकड़ो ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर घंटों विरोध प्रदर्शन किया है। दरअसल मामला मसौढ़ी प्रखंड के भैंसवां पंचायत के पकरी गांव के वार्ड नंबर 14 की है, जहां पर पिछले एक महीने से ट्रांसफार्मर जला हुआ है और इस ट्रांसफार्मर से तकरीबन 100 से अधिक उपभोक्ता है, जिसके कारण पूरा गांव एक महीने से अंधेरे के साये में है। घरों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। इससे अजीज होकर सड़कों पर उतरकर गांव के सभी ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया है। इसके अलावा चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही जले हुए ट्रांसफार्मर नहीं बदले गए तो हाईवे को भी जाम कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों में लालदेव बिंद, राजाराम बिंद, राकेश कुमार, प्यारे बिंद कलावती देवी, लक्ष्मीनिया देवी, बलवीर बिंद के अलावा जिला पार्षद प्रतिनिधि विजय यादव शामिल रहे। इस पूरे मामले में विद्युत कार्यपालक अभियंता पवन कुमार ने कहा की सूचना हमें मिली है हमने अपने अधीनस्थ पदाधिकारी को जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने को निर्देश दिया है जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# लूटकांड के अभियुक्तों के घर पर कादीरगंज पुलिस ने साटा इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** कादिरगंज पुलिस ने लूट कांड में संलिप्त दो अपराधियों के घर जहानाबाद जाकर इश्तेहार साट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। थानाध्यक्ष पुनम कुमारी ने बताया कि कादिरगंज थाना काण्ड संख्या 88/23 मे न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में लूट की घटना में संलिप्त वांछित 02 अभियुक्त केशव कुमार पिता सुधीर शर्मा, ग्राम दरियापुर तथा बिट्टू कुमार पिता विनोद यादव दोनों थाना घोसी, जिला जहानाबाद के घर पर विधिवत इश्तेहार चस्पा किया गया है। यह दोनों अभियुक्त इस पूरे दरअसल इस पूरे घटना के बारे में थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक पर सवार चार लुटेरों ने एक बाइक सवार से मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिए थे, जिसमें दो अभियुक्त की गिरफ्तारी हो चुकी है यह दो अपराधी फरार चल रहे हैं जिसके घर पर इश्तिहार साटा गया है।

# जमीन खा गया या आसमान, कहां है राजेंद्र पासवान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** जमीन खा गया या आसमान कहां है राजेंद्र पासवान, यह सवाल हर किसी के जेहन में कौंध रहा है।

दरअसल मामला धनरूआ थाना क्षेत्र के बीर पंचायत के जियाउद्दीन चक गांव की है जहां बीते 8 अगस्त की देर रात को राजेंद्र पासवान और उसके बेटे दीपक पासवान को दर्जन भर अपराधियों ने हथियार के बल पर घर से अगवा कर लिया था उसके अगले सुबह उसके बेटे दीपक पासवान का शव दरधा में रामनगर के पास फेंकी हुई

## पुलिस को अब तक नहीं मिला सुराग

बरामद की गई थी। उसके बाद कयास लगाया जा रहा था कि राजेंद्र प्रसाद की भी डेड बॉडी इसी नदी में होगी तबातोड़ एसडीआरएफ की टीम का खोजबीन चलते रहा लेकिन सफलता नहीं मिली। किस यह घटना पुलिस के लिए चुनौती बन गई है। बहरहाल एसएसपी कार्तिकेय शर्मा के निर्देश पर कई थानों की पुलिस की टीम गठित करते हुए ताबड़तोड़ विभिन्न गांव में संदेह के आधार पर छापेमारी की जा रही है। बावजूद अभी तक कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है, ऐसे में पूरे गांव में तनाव का माहौल है, पुलिस 24 घंटे गांव में कैंप कर रही है, हर किसी के जेहन में बस यही सवाल उठ रहा है की जमीन का गई या आसमान कहां गया राजेंद्र पासवान, न जिंदा मिलने की खबर है ना मरने की खबर है, ऐसे में परिजन बेसुध पड़े हुए हैं। राजेंद्र प्रसाद की पत्नी शीला देवी का रो-रो कर बुरा हाल है कोई तो लौटा दो मेरे पति को बस यही एक वाक्य बोल रही है...। लगातार दिन में कई बार पुलिस को फोन कर करके अपने पति के बारे में पूछ रही है। सिटी पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया की गठित टीम के द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है जल्द ही हम लोग मुकाम तक पहुंचेंगे तकनीकी सर्विलांस के आधार पर एक-एक कड़ी को जोड़ी जा रही है पूरे घटनाक्रम की बिंदुवार छानबीन की जा रही है। उसे घटना में निदेशक की पत्नी शीला देवी के बयान पर आठ लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है सभी फरार चल रहे हैं।

## एक नजर

### फसल मुआवजा के लिए खोला मोर्चा

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष शिवदयाल सिंह उर्फ नागा सिंह अपने पंचायत का जायजा लेते हुए हाल के दिनों में हुई मूसलाधार बारिश और बढ़ते नदी के जलस्तर के चलते वेल्लोर और राणा बीघा गांव के करीब सैकड़ो किसानों के धान का फसल पूरी तरह से जलमग्न हो जाने के बाद बर्बाद हो गया। जिसको लेकर किसानों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग करते हुए सरकार से इलाके का सर्वेक्षण करते हुए मुआबाजा की मांग की है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा है कि इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी से पहल करते हुए जिला अधिकारी को किसानों को मुआवजा दिलाया जाने की बात की गई है और जरूरत पड़ने पर किसानों के हक में वह प्रखंड और अनुमंडल कार्यालय तक आंदोलन करने को तैयार है।

### सम्पतचक नप को मिली नई सफाई मशीन



**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद सम्पतचक में स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए नई गाड़ियों और मशीनों को शामिल किया गया है. मुख्य पार्षद अमित कुमार एवं कार्यपालक पदाधिकारी जया ने संयुक्त रूप से हाल ही में खरीदे गए पांच ट्रैक्टर, दो सक्शन मशीन और एक मेकैनिकल स्वीपिंग मशीन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इसके बाद सभी वाहनों को नगर क्षेत्र में रवाना किया गया ताकि सफाई कार्य और प्रभावी ढंग से किया जा सके. नगर परिषद प्रशासन का कहना है कि इन अत्याधुनिक मशीनों की मदद से सम्पतचक इलाके में सड़कों और मोहल्लों की सफाई व्यवस्था और बेहतर होगी। मुख्य पार्षद ने आम लोगों से अपील की कि वे नगर परिषद के प्रयासों का साथ दें और क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में कई मरीजों का किया गया इलाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** अथमल गोला के कर्ज़ान में डॉ प्रियरंजन के नेतृत्व में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाढ़ विधानसभा के भावी प्रत्याशी एवं सुप्रसिद्ध चिकित्सक गोल्ड मेडलिस्ट डॉ प्रिय रंजन किशोर के कर कमलों द्वारा चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया गया। चिकित्सा शिविर में गठिया सायटिका, चर्म रोग, वात रोग, हृदय रोग स्त्री रोग सहित विभिन्न विभाग के दर्जनों विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा स्थानीय ग्रामीणों का निःशुल्क इलाज किया गया। शिविर में निःशुल्क जांच के साथ साथ निःशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया। मरीजों का इलाज करने वालों में मुख्य रूप से डॉ वरुण शरण सिंह, डॉ वीरेंद्र नाथ मौर्य, डॉ श्याम पांडेय, डॉ चंदन कुमार, डॉ नरेंद्र कुमार, डॉ मुकेश कुमार, डॉ अनुज कुमार शामिल थे। इसके अतिरिक्त सहायक चिकित्सक के रूप में कुमुद रंजन, रीना कुमारी, रिमी कुमारी, श्वेता, अर्चना, सिमरन सहित कई मेडिकल सहायक मौजूद रहे। इस शिविर से सैकड़ों की संख्या में गरीब तथा स्थानीय नागरिकों ने अपना इलाज कराया और मुफ्त दवाईयां प्राप्त की। डॉ प्रिय रंजन किशोर ने बताया कि कई जगहों पर इस तरह के शिविर का आयोजन कर उन मरीजों का इलाज किया जा रहा है जो पैसे की कमी की वजह से अपना इलाज दूर जाकर नहीं करा सकते। कई मरीजों को पता नहीं होता है कि उनकी बीमारी क्या है और कहां अपना इलाज कराएं वैसे मरीजों के लिए शिविर लाभप्रद सिद्ध हो रहा है।

# नशा मुक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ओबरा थाना परिसर में झंडोत्तोलन से पूर्व संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने की। इस दौरान लोगों को नशा मुक्ति और स्वच्छता के प्रति सजग रहने का संकल्प दिलाया गया। बीडीओ मोहम्मद यूनुस सलीम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता से ही समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा और लोग स्वस्थ एवं निरोग रह सकेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार ने सात निश्चय योजना के तहत घर-घर शौचालय निर्माण कराया है, ताकि लोग खुले में शौच से मुक्त होकर स्वच्छ जीवन जी सकें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वयं भी स्वच्छ रहें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने नशा मुक्ति अभियान की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे की लत समाज और परिवार दोनों के लिए विनाशकारी है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को नशीली दवाओं और पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ल्हहम सभी का संकल्प होना चाहिए कि समाज को नशा मुक्त बनाएंगे और नशे की चपेट में आए लोगों को उपचार और पुनर्वास की दिशा में सहयोग देंगे। कार्यक्रम में सीओ हरिहरनाथ पाठक, डॉ. अरविंद कुमार, राजदेव सिंह, मिथलेश कुमार समेत थाना के सभी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर नशा मुक्ति और स्वच्छता के लिए समाज में जागरूकता फैलाने का वचन लिया।

# जन्माष्टमी के मौके पर कृष्ण भक्ति में डूबा मसौढी, निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के मौके पर पूरे देश में धूम मची है। इस मौके पर मसौढ़ी शहर में रविवार को शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मौके पर मसौढी विधायक रेखा देवी राधे कृष्ण बने हुए कलाकारों को पूजा अर्चना करके आरती उतारी उसके बाद ठाकुरवाडी मंदिर परिसर से शोभा यात्रा की शुरुआत की गई। शुरुआत से पहले खास बातचीत करते हुए राधा कृष्ण ने कहा कि दुनिया में प्रेम से बढ़कर कुछ और नहीं है, इंसानियत तभी जिंदा है जब आपस में प्रेम रहेगी, प्रेम से ही एक दूसरे के साथ मिलजुल कर जीवन का निर्वहन करना चाहिए। गौरतलब है की शोभायात्रा बड़ी ठाकुरबाड़ी मंदिर से सबजी मंडी,रजिस्ट्री ऑफिस, मेन रोड चौराहा होते हुए पूरे शहर में घुमाया गया। इस दौरान ठाकुर जी की पालकी और राधा कृष्ण को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़कों किनारे खड़े रहे। शोभा यात्रा में ढोलक की थाप के बीच राधे-राधे श्याम मिला दे. श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी भजन गाकर माहौल को भक्ति में बनाया गया और इस शोभायात्रा में काफी संख्या में भक्तों की भीड़ जुटी रही। शोभा यात्रा में हाथी घोड़ा ऊंट समेत पालकी रथ के साथ भगवान श्री कृष्ण का सौंदर्य का आकर्षण की छठा बिखेरती दिखी। भारी संख्या में सड़कों पर कृष्ण भक्तों की भीड़ उमडी रही। विधायक रेखा देवी ने कहा कि आज के मौके पर हम मसौढी विधानसभा के सभी जनता से अनुरोध करेंगे कि भगवान श्री कृष्ण ने जो कह गए एक-एक सार को अपने जीवन में उतारीये। प्रेम से मिलजुल कर ही रहिए मौके पर थानाध्यक्ष अनिल कुमार के साथ पूरी पुलिस की टीम चप्पे चप्पे पर मौजूद रहे । बिट्टू कुमार, संजीव कुमार,डॉ मंगल,राकेश पंडित, चंदन कुमार, किरी यादव,पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष नूतन पासवान, समेत कई समाजीक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जन्माष्टमी महोत्सव में बाल झांकियों ने बांधा समां, श्रद्धा और भक्ति में डूबे लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**ओबरा।** ओबरा प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में जन्माष्टमी महोत्सव बुधवार को बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में भव्य सजावट की गई और बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत झांकियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। ओबरा मुख्यालय स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर, ठाकुरबाड़ी और स्व. मोतीलाल जायसवाल के ठाकुरबाड़ी पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित मुख्य समारोह का उद्घाटन राजद नेता विनय प्रसाद, पूर्व जिला पार्षद नीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि गोबिंद अग्रवाल, पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार और निदेशक अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पूर्व जिला पार्षद नीता देवी ने उपस्थित लोगों को बधाई देते हुए कहा कि जन्माष्टमी का पर्व साहस, ज्ञान और भक्ति का संदेश देता है। यह त्यौहार प्रेम, करुणा और मार्मिकता के महत्व को भी दर्शाता है। वहीं, राजद नेता विनय प्रसाद और पूर्व मुखिया शंभू प्रसाद ने कहा कि भगवान कृष्ण का जन्म अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है और हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित कमल किशोर पांडेय और संचालन प्रधानाध्यापक दामोदर उपाध्याय ने किया। बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने भक्ति गीतों और झांकियों की अद्भुत प्रस्तुतियां दीं। द सनराइज एकेडमी और माय प्लानेट प्ले स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत-संगीत और नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकार अजय पांडेय, सोहराई कुमार और पंडित कमल किशोर पांडेय के भजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। महिलाओं ने भी भक्ति गीत प्रस्तुत कर जन्मोत्सव की शोभा बढ़ाई। इस दौरान मंच पर मौजूद अतिथियों का स्वागत आयोजक आनंद किशोर पांडेय ने अंगवस्त्र और माला पहनाकर किया। समारोह में दीपक कुमार, कमल गुप्ता, रामजी प्रसाद गुप्ता, रामस्वरूप जायसवाल, अभय रंजन पांडेय, गोलू पांडेय और दयानंद पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में जन्माष्टमी के पर्व पर उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# एशिया कप के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम का ऐलान

## बाबर आजम-रिजवान को टीम में जगह नहीं, सलमान आगा करेंगे कप्तानी

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एशिया कप 2025 और उससे पहले खेले जाने वाले श्व ट्राई-सीरीज के लिए 17 मेंबर्स टी-20 स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। इस टीम में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को शामिल नहीं किया गया है। टीम की कप्तानी ऑलराउंडर सलमान आगा को सौंपी गई है। एशिया कप 9 सितंबर से शुरू होकर 28 सितंबर तक यूएई में खेला जाएगा। ट्राई-सीरीज में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और यूएई हिस्सा लेंगे।

**बाबर ने पिछले साल दिसंबर में आखिरी बार खेला था टी-20 मैच -** बाबर आजम ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में टी-20 इंटरनेशनल मैच खेला था। इसके बाद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2025 में उन्होंने कुछ अच्छी पारियां खेलीं, जिसमें 56 रन नॉटआउट, 53 रन नाबाद और 94 रन की इनिंग शामिल है।हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में उनके स्कोर 47, 0 और 9 रहे। दूसरी ओर, रिजवान को भी हाल की टी-20 इंटरनेशनल सीरीज (बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू और वेस्टइंडीज में) में शामिल नहीं किया गया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में उन्होंने पहले मैच में 53 रन बनाए, लेकिन अगले दो मैचों में 16 और 0 रन ही बना सके।

**फखर जमान की वापसी -** वहीं, फखर जमान फिट होकर वापसी कर चुके हैं। उन्हें वेस्टइंडीज दौरे पर हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी, लेकिन अब उन्हें एशिया कप और ट्राई-सीरीज दोनों के लिए टीम में शामिल किया गया है।

**भारत-पाक एक ही ग्रुप में -** भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्गकॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा।



भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टॉप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला भी हो सकता है।

### पिछला एशिया कप पाकिस्तान ने होस्ट किया था

एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी। हालांकि, भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था, तब यह हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था। भारत के सभी मैच श्रीलंका में हुए थे। भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 का खिताब जीता था।

### भारत ने 8 बार जीता एशिया कप

एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।

# वर्ल्ड नंबर-1 सिनर सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में

- फ्रेंच क्वालिफायर एटमेन को दो सेट में हराया, खिताबी मुकाबले में अल्काराज से होगा सामना



**पेरिस (एजेंसी)।** वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने अपने 24वें जन्मदिन पर सिनसिनाटी ओपन में शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने सेमीफाइनल में फ्रेंच क्वालिफायर टेरेंस एटमेन को 7-6, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब फाइनल में सिनर का मुकाबला स्पेनिश स्टार कार्लोस अल्काराज से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 6-3 से मात दी। सिनर और अल्काराज के बीच अब तक 13 मैच खेले जा चुके हैं। इसमें अल्काराज ने 8 बार जीत दर्ज की है जबकि सिनर ने 5 में बाजी मारी है।

### एटमेन ने फिट्ज-रूने को हराया था

सिनर ने पूरे मैच में बेहतरीन सर्विस की और पहले सेट में एक भी ब्रेक प्वॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। दूसरी ओर, एटमेन का यह टूर्नामेंट किसी सपने जैसा रहा, जहां उन्होंने टेलर फिट्ज और होल्गर रूने जैसे खिलाड़ियों को हराकर सबको चौंकाया। मैच से पहले एटमेन ने सिनर को जन्मदिन पर एक पिकाचु वाला पोकेमॉन कार्ड गिफ्ट किया।

### सिनर ने अल्काराज को हराकर विम्बलडन जीता था

सिनर ने पिछले महीने विम्बलडन के मेंस सिंगल्स में अल्काराज को हराकर खिताब जीता था। वे विम्बलडन चैंपियनशिप का मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बने थे। इस जीत के साथ सिनर ने अल्काराज से 5 हफ्ते पुराना हिसाब भी चुकता कर लिया था। 8 जून 2025 को अल्काराज ने सिनर को हराकर फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था।

### स्वियातेक से भिड़ेंगी रायबाकिना

विमेंस कैटेगरी में एलेना रायबाकिना ने आर्यना सबालेंका को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। उन्होंने सबालेंका को 6-1, 6-4 से हराया। रायबाकिना का सामना इगा स्वियातेक से होगा।

# सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास किया

## एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगे, 19 अगस्त को टीम सिलेक्शन में होंगे शामिल

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। अब वे 9 सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे। मीडिया के मुताबिक, 34 साल के सूर्यकुमार 19 अगस्त को मुंबई में चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के साथ मिलकर 15 सदस्यों वाली भारतीय टीम का सिलेक्शन करेंगे।

**स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी के बाद वापसी -** सूर्यकुमार यादव ने जून 2025 में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया (लोअर-राइट एब्डॉमेन) की सर्जरी करवाई थी। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन खत्म होने के बाद वे विशेषज्ञ से सलाह लेने के लिए यूनाइटेड किंगडम भी गए थे।

उन्होंने सर्जरी के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा था- लाइफ अपडेट, निचले-दाएं पेट में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई। सर्जरी सुचारू रही और मैं रिकवरी की राह पर हूं। जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद है।



### आईपीएल 2025 में दूसरे टॉप रन स्कोरर

सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सीजन में 717 रन बनाए और मुंबई इंडियंस के लिए एक सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे बल्लेबाज बने। पूरे टूर्नामेंट में वे दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, केवल गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (759 रन) उनसे आगे रहे।

### भारत का पहला मैच यूएई से

भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी।

# जसप्रीत बुमराह ने एशिया कप के लिए उपलब्ध बताया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप से पहले भारतीय तेज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह ने कथित तौर पर खुद को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए चयन के लिए उपलब्ध बताया है। एक रिपोर्ट के अनुसार 31 वर्षीय तेज गेंदबाज़ ने अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति को सूचित किया है कि वह पूरी तरह से फिट हैं और अगले महीने यूएई में होने वाले टी20 टूर्नामेंट में खेलने के लिए उत्सुक हैं। चयनकर्ताओं के मंगलवार 19 अगस्त को मुंबई में टीम की घोषणा करने के लिए बैठक करने की उम्मीद है। एक सूत्र के हवाले से कहा गया है, बुमराह ने चयनकर्ताओं को सूचित किया है कि वह एशिया कप चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। चयन समिति अगले हफ्ते बैठक करके इस पर चर्चा करेगी। बुमराह पिछले साल हुए टी20 विश्व कप के बाद से भारत के लिए सीमित ओवरों की क्रिकेट में नहीं खेले हैं, जहां उन्होंने रोहित शर्मा की टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। ब्रिजटाउन, बारबाडोस में हुए फाइनल में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 18 रन देकर 2 विकेट लिए और भारत को नाटकीय जीत दिलाई। हाल ही में बुमराह को ओवल में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के निर्णायक 5वें मैच के लिए टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया था, क्योंकि टीम प्रबंधन ने उनके कार्यभार को नियंत्रित करने का फैसला किया था। इस सीनियर पेसर ने पहले चार टेस्ट मैचों में से तीन खेले, जिसमें दो बार 5 विकेट लिए और पूरी श्रृंखला में कुल 119.4 ओवर गेंदबाजी की।



# आईसीसी ने बॉब सिम्पसन के निधन पर शोक व्यक्त किया

- अध्यक्ष जय शाह ने उनके योगदान को किया याद

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिम्पसन के निधन पर शोक व्यक्त किया और 1990 के दशक में टीम के विश्व क्रिकेट में शिखर तक पहुंचने के दौरान एक खिलाड़ी, कप्तान और कोच के रूप में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक सिम्पसन का शनिवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे।

आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने एक बयान में सिम्पसन के योगदान की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें लंबे समय तक याद रखा जाएगा। शाह ने बयान में कहा, 'बॉब सिम्पसन खेल के महान खिलाड़ियों में से एक थे और उनके निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। उनकी विरासत बहुत बड़ी है। एक खिलाड़ी, कप्तान और बाद में एक कोच के रूप में उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को आकार दिया और वैश्विक खेल को प्रेरित किया।

## श्रीलंकाई क्रिकेटर सलिया समन पर लगा 5 साल का प्रतिबंध, भ्रष्टाचार के आरोप

**दुबई (एजेंसी)।** श्रीलंका के पूर्व घरेलू क्रिकेटर सलिया समन को आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधक न्यायाधिकरण ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद 5 साल के लिए सभी प्रकार के क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया है। समन उन 8 लोगों में शामिल हैं जिन पर सितंबर 2023 में संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। ये आरोप 2021 अबू धाबी टी10 क्रिकेट लीग और उस टूर्नामेंट में मैचों को भ्रष्ट करने के प्रयासों से संबंधित हैं, जिन्हें आईसीसी, ईसीबी की टूर्नामेंट संहिता के प्रयोजनों के लिए नामित भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी द्वारा बाधित किया गया था। पूरी सुनवाई और लिखित व मौखिक दलीलों के बाद न्यायाधिकरण ने समन को अनुच्छेद 2.1.1 के तहत अबू धाबी टी10 2021 में मैचों या मैचों के पहलुओं को फिक्स करने, षड्यंत्र रचने या अनुचित तरीके से प्रभावित करने के प्रयास में शामिल होने का दोषी पाया। अनुच्छेद 2.1.3 किसी अन्य प्रतिभागी को संहिता के तहत भ्रष्ट आचरण में शामिल होने के बदले में इनाम की पेशकश करना है। अनुच्छेद 2.1.4 किसी भी प्रतिभागी को संहिता के अनुच्छेद 2.1 का उल्लंघन करने के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उकसाना, प्रेरित करना, फुसलाना, निर्देश देना, राजी करना, प्रोत्साहित करना या जानबूझकर सुविधा प्रदान करना है।



### उसने 'कुत्ते का मांस खाया हैं'

## इरफान पठान ने शाहिद अफरीदी को ऐसे करवाया था चुप

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने 2006 के पाकिस्तान दौरे के दौरान एक उड़ान में दिलचस्प घटना का जिक्र किया जिसमें उन्होंने शाहिद अफरीदी को हक्का-बक्का कर दिया था। पठान की अफरीदी के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा थी। 2006 में कराची में उनकी हैट्रिक या 2007 के टी20 विश्व कप के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ उनके मैन ऑफ द मैच प्रदर्शन को कोई नहीं भूल सकता।



पठान ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, 2006 के दौरे के दौरान हम कराची से लाहौर जा रहे थे। दोनों टीमें एक साथ यात्रा कर रही थीं। अफरीदी आए और मेरे सिर पर हाथ रखकर मेरे बाल बिगाड़ दिए। उन्होंने मुझसे पूछा, 'कैसे हो बच्चे?' पठान ने कहा, मैंने सोचा कि तुम कब से मेरे बाप हो गए। वह बच्चों जैसा व्यवहार कर रहे थे। मैं न तो उनसे बात कर रहा था और न ही कुछ कह रहा था। इसके बाद अफरीदी ने मुझे कुछ भला-बुरा कहा। उनकी सीट मेरे पास ही थी। पठान ने अफरीदी को चुप करवाने के लिए उन्हीं के लहजे में बात की। उन्होंने कहा, उस समय पाकिस्तान के ऑलराउंडर अब्दुल रज्जाक मेरे साथ बैठे थे। मैंने उनसे पूछा कि यहां किस तरह का मांस मिलता है। उन्होंने मुझे बताया कि अलग-अलग जानवरों का मांस मिलता है। इसके बाद मैंने पूछा कि क्या कुत्ते का मांस मिलता है। मेरी बात सुनकर रज्जाक हैरान रह गए और बोला, अरे इरफान, तुम ऐसा क्यों कह रहे हो? पठान ने फिर कहा, उसने (अफरीदी) कुत्ते का मांस खाया है, वह इतनी देर से भौंक रहा है।

# इंडिया-ए टीम तीसरा विमेंस वनडे हारी

## ऑस्ट्रेलिया-ए ने 2 विकेट से हराया, सीरीज पर भारत का 2-1 से कब्जा




ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई इंडिया-ए विमेंस टीम को तीसरे वनडे में हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 9 विकेट से जीत लिया। हालांकि, भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की। भारत ने पहला वनडे 3 विकेट से और दूसरा 2 विकेट से जीता था।

रविवार को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम 47.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 216 रन बना सकी। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 27.5 ओवर में एक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलिसा हीली ने नाबाद शतक (137 रन) और ताहलिया विल्सन ने अर्धशतक (59 रन) बनाया।

**अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़ा स्कोर नहीं बना सकी भारतीय टीम -** भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा और नंदिनी कश्यप ने पहले विकेट के लिए 86 रन की मजबूत साझेदारी की। हालांकि, 88 और 89 के स्कोर पर नंदिनी कश्यप और तेजल हसब्निस के विकेट जल्दी गिरने से भारत को झटका लगा। इसके बाद यस्तिका भाटिया ने 54 गेंदों में 42 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन टीम 47.4 ओवर में 216 रन पर सिमट गई।

**ऑस्ट्रेलिया की ओर से ताहलिया मैकग्राथ का शानदार प्रदर्शन -** ऑस्ट्रेलिया की ओर से ताहलिया मैकग्राथ ने 8 ओवर में 40 रन देकर 3 विकेट लिए। एला हेवर्ड ने 10 ओवर में 43 रन देकर 2 विकेट, सियाना जिंजर ने 8.4 ओवर में 50 रन देकर 2 विकेट और अनिका लियरॉयड ने 3 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

**ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी- एलिसा हीली की धमाकेदार पारी -** 217 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को एलिसा हीली और ताहलिया विल्सन ने 137 रन की शानदार ओपनिंग साझेदारी दी। हीली ने 85 गेंदों में नाबाद 137 रन बनाए, जबकि विल्सन ने 59 रन का योगदान दिया। राहेल ट्रेनमैन ने 31 गेंदों में 21 रन बनाए। भारत की ओर से राधा यादव को एकमात्र विकेट मिला, जिन्होंने ताहलिया विल्सन को आउट किया।

# जर्मन पुरुष टीम ने हॉकी विश्व कप 2026 के लिए किया क्वालीफाई

**लुसाने (स्विट्ज़रलैंड) (एजेंसी)।** जर्मनी ने यूरो हॉकी चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में पहुंचने के साथ ही आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। फाइनल में जर्मनी का सामना नीदरलैंड्स से होगा, लेकिन मेजबान होने के नाते, नीदरलैंड्स ने आगामी विश्व कप में अपनी जगह पहले ही पक्की कर ली है, जिससे जर्मनी को यूरोप से हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के लिए सीधे क्वालीफाई स्थान मिल जाएगा।

जर्मनी ने अपने यूरो हॉकी अभियान की शुरुआत, अपने घरेलू मैदान, मोंचेंग्लाडबाक में, पूल बी में फ्रांस के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले से की। फ्रांस मैच के अंतिम दस मिनट तक दो गोल की बढ़त बनाए हुए था, लेकिन जस्टस वीगैंड के दो और गोंजालो पेइलाट के एक गोल की बदौलत मेजबान टीम ने वापसी की और पूरे तीन अंक हासिल कर लिए। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ 1-1 से कड़ा मुकाबला ड्रॉ रहा, जिससे जर्मनी पूल बी में मजबूत स्थिति में आ गया।

पोलैंड के खिलाफ अपने आखिरी पूल मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए, जिसे उन्होंने 10-0 से जीता, होनामास ने पूल में दूसरे स्थान पर रहे फ्रांस से आगे रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी का मुकाबला स्पेन से हुआ। लगभग एक महीने पहले स्पेन ने बर्लिन में सीजन के आखिरी दो मैचों में होनामास को जीत से वंचित करके एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के अंत में जर्मनी को पछाड़कर विश्व कप क्वालीफिकेशन में जगह बनाई थी। हालांकि इस बार जर्मनी ने रेड स्टिक्स पर बाजी पलट दी।




होनामास पूरे मैच में बढ़त बनाए रहे और पहले क्वार्टर में दो गोल दागे। हालांकि दूसरे क्वार्टर में उन्होंने एक गोल गंवाया - जिससे हाफ-टाइम तक स्कोर 2-1 हो गया - उन्होंने आखिरी क्वार्टर में स्कोरशीट पर तीसरा और चौथा गोल भी जोड़ दिया, जिससे स्पेन को वापसी का कोई मौका नहीं मिला।

एफआईएच के प्रमुख आयोजन के लिए जर्मनी के क्वालीफिकेशन पर टिप्पणी करते हुए जस्टस वीगैंड ने कहा, 'विश्व कप के लिए क्वालीफाई करके निश्चित रूप से बहुत खुशी हुई। स्पेन के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैच के बाद हम थोड़े निराश थे। आज रात अपने घरेलू दर्शकों के सामने, यह मैच जीतना और विश्व कप और यूरो हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल, दोनों के लिए क्वालीफाई करना एक विशेष एहसास है। उम्मीद है कि हम नीदरलैंड के खिलाफ फाइनल जीतेंगे।

जर्मनी एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 के लिए क्वालीफाई करने वाली छठी पुरुष टीम बन गई है। इस आयोजन के मेजबान होने के कारण, बेल्जियम और नीदरलैंड को सीधे क्वालीफिकेशन प्राप्त हुआ। ऑस्ट्रेलिया और स्पेन ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पिछले दो संस्करणों के माध्यम से क्वालीफाई किया था। अर्जेंटीना ने हाल ही में पैन अमेरिकन कप जीतकर अपनी क्वालीफिकेशन पक्की की। आने वाले महीनों में एशिया, अफ्रीका और ओसनिया में होने वाली महाद्वीपीय चैंपियनशिप इस आयोजन के लिए तीन और सीधे क्वालीफायर तय करेंगी, जबकि शेष सात टीमें 2026 में एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के माध्यम से क्वालीफाई करेंगी।

# नौटंकी यात्रा निकाल रहे महागठबंधन के नेता : अजय आलोक

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान से आम आदमी या मतदाता को नहीं है कोई दिक्कत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार में महागठबंधन की आज से शुरू हुई वोटर अधिकार यात्रा के बीच औरंगाबाद पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री आलोक ने कहा कि ये लोग आगामी विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की अवश्यंभावी हार पर पर्दा डालने के लिए नौटंकी यात्रा निकाल रहे हैं। श्री आलोक ने कहा कि देश के दोनों परिवारवादी पार्टी के नेता संविधान को पॉकेट में रखकर उसकी धज्जियां उड़ाने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी को स्पष्ट करना चाहिए कि वह किसके वोटर अधिकार की बात कर रहे हैं। क्या वह फर्जी, मृत, घुसपैठिये और एक-एक व्यक्ति जो चार-चार मतदाता परिचय पत्र रखे हुए हैं उन्हें वोटर अधिकार दिलाने की बात कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान से आम आदमी या मतदाता को कोई दिक्कत नहीं है लेकिन परिवारवादी पार्टी के लोग इसके बहाने जनता को भ्रमित करना चाहते हैं। श्री आलोक ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को 225 सीटें मिलेंगी और महागठबंधन को 2010 के चुनाव से भी शर्मनाक हार का सामना करना पड़ेगा। हमारा संकल्प है कि वर्ष 2032 तक बिहार को हम विकसित राज्य बनाकर रहेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक हमें भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाना है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि औरंगाबाद और बिहार के लिए गर्व की बात है कि यहां भारत का दूसरा सबसे बड़ा प्लांट एनटीपीसी 30 हजार करोड़ की लागत से बन रहा है। पटना-औरंगाबाद रोड आज टू लेन है और फोरलेन के डीपीआर पर काम चल रहा है। जिले में 450 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज बनने जा रहा है। औरंगाबाद का औद्योगिक विकास यहां पर सबको दिखाई दे रहा है। ऐसे में इस यात्रा का कोई मतलब नहीं है और जितने जिलों से यह यात्रा निकलेगी, कांग्रेस और राजद का उतना ही बेडा गर्क होगा। क्योंकि सभी को उस भयावह स्थिति का पता है जब बिहार को कुछ नहीं मिला था। अजय आलोक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बिहार से विशेष लगाव है और वे आगामी 22 अगस्त को गयाजी आ रहे हैं। गयाजी की भूमि पिंडदान के लिए सबसे बड़ी जगह है। यहां पर अंबानी से लेकर हर कोई आते हैं। यहां जो कॉरिडोर बन रहा है उसे डेवलपेंट करने के लिए केन्द्र सरकार और राज्य सरकार लगभग 3000 करोड़ खर्च करने जा रही है जो पूरे विश्व को आकर्षित करेगा। प्रधानमंत्री के इस दौरे से बिहार को फिर बहुत कुछ मिलने की उम्मीद है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवशी, महामंत्री सतीश सिंह, पूर्व एमएलसी राजन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विस चुनाव में महागठबंधन की हार निश्चित : उपेन्द्र कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा क्षेत्र दौरा के दौरान औरंगाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान शहर के दानी बिगहा स्थित सर्किट हाऊस में मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए महागठबंधन के वोटर अधिकार यात्रा पर तंज कसा। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि एक तरफ चुनाव आयोग के बिहार में कराए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव वोटर अधिकार यात्रा निकल रहे है। इन सबके इन यात्राओं से अलग एनडीए अपनी धुन में दिख रही है। श्री कुशवाहा ने अपने बयान में कहा कि इंडिया गठबंधन ने इस बार गलत मुद्दा उठाया है। क्योंकि इंडिया गठबंधन की जमीन खिसक गई है और आने वाले विधानसभा चुनाव के हार को जनता के सामने पहुंचाने की तैयारी पहले ही की जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने राहुल गांधी से एफिडेविट कर आरोप की मांग की। लेकिन विपक्ष पीछे भाग रहा है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन जान चुकी है कि उनकी हार निश्चित है। ऐसे में हार के बाद एसआईआर को अपनी हार की वजह बताने में कोई दिक्कत नहीं हो। इसी कारण राहुल यात्रा पर निकल रहे हैं। बिना तथ्य के किसी भी मामलों को जनता के बीच मुद्दा बनाकर उन्हें बरगलाना महागठबंधन के सभी नेताओं की आदत बन चुकी है और इसी को लेकर कई बार उन्हें माफी भी मांगनी पड़ी है। हाल के दिनों में चिराग पासवान के दिए गए बयानों की चर्चा करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि उनके बयानों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। वही गठबंधन दल के सभी नेता की तैयारी पूरे 243 सीटों पर है क्योंकि हमें सरकार बनानी है।

# जदयू कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के बारून तथा नबीनगर स्थित जदयू कार्यालय में रविवार को बूथ स्तरीय एजेंटों की बैठक हुई। इस क्रम में कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं वोटर लिस्ट सुधार के लिए कोऑर्डिनेटर के द्वारा प्रकाश डाला गया। बैठक को संबोधित करते हुए औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि 24 नवंबर 2005 को बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनी तब से राज्य में कानून का राज करने के साथ राज्य में लगातार विकास के काम हो रहे हैं। पोशाक योजना, साइकिल योजना, पंचायतों में महिलाओं का आरक्षण, बड़े पैमाने पर शिक्षकों एवं पुलिस बल की बहाली, महिलाओं को सभी नौकरियों में 35% आरक्षण, जीविका का गठन, विद्यालय एवं विश्वविद्यालयों की संख्या में भारी मात्रा में बढ़ोतरी, चाणक्य विधि विश्वविद्यालय की स्थापना, 2007 में चंद्रगुप्त संस्थान की पटना में स्थापना, निफ्ट की स्थापना, आईआईएम की स्थापना, कब्रिस्तान की घेराबंदी आदि अनेकों कार्य किए गए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने की। मौके पर जदयू के जिला संगठन प्रभारी बिंदा चंद्रवंशी, जिला कोऑर्डिनेटर राजीव नयन, विधानसभा प्रभारी प्रोफ़ेसर अरुण कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महावीर कुशवाहा, सूर्यवंश सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, बारून के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव, अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर, राज्य परिषद सदस्य अनिल यादव, मीडिया प्रभारी केदार यादव, जिला सचिव कैसर अली, पूर्व उप प्रमुख प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, नबीनगर नगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, सरपंच संघ के अध्यक्ष राकेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# नहर से एक भाई का शव बरामद, दूसरे की खोज जारी

**अंबा (नबिटा संवाददाता)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के राजपुर गांव के समीप शनिवार की सुबह उत्तर कोयल नहर में डूबे दो सगे भाइयों में एक का शव घटनास्थल से लगभग चार किलोमीटर दूर कासिमपुर गांव के समीप से रविवार की सुबह बरामद कर लिया गया है। मृतक की पहचान नवीनगर प्रखंड क्षेत्र के सिमरी गांव निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा के 16 वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार के रूप में हुई है। कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि पोस्टमार्टम करने के पश्चात अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं मृतक के बड़े भाई प्रिंस कुमार की तलाश की जा रही है। शव को बरामद करने के लिए एनडीआरएफ की टीम लगातार सर्च अभियान चला रही है।







# तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**रफीगंज (नबिटा संवाददाता)।** कासमा थाना क्षेत्र के पाती गांव के तालाब में डूबने से सुजीत विश्कर्मा के 16 वर्षीय पुत्र शैलेश कुमार की मौत हो गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को तालाब से निकलवाया। शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। सूचना पाकर मुखिया प्रतिनिधि जैनुल अंसारी ने परिजनों से मिल सांत्वना देते हुए मदद का भरोसा दिया है। अंचलाधिकारी भारतेन्दु सिंह ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने पर मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा राशि दिया जाएगा।

# हत्या सहित अन्य मामलों में 25 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। कार्रवाई के फलस्वरूप विभिन्न कांडों के 25 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। हत्या में 4, शराब के शीर्ष कांडों में 11 एवं अन्य शीर्ष कांड में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 722 वाहनों की जांच की गई जिससे 13 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया है। 40 लीटर देसी एवं दो बाइक जब्त की गयी है। पुलिस अधीक्षक की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।







# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के धर्मशाला चौक और गंगटी तिवारी बिगहा सहित अन्य जगहों पर भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। घरों में नन्हें मुन्ने बच्चों को कान्हा के रूप में सजाया गया। इस अवसर पर भक्तों ने पूजा अर्चना की और श्रीकृष्ण का गुणगान किया। जीवन की सलामती के लिए मन्नतें मांगी। श्रद्धालुओं ने दिन भर उपवास रखने के बाद कन्हैया की आराधना की। भजन-कीर्तन, रासलीला व अन्य धार्मिक आयोजन से शहर में भक्तिमय माहौल बना। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा को लेकर शहर के छोटे-बड़े मंदिर दुल्हन की जगह सजाये गए थे। जगह-जगह धार्मिक आयोजनों में कलाकारों ने समां बांधा तो श्रोतागण भक्ति के सरोबार में डूबे रहे।

# प्रधानमंत्री की सभा में शामिल होने के लिए दिया जा रहा आमंत्रण

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 22 अगस्त को गया आयेंगे। इसकी जानकारी देने के लिये भारतीय जनता पार्टी औरंगाबाद जिला इकाई के द्वारा प्रचार रथ को रवाना किया गया। यह रथ सभी गांव में जाकर भारत सरकार एवं बिहार सरकार के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं की जानकारी लोगों को दी जाएगी। साथ ही 22 अगस्त का आमंत्रण पत्र देकर सभी मतदाताओं से आग्रह किया जाएगा कि आप प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुनने के लिए गया जी पहुंचे। पहली बार देश का कोई ऐसा प्रधानमंत्री हुआ है जो प्रधान सेवक के रूप में बिहार की धरती पर 55वीं बार आ रहे हैं। उनके उद्बोधन को सुनने के लिए औरंगाबाद से हजारों कार्यकर्ता 22 अगस्त को मगध विश्वविद्यालय बोधगया के परिसर में पहुंचेंगे। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व विधान पार्षद राजन सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल शरण सिंह, जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, क्षेत्रीय प्रभारी आशुतोष कुमार, जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, उमेश कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता उज्जवल कुमार आदि उपस्थित रहे।

